

# आगम मनीषी
# श्री तिलोकचंद जैन द्वारा संपादित
# जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तर
# भाग ० ६

# औपपातिक सूत्र : परिचय

## प्रश्न–१ : इस सूत्र का परिचय किस प्रकार है ?

**उत्तर–** स्थानकवासी जैनों द्वारा मान्य आगमों का विभाजन चार भागों में विभक्त किया गया है–अ गशास्त्र, उपा गशास्त्र, छेदशास्त्र एव मूल शास्त्र। जिसमें यह प्रस्तुत आगम उपा गशास्त्र विभाग के १२ सूत्रों में से प्रथम सूत्र है । १२ शास्त्रों के उपा ग सूत्र होने में अनेक प्रकार से स्पष्टीकरण किया जाता है। तथापि इस द्वितीय विभाजन के शास्त्रों में अ तिम शास्त्र का नाम उपा गसूत्र है। ऐसा उपा ग सूत्र जिस विभाजित आगमों के अ त में है, उस कारण से उस विभाग के सभी आगम उपा ग सूत्र स ज्ञक कहलाये गये हक्त। प्रसिद्ध में जो निरयावलिकादि पाँच सूत्र है उसके प्रार भ के मूलपाठ में ही उस शास्त्र का नाम उपा गसूत्र कहा गया है और निरयावलिकादि पाँच विभाग उस शास्त्र के अ तर्गत के पाँच वर्गहक्त। पर तु किसी समय किसी के मतिभ्रम से पाँच वर्ग ही पाँच सूत्र रूप में प्रचलित हो गये हक्त। जिन्हें अनुगामी–गतानुगतिक श्रद्धा से समस्त श्वेताम्बर जैन लोग पाँच आगम बिना तर्क के मान्य करते आये हक्त। ३२ या ४५ स ख्या की आगम गिनती में भी उसे एक शास्त्र को पाँच शास्त्र गिनते आये हक्त। हकीकत में आगम प्रमाण से वह एक ही शास्त्र है, आगम प्रमाण को मान्य करने वाले विद्वान जिसे किसी भी शर्त से नकार नहीं सकते।

इस प्रकार प्रस्तुत आगम, प्रचलित पर परा के बारह उपा ग सूत्रों में अपनी विशिष्टता से प्रथम स्थान पाया हुआ है। इस सूत्र के रचना-काल की एव रचनाकार की जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अतः इसे आगम लेखन के समय देवर्द्धिगणि आदि स्थविर भगव तों की रचना स्वीकार करना ही श्रेष्ठ मार्ग है। क्यों कि देववाचक श्री देवर्द्धिगणि द्वारा रचित श्री न दीसूत्र की आगम सूचि में अ ग बाह्य, उत्कालिक सूत्रों में इस आगम का निर्देश प्राप्त होता है, अतः समस्त श्वेताम्बर जैनों को यह स्वीकार्य शास्त्र है ।





इस सूत्र पर प्राचीन स स्कृत टीका व्याख्या नवा गी टीकाकार आचार्य श्री अभयदेव सूरि की है। अर्वाचीन स स्कृत टीका आचार्य श्री घासीलालजी म.सा. की है। हिंदी गुजराती आदि जनभाषा में अर्थ एव विवेचन अनेक स्थानों से प्रकाशित हुए हक्त। आगमों के सारा श प्रावधानों के ३२ भागों में इस शास्त्र का सारा श तेवीसवें पुष्प में दिया गया है । जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तर के प्रस्तुत प्रावधान में यह आगम छट्ठे भाग के अ तर्गत पाठकों के कर कमलों में उपस्थित किया जा रहा है ।

यह शास्त्र मौलिक रूप से १२०० श्लोक प्रमाण स्वीकारा गया है । जो मुख्य दो विभागों में विभक्त है– (१) समवसरण (२) उपपात । दूसरे **उपपात** विभाग की मुख्यता से ही इस शास्त्र का नामकरण **'औपपातिक सूत्र'** किया गया है ।

## प्रश्न–२ : उपा गसूत्र कौन कौन से हक्त और उनका न दीसूत्र में क्या स्थान हक्त ?

**उत्तर–** प्रसिद्ध १२ उपा ग सूत्र इस प्रकार है– (१) औपपातिक सूत्र (२) राजप्रश्नीय सूत्र (३) जीवाभिगम सूत्र (४) प्रज्ञापना सूत्र (५) जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्र (६) चन्द्रप्रज्ञप्ति सूत्र (७) सूर्यप्रज्ञप्ति सूत्र (८ से १२) निरयावलिका आदि पाँच सूत्र अर्थात् उपा ग सूत्र ।

न दीसूत्र की आगम सूचि के अ गबाह्य **कालिक** आगम सूत्रों में ज बूद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्र तथा च द्रप्रज्ञप्ति सूत्र का नाम है। शेष १० उपा ग सूत्रों का निर्देश वहाँ उत्कालिक सूत्रों की सूचि में प्राप्त होता है ।अतः स्पष्ट होता है कि वे सभी उपा ग आगम प्राचीन काल से हैक्त। इन १२ में से केवल प्रज्ञापना सूत्र के रचनाकार का नाम श्यामाचार्य प्राप्त होता है । इस सूत्र की रचना आचार्य देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण के समय के कालकाचार्य के द्वारा हुई थी या करवाई गई थी, यह हकीकत है । किन्तु कुछ भी लिखित इतिहास नहीं मिलने से देवर्द्धिगणि के पूर्व हुए श्यामाचार्य से इस सूत्र की रचना का स ब ध स्थापित कर दिया गया है। वास्तव में शास्त्र लेखन के पहले एव दृष्टिवाद अ ग की मौजूदगी में ऐसे तत्त्व

शास्त्र की रचना का कोई कारण नहीं था। शेष उपा गसूत्र के रचनाकार का नाम अप्राप्त है। अतः यह स्वीकारना सहज योग्य होता है कि दृष्टिवाद को लेखन नहीं करने के निर्णय में ऐसे अनेक शास्त्रों का स कलन लेखन देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण आदि की देखरेख में हुआ है और वह सामुहिक आगम लेखन स कलन मात्र होने से उसमें किसी के नामकरण की आवश्यकता नहीं रही। इसलिये न दीसूत्र आदि अनेक आगमों के रचनाकार आज तक अज्ञात है। प्रज्ञापना सूत्र के रचनाकार का नाम भी बाद की प्रक्षिप्त गाथाओं में है किंतु मूल रचना की गाथाओं में नहीं है। अतः ये बिना नामकरण वाले सभी शास्त्र जो न दी सूत्र की सूचि में है वे एक पूर्वधरों की(देवर्द्धिगणि आदि की) उपस्थिति, स रक्षण में स कलित, स पादित, लिखित है। ऐसा श्रद्धा के साथ स्वीकारना उचित होता है।

**प्रश्न–३ : प्रस्तुत सूत्र का विषय स कलन किस प्रकार है ?**

**उत्तर–** इस औपपातिक सूत्र का विषय दो अध्याय के रूप में माना जाता है। प्रथम का नाम समवसरण है, दूसरे का नाम उपपात है। प्रथम अध्याय में नगरी, उद्यान, चैत्य, वृक्ष, राजा, भगवान महावीर का शरीर, उनकी शिष्य स पदा, परिषद में देव, मनुष्य एव नरेन्द्र का आगमन, मौलिक उपदेश, व्रत धारण, शिष्य सम्पदा, परिषद विसर्जन आदि वर्णन है। दूसरे अध्याय रूप विभाग में अस यत जीवों का, परिव्राजकों का एव कुश्रमणों का देवों में उत्पन्न होने का वर्णन है। सुश्रमणों एव सुश्रावकों का आचार, गुण एव आराधना का वर्णन है। अ त में आराधक सुव्रती जीवों की देवगति एव सिद्धगति, केवलि समुद्घात, सिद्ध स्वरूप एव उनके सुखों का वर्णन है।

**विशेषताएँ :–** इसमें एक ओर जहाँ सामाजिक, राजनैतिक, नागरिक चर्चा है तो दूसरी ओर धार्मिक, दार्शनिक, सा स्कृतिक तथ्यों का सु दर प्रतिपादन है। इस सूत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भगवती आदि अ ग आगमों में भी इस सूत्र को देखने का स केत किया है। इसका कारण यह है कि यहाँ अनेक विषयों का विस्तार से वर्णन है जिनका कि अन्य





सूत्रों में स क्षिप्त कथन है। इसमें श्रमण भगवान महावीर के समस्त अ गोपा गों का उपमायुक्त वर्णन है। समवसरण का भी सजीव चित्रण हुआ है। भगवान की उपदेश विधि भी यहाँ सुरक्षित है। तप का सु दर विश्लेषण भेद-प्रभेदों द्वारा किया गया है। इसमें वैदिक और श्रमण पर परा के परिव्राजकों, तापसों एव श्रमणों की आचारस हिता भी दी गई है। उसी बीच अ बड़ स न्यासी का रोचक वर्णन है। अ त मेंसिद्धावस्था का सा गोपा ग स्वरूप समझाया गया है।

# प्रथम विभाग : समवसरण

**प्रश्न–१ : प्रथम विभाग के नामकरण की सार्थकता क्या है और यहाँ नगरी आदि कितने ही विस्तृत वर्णन क्यों है ?**

**उत्तर–** किसी नगरी में तीर्थंकरादि का पधारना होता है उसे आगम भाषा में 'समवसृत होना' कहा जाता है, यथा– **सामी समोसढ़े, सामी समोसरिए।** भगवान के दर्शन व दन पर्युपासना करने के लिये मनुष्य देवादि के परिषद के रूप में एकत्रित होने को भी **समवसरण** कहा जाता है। इस प्रकार प्रार भिक वर्णन समवसरण रूप होने से इस विभाग का यह सार्थक नाम 'समवसरण' है।

प्रस्तुत शास्त्र के प्रथम विभाग में च पानगरी में भगवान के समवसृत होने(पधारने) के पहले एव साथ में नगरी, चैत्य, वन–उद्यान, वृक्ष, शिलापट्टक, अशोक वृक्ष आदि का तथा ऋद्धि सहित कोणिक राजा, धारिणी राणी, प्रवृत्ति निवेदक आदि का विस्तृत वर्णन है। राजा एव इन्द्र का तथा अन्य जन समूह के आगमन का विस्तृत वर्णन है।

जैन श्रमणों के लिये जैन आगमों में कोई भी दर्शनीय रोचक स्थल देखने जाने का इन्द्रिय पोषण की अपेक्षा निषेध है तथापि ज्ञान अनुभव के लिये साधकों को आगम से ही अनेक विषयों का ज्ञान परिज्ञान हो जाय, ऐसे ही हेतुओं से क्षेत्रीय, सामाजिक, राजकीय, सा स्कृतिक, जीवादि तत्त्व, सामुहिक यात्रा, स्त्री शरीर, पुरुष शरीर,

द्वीपसमुद्रों का क्षेत्रीय वर्णन, ज्योतिष म ड़ल स ब धी आकाशीय वर्णन, देवलोक, नरकलोक, स पूर्णलोक-अलोक का वर्णन आगमों में भरपूर रहा हुआ है।

इसी दृष्टिकोण से तथा आगम लेखन समय के विशिष्ट निर्णय से इस आगम के प्रार भ में समवसरण वर्णन के पूर्व नगरी, देवालय, बगीचे के अनेक वृक्ष, अशोक वृक्ष, शिला आदि का और भगवान के समवसृत होने का विस्तृत वर्णन रखा गया है। जिसमें यह भी हेतु रहा है कि फिर अन्य अ गशास्त्र या उपा गादि कोई भी शास्त्र में पुनः नगरी आदि का विस्तृत वर्णन लेखन नहीं करना पड़े और स क्षिप्त पाठ देकर अवशेष वर्णन को **जाव** आदि पदों से सूचित कर दिया जाय। अतः प्रत्येक **आगम** के अ दर आने वाले **नगरी आदि** के वर्णन को वहाँ विस्तृत नहीं किया गया है। इसी कारण आगम लेखन समय से ही इस शास्त्र का महत्त्व विशिष्ट हो गया हो, यथा- **जहा उववाइए**। जैसा औपपातिक सूत्र में विस्तृत वर्णन है वैसा यहाँ भी समझ लेना।

**प्रश्न-२ : चम्पानगरी में भगवान महावीर स्वामी का कितने स त सतियों के साथ पदार्पण हुआ था ?**

यहा के प्रार भिक विस्तृत वर्णन में यह दर्शाया गया है कि भगवान महावीर स्वामी एकदा च पानगरी के पूर्णभद्र देवालय के बगीचे में पधारे एव अशोकवृक्ष के नीचे पृथ्वी शिलापट्टक ऊपर विराजमान हुए। यहाँ भगवान के साथ १४००० श्रमण और ३६००० साध्वियों का कथन है वह मात्र स पदा का घोष पाठ समझना चाहिये। क्यों कि भगवान १४००० स तों को(सभी को) साथ में नहीं रखते है तथा साध्वियों का तो विहार में साथ में रहना जिनशासन में निषिद्ध ही माना गया है। अतः किसी भी तीर्थंकर के विचरण स ब धी वर्णन में साधु-साध्वियों का जो कथन शास्त्र में देखने को मिलता है उसे एका तिक अर्थ में नहीं समझ लेना कि भगवान की मौजूदगी में सभी साधु-साध्वी भगवान के साथ ही रहते। किंतु आवश्यक और उपयुक्त स ख्या में स त साथ में रहते। शेष अलग-अलग योग्यतानुसार अपने योग्य ग्रुपों में विचरण करते थे।





एव साध्वियों का विहार-विचरण अलग ही होता है एक साथ नहीं होता है। मात्र कथन शैली में स पूर्ण स पदा युक्त विचरण कहने की पद्धति होती है। दूसरी बात यह है १४-३६ हजार की उत्कृष्ट साधु-साध्वी स पदा भगवान की पूरे जीवन में किसी समय थी। प्रार भ के वर्षों में जघन्य मध्यम स ख्या भी रही होगी तो भी उस समय के प्रस ग कथन में भी एक घोष पाठ की समानता कायम रखते हुए कथन शैली अपनाई गई है।

**प्रश्न-३ : कोणिक राजा ने भगवान के प्रति भक्ति दर्शक कौन सा अनुष्ठान कर रखा था ?**

**उत्तर-** भगवान महावीर के विचरण स ब धी तथा दैनिक प्रवृत्ति स ब धी एव कुशलक्षेम स ब धी समाचार हमेशा नियमित प्राप्त होने की व्यवस्था कोणिक राजा ने कर रखी थी। इस व्यवस्था के सुचारु स चालन के लिये राजा ने अत्यधिक वेतन वाले एक पुरुष को नियुक्त किया था। जिसे शास्त्र में **प्रवृत्ति वादक** कहा गया है। इस नियुक्त पुरुष ने अन्य अनेक पुरुषों को, अनेक प्रकार की वृत्ति-वेतन से लगा रखा था। जो भगवान के दैनिक समाचार आगे से आगे देते रहते थे। जिस प्रकार आज-कल कूरियर वाले अथवा दैनिक समाचार पत्र वाले आगे से आगे अपने नियुक्त व्यक्तियों के माध्यम से आदान प्रदान करते हक ऊसी तरह राजा के उस नियुक्त व्यक्ति ने अनेक स देशवाहक नियुक्त कर रखे थे। इस प्रकार भगवान के दैनिक समाचार प्राप्त करने की व्यवस्था से कोणिक राजा की प्रगाढ़ भक्ति प्रकट होती है।

उपनगर में भगवान के पधारने की सूचना देने पर उस पुरुष को १ लाख ८ सुवर्णमुद्रा दी गई एव नगरी में आने की सूचना देने पर १२ लाख सुवर्ण मुद्रा दी। यह भी कोणिक की भगवान के प्रति भक्ति का प्रागटय करने वाला उदारता भरा आचरण है।

**प्रश्न-४ : भगवान की स पदा के श्रमणों के स सारी जीवन की स पदा, वैराग्य एव आध्यात्मिक स पदा का वर्णन किस प्रकार है ?**

**उत्तर-** भगवान महावीर के चौदह हजार अ तेवासी शिष्य थे, इनमें से कई राजा, महाराजा, म त्री, महाम त्री, सेठ, सार्थवाह, कुमार, राजकर्मचारी,

सुभट, योद्धा, सेनापति, अधिकारी, सेठ, इभ्य सेठ आदि उत्तम जाति कुल गुण वाले, राजा से भी गुणाधिक एव इच्छित भोगसामग्री से युक्त होते हुए भी जिन्होंने सा सारिक भोग स ब धी सुखों को किंपाक फल के समान दु:खदायी जानकर, जीवन को जल बुद-बुद के समान, ओस बिन्दु के समान, च चल, नाशवान जानकर प्राप्त सा सारिक ऋद्धि-स पदा, घर परिवार को त्याग कर, उपलब्ध स पत्ति का त्याग एव वितरण या दान करके स पूर्ण स पदा को मानो वस्त्र पर लगी रज के समान झाड़ कर, त्याग कर, मु ड़ित होकर, श्रमण भगवान महावीर स्वामी के समीप आत्मकल्याण साधना के लिए श्रमण दीक्षा अ गीकार की। उनमें से कईयों को दीक्षित हुए आधा महिना, एक महिना, दो, तीन, चार महिना हुआ था। कईयों को और अधिक महिने एव वर्ष हुए थे अर्थात् विभिन्न दीक्षा पर्याय वाले अनेकानेक श्रमण थे ।

कई श्रमण मति एव श्रुत यों दो-दो ज्ञान धारण करने वाले थे । कई अवधिज्ञानी, मन:पर्यव ज्ञानी एव कई केवलज्ञान-दर्शन के धारी, सर्वज्ञ-सर्वदर्शी थे । कई श्रमण मनोबल, कई कायबल, कई वचनबल के उत्कृष्ट धारक थे। कई खेलोषधि आदि लब्धिजन्य विशेषताओं के धारक थे। कई कोष्ठबुद्धि, बीजबुद्धि, पटबुद्धि, पदानुसारीबुद्धि के धनी थे। कई कानों के अलावा दूसरी इन्द्रियों से शब्दग्रहण करने में सक्षम थे और कई ऐसी अनेक विशेषताओं लब्धियों से युक्त थे। कई रत्नावली कनकावली, एकावली, लघुसि ह निष्क्रीड़ित, महासि ह निष्क्रीड़ित, भद्र प्रतिमा, महाभद्र प्रतिमा, सर्वतोभद्र प्रतिमा, आय बिल वर्धमान तप के धारक थे। कई ऋजुमति, विपुलमति मन:पर्यवज्ञान के धारक थे। कई आकाशगामिनि विद्या के या वैक्रिय लब्धि के धारक थे।

**प्रश्न–५ : च पानगरी में भगवान के पधारने पर इन्द्रों का, देव-देवियों का आगमन हुआ, क्या वैसा सभी बड़ी नगरियों में होता है ?**

**उत्तर–** कोई विशिष्ट प्रस ग से ही ६४ इन्द्रों सहित देव-देवियों का आगमन समवसरण में होता है। सदा या सभी बड़ी नगरियों में ऐसा होना कोई जरूरी नहीं होता है । सामान्य देव या सामानिक देव अकेलेएव परिवार ऋद्धि सहित कभी कभी कहीं आते रहते हों तो वह स भवित है।





**प्रश्न–६ : कोणिक राजा ने भगवान के पधारने पर नगरी में आर भ-समार भ और सजावट की प्रवृत्ति क्यों की थी ?**

**उत्तर–** कोणिक राजाने भगवान के लिये या भगवान के स्वागत के लिये ऐसा कुछ नहीं किया था। भगवान के पदार्पण के बाद तो नगरी में सफाई, सु दरता अपनी इज्जत शान के लिये रखना राजाओं का अपना निजी कर्तव्य हो जाता है। क्यों कि ऐसे प्रस ग पर अनेक देव-देवियों का अन्य राजाओं आदि का आवागमन भी नगरी में स भव रहता है । खुद को भी नगरी में से होकर ही भगवान की सेवा में पहुँचना होता है अत: अपने ही उद्देश्य प्रयोजन से कोणिक राजा ने नगरी में सफाई सजावट आदि कृत्य करवाये थे। इस वर्णन का आल बन लेकर आज स तों के आने के समय स्वागत रूप में आर भ समार भ या देखाव-आड़ बर किया जाना उचित नहीं माना जा सकता है।

**प्रश्न–७ : राजा और राणी भगवान के दर्शन के लिये साथ में ही जाते है ?**

**उत्तर–** वर्णन करने की पद्धति में पहले राजा का वर्णन पूर्ण कर फिर राणिओं का वर्णन किया जाता है। किंतु दोनों को जाना ही है और रथ वाहन तैयार करने का आदेश भी राजा के द्वारा प्रार भ में एक साथ दे दिया जाता है। अत: दोनों का साथ में जाने का समझना ही योग्य होता है। राजा इतनी बड़ी ऋद्धि ठाठ-बाठ से जाय और राणिया पीछे से अकेली जाय ऐसा उपयुक्त भी नहीं है।

दोनों ही ठाठ-बाठ से साथ में सपरिवार जाते हक्त। समवसरण में स्त्री परिषद की अलग व्यवस्था होती है। वहाँ पर राणियाँ नहीं बैठ कर वे राजा के साथ ही आगे के नियुक्त स्थान में राजा को सन्मुख रखती हुई बैठती है। अन्य सारे स्त्रीपुरुष अलग-अलग अपनी-अपनी परिषद में बैठते है। यहाँ पाठ में–**पुरओ काउ ठिइयाचेव** इन शब्दों से ऐसा अर्थ उत्पन्न किया जाता है कि भगवान के समवसरण में राणियाँ एव समस्त स्त्रियाँ खड़ी रहती थी। राजसी वैभव युक्त सुकुमार राणियाँ, सेठाणियाँ आदि घ टा दो घ टा प्रवचन में और परिषद के आगे की जगह

में खड़े रहकर अपना प्रदर्शन करे, ऐसा समुचित नहीं होता तथा इतनी देर खड़ा रहना शक्य भी नहीं होता है। अतः इस उपरोक्त पाठ में **चेव** शब्द खड़े रहने की विशेषता के लिये नहीं किंतु **पुरओ काउ** की विशेषता के लिये दिया गया है कि अन्य स्त्रियाँ, स्त्री परिषद में बैठती है। जब कि विशिष्ट स्त्रियाँ अपने पति के साथ ही नियुक्त स्थान पर उन्हें सन्मुख रखते हुए अर्थात् उनके पीछे ही बैठती है। प्रस्तुत पाठ में **स्थिता** शब्द से भी भ्रम उत्पन्न होता है किंतु यहाँ यह शब्द बैठने के अर्थ का द्योतक है खड़े रहने का एका त अर्थवाला शब्द नहीं है। **स्थिर होकर बैठने** के अर्थ में उस शब्द को समझना चाहिये। यों भी सभा में स्त्रियों को अपने शरीर को स कुचित करके बैठना ही उचित होता है। स्त्रियों का पुरुषों की विशाल परिषद के बीच खड़े रहना अशोभनीय सा भी होता है। अतः आगम में प्रयुक्त शब्दों का प्रस गानुकूल अर्थ करना ही उचित होता है ।

**प्रश्न–८ : भगवान की धर्मदेशना का जो यहाँ विस्तृत कथन है तो क्या वैसा ही धर्मोपदेश हमेशा एक सरीखा होना समझना ?**

**उत्तर–** भगवान का धर्मोपदेश परिषद के योग्य अनुकूल नूतन नूतन पद्धति से होना स्वीकारना चाहिये। वे सर्वज्ञ सर्वदर्शी होते हक्त। परिषद के मुख्य व्यक्ति को लक्ष्य में रखकर या समस्त परिषद के लक्ष्य से योग्य विषय को लेकर ही उनका प्रवचन होता है। प्रस्तुत में शास्त्रकार ने एक सामान्य उपदेश का स कलन किया है ऐसा समझना चाहिये । तीर्थंकर रटा रटाया एक सरीखा उपदेश हमेशा देते हों यह उपयुक्त नहीं है अथवा वे केवल अव्यक्त ध्वनि ही करते है ऐसा मानना भी आगम सम्मत नहीं है ।

**प्रश्न–९ : भगवान की भाषा अर्धमागधी ही क्यों कही गई है ?**

**उत्तर–** अर्धमागधी भाषा में शास्त्रों की रचना गणधर प्रभु करते हैक्त, इस तथ्य को लेकर ऐसा मान लिया जाता है कि भगवान सदा अर्धमागधी भाषा में ही बोलते हक्त ।

वास्तव में बोलचाल की भाषा से महत्वपूर्ण शास्त्रों की भाषा कुछ भिन्न और कठिन होती है। अन्यथा बोलने की भाषा के शब्द





मूलपाठ में मिश्रण होने की शक्यता रहती है। अतः शास्त्र रचना की भाषा, बोलने की भाषा से विशिष्ट होनी चाहिये, तभी शास्त्र की स्वत त्र महत्ता एव शुद्धता अथवा निर्भेलता कायम रह सकती है ।

उपा गसूत्रों में किसी भी विकृतिभ्रम आदि कारण से तीर्थंकरों के प्रवचन की भाषा, आगम की भाषा की नकल रूप अर्धमागधी कह दी गई है। किंतु किसी भी अ गसूत्र में इस बात पुष्टि करने वाला पाठ उपलब्ध नहीं होता है। यों भी सोचा जाय तो क्षेत्र, काल, व्यक्ति, परिषद के योग्य सरल भाषा में उपदेश होना समुचित होता है। देवों की और आगमों की भाषा अर्धमागधी होना तो उपयुक्त होता है पर तु उपदेश की भाषा तो परिषद की मुख्यता से होनी चाहिये अर्थात् वक्ता अनेक भाषाओं में निष्णात है तो वह उपस्थित परिषद के बहुमत-अभ्यस्त भाषा में वक्तव्य देना लाभकारी समझेगा। वैसे ही तीर्थंकर भी जनानुकूल, क्षेत्रानुकूल कोई भी भाषा में प्रवचन फरमा सकते है एव प्रश्न वार्तालाप आदि भी जनभोग्य कोई भी भाषा में कर सकते ह्त। उनके प्रवचन को अर्धमागधी भाषा से प्रतिबद्ध करना या हमेशा अर्धमागधी भाषा में ही बात करते हैं, ऐसा मानना एक विचार शून्य प्रवाह मात्र बन गया है। ऐसा आभास होता है।

आज हमारे उपलब्ध आगम अर्धमागधी भाषा में है। उसे आम जनता पढ़कर या सुनकर अर्थ भाव को समझ नहीं सकती है। तो ऐसी भाषा का वक्तव्य जनता के क्या काम का होगा। वचन अतिशय से परिवर्तितत भाषा में तीर्थंकर के वचनों की मौलिकता नहीं रह पाने से जिनवाणी की प्रभावकता असरकारकता रहना कम स भव होगा । अतः मौलिक भाषा और जनभाषा में ही भगवान का प्रवचन होना स्वीकारना चाहिये तथा तिर्यंच और देवो के लिये एव अल्प स ख्यक अन्य भाषी मनुष्यों के लिये वचनातिशय का उपयोग समझना चाहिये । किन्तु प्रवचन की मुख्य भाषा, मुख्य परिषद या अधिकतम परिषद के अनुकूल समझना चाहिये ।

**प्रश्न–१० : भगवान महावीर स्वामी के गुणों का एव शरीर का वर्णन यहाँ किस प्रकार किया गया है ?**

**उत्तर**– ग्रामानुग्राम विचरण करते हुए भगवान के च पानगरी में पधारने का वर्णन है। उसी प्रस ग से भगवान के णमोत्थुण वर्णित गुणों का तथा अन्य भी अनेक गुणों का एव शरीर शौष्ठव का वर्णन मस्तक के बालों से प्रार भ करके पाँव के नखों तक क्रमशः समस्त अ गोपा गो का स्पष्ट वर्णन किया गया है। वह इस प्रकार है–

श्रमण भगवान महावीर स्वामी धर्म की आदि करने वाले, स्वय स बुद्ध तीर्थंकर थे, पुरूषोत्तम आदि णमोत्थुण पठित गुणों से युक्त थे । अरहा–पूज्यनीय, रागादि विजेता, केवलज्ञान युक्त, सात हाथ की ऊँचाई से युक्त, समचौरस स स्थान एव वज्र-ऋषभनाराच स हनन से युक्त, शरीर के अ तर्वर्ती पवन के उचित वेग से युक्त, निर्दोष गुदाशय युक्त, कबूतर के समान पाचन शक्ति वाले थे। पेट और पीठ के नीचे के दोनो पार्श्व तथा ज घाएँ सु दर सुगठित थी। उनका मुख कमल सुरभिमय निश्वास से युक्त था। उत्तम त्वचा से युक्त, निरोग प्रशस्त श्वेत मा स युक्त, जल्ल, मल एव दाग आदि से वर्जित शरीर था। अतएव निरुपलेप, स्वच्छ, दीप्ति से उद्योतित प्रत्येक अ गोपा ग थे।

उत्तम लक्षणमय उन्नत मस्तक था। मुलायम काले चमकीले घु घराले घने मस्तक पर केश थे। छत्राकार मस्तक का शिखर, फोड़े फुँसी घाव के चिन्हों से रहित, अर्द्ध चन्द्र सम ललाट, पूर्ण चन्द्र सम मुख, सुहावने कान, पुष्ट कपोल, कुछ खींचे हुए धनुष के समान सु दर टेढ़ी भाक्तहे, पु ड़रीक कमल के समान सफेद नयन, पद्मकमल के समान विकसित आँखे, गरूड़ की चोंच की तरह ल बी सीधी उन्नत नासिका, बिम्बफल के सदृश ओंठ एव दा तों की श्रेणी गाय के दूध जैसी सफेद थी। दाँत अख ड़ परिपूर्ण सु दराकार थे। जिह्वा और तालु तप्त स्वर्ण सम लाल थे। दाढ़ी मूँछ के बाल अवस्थित(मर्यादित) रहते थे। ठुड्डी मा सल सुगठित थी। गर्दन चार अ गुल चौड़ी उत्तम श ख के समान त्रिवली युक्त थी ।

उत्तम हाथी सम क धे, गोल ल बी भुजाएँ, ठोस स्नायु, नागराज के समान विस्तीर्ण दीर्घ बाहु, ललाई युक्त हथेलियाँ, उन्नत कोमल सुगठित हाथ, निश्छिद्र अ गुलियाँ थी। उनकी हथेली में चन्द्र, सूर्य,





चक्र, दक्षिणावर्त, स्वस्तिक आदि की स सूचक शुभ रेखाएँ थी। उनका वक्षस्थल–सीना स्वर्ण शिला के तल के समान स्वच्छ प्रशस्त, समतल विशाल था एव स्वस्तिक चिन्ह युक्त था, मा सलता के कारण रीड़ की हड्डी दिखाई नहीं देती थी। शरीर स्वर्ण के समान दीप्त, सु दर, रोग रहित, सुनिष्पन्न एव उत्तम पुरुष के १००८ लक्षण युक्त था। पसवाड़े नीचे की तरफ क्रमशः स कड़े थे। छाती एव पेट पर रोम राजी थी। उदर के नीचे के दोनों पार्त्क सुनिष्पन्न थे। मत्स्य जैसा उदर था। उनकी नाभि गोल, सु दर एव विकसित थी। उत्तम सि ह की कमर के समान गोल घेराव लिए उनकी कमर थी ।

उत्तम घोड़े के सुनिष्पन्न गुप्ता ग की तरह गुह्य भाग था। उनका शरीर मलमूत्र विसर्जन की अपेक्षा से निर्लेप था। हाथी की सूँढ़ की तरह गठित ज घाएँ थी। घुटने अति सु दर ड़िब्बे के ढ़कने के समान थे। हिरणी की पिंड़लियों के समान उतार सहित गोल पिंड़लियाँ थी। उनके पाँव के टखने सु दर सुगठित निगूढ़ थे। पाँव मनोज्ञ बने हुए थे। पैरों की अ गुलिया क्रमशः आनुपातिक रूप में सुन्दर थी। नख ता बे के समान लाल थे। पगथलिया लाल कमल के पत्ते के समान सुकुमाल कोमल थी। उसमें रेखाओं से पर्वत, नगर, मगर, सागर तथा च द्र रूप उत्तम चिन्ह एव स्वस्तिक आदि म गल चिन्ह अ कित थे ।

उनका रूप असाधारण था, उनका तेज निर्धूम अग्नि के समान था। वे प्राणातिपात आदि आश्रव रहित, ममता रहित, अकिंचन थे। निरुपलेप–कर्मब ध से रहित थे। निर्ग्रंथ प्रवचन के उपदेष्टा, धर्मशासन के नायक, चौतीस अतिशयों, पेंतीस सत्यवचनातिशयों से युक्त थे। आकाशगत चक्र, छत्र, चँवर, स्वच्छ स्फटिक से बने पादपीठ युक्त सि हासन और धर्मध्वज, ये उनके आगे चल रहे थे ।

इस प्रकार वे श्रमण भगवान महावीर १४००० साधु, ३६००० साध्वियों के परिवार से युक्त आगे से आगे चलते हुए सुख शा ति पूर्वक एक गाँव से दूसरे गाँव विहार करते हुए च पानगर के बाहरी उपनगर में पहुँचे ।

**प्रश्न–११ : तीर्थंकर या गुरु के नगर उपवन में आने का स देश मिलने पर श्रावक परोक्ष व दन किस प्रकार करते हक्त ?**

**उत्तर–** प्रस्तुत शास्त्र के वर्णन में, कोणिक राजा भगवान के आगमन की सूचना मिलते ही सि हासन से उतरा, पादुका निकाली, राजचिन्ह– तलवार, छत्र, मुकुट, चामर दूर करके एक क धे पर रखे जाने वाले दुपट्टे को मुख के सामने किया, हाथ जोड़ कर मस्तक पर अ जलि करके परम पवित्र भावों से सात-आठ कदम तीर्थंकर की दिशा में आगे चलकर फिर बाया घुटना ऊँचा रखते हुए दाहिना घुटना जमीन पर रखकर तीन बार मस्तक भूमि पर लगाया फिर कुछ झुके हुए एव हाथों को स कुचित करके घुटनों पर रखते हुए मस्तक पर अ जलि करते हुए सिद्धों की स्तुति णमोत्थुण के पाठ से पूर्ण करी। उसके अन तर उसी णमोत्थुण के पाठ से भगवान महावीर स्वामी को अपने धर्मगुरु धर्माचार्य का स बोधन करते हुए व दन, नमस्कार किया है। इसी प्रकार की विधि से राजप्रश्नीय सूत्र वर्णित चित्त सारथी श्रमणोपासक ने केशिश्रमण को अपने धर्मगुरु धर्माचार्य स बोधन करते हुए णमोत्थुण के पाठ से परोक्ष व दन-नमस्कार किया है। तात्पर्य यह है कि परोक्ष में देव, गुरु को णमोत्थुण के पाठ से व दन किया जाता है ।

**प्रश्न–१२ : बगीचे में ठहरे हुए श्रमणों की ज्ञानाराधना किस प्रकार दर्शाई गई है ?**

**उत्तर–** कई श्रमण आचारा ग सूत्र को क ठस्थ धारण करने वाले थे। कई श्रमण सूत्रकृता ग, ठाणा ग, समवाया ग आदि को क ठस्थ धारण करने वाले थे और कई श्रमण ग्यारह अ गसूत्र अथवा स पूर्ण द्वादशा गी को धारण करने वाले थे। वे श्रमण वहाँ उद्यान में भिन्न-भिन्न स्थानों पर अलग-अलग छोटे बड़े समूह में विभक्त होकर बैठे थे। कोई वाचना देते, आगम पढ़ाते, पढ़ते, कोई प्रश्नोत्तर श का समाधान करते, कोई स्वाध्याय का पुनरावर्तन करते, कई चि तन मनन करते, कई अनेक विध धर्मकथा करते थे एव कई विशिष्ट आसन से स्थित होकर ध्यान में लीन बन रहे थे ।





वे भगवान के श्रमण स सार को महान समुद्र की उपमा वाला समझ कर, उसके भवभ्रमण रूप भय से उद्विग्न होकर, विरक्त भाव में लीन रहते हुए एव सयम-तप को धर्म नौका समझ कर उसकी सम्यक् रूप से सुरक्षा करते हुए, मोक्ष प्राप्ति हेतु सम्यक् प्रयत्न करते थे ।

**प्रश्न–१३ : अन्य किन-किन विषयों का समावेश इस समवसरण विभाग में हुआ है ?**

**उत्तर–** स्थविरों के गुण, अगणारों के उपमा युक्त गुण, देवों का आगमन, जनसमुदाय का आगमन, राजा राणियों का आगमन, भगवान का अस्खलित परिपूर्ण उपदेश; उपदेश में– लोक स्वरूप, १८ पाप एव उनका त्याग, दान-शील-तप-भाव आदि शुभकृत्य, निर्ग्रंथ प्रवचन का महात्म्य, चार गतियों में जाने के ४-४ कारण, जीव का मोक्ष, द्विविध धर्माचरण, श्रावकधर्म-साधुधर्म, उपस हार एव भक्तिपूर्वक परिषद का विसर्जन इत्यादि विषयों का विश्लेषण है। अणगारों के तप का विश्लेषण भी किया गया है। इन विषयों का दिग्दर्शन सारा श पुस्तक में तथा भगवतीसूत्र, प्रश्नव्याकरण सूत्र के प्रश्नोत्तर में स्पष्ट किया होने से यहाँ पुनः विस्तार नहीं किया है ।

# द्वितीय विभाग : उपपात

**प्रश्न–१ : इस विभाग के नामकरण की सार्थकता किस प्रकार है ?**

**उत्तर–** अपने आचरणों के अनुसार जीवों की परभव में या देवगति में उत्पत्ति विषयक वर्णन होने से इस दूसरे विभाग का **"उपपात"** यह नाम सार्थक होता है। प्रश्नों का प्रार भ गौतमस्वामी द्वारा किया गया है और उत्तर भगवान के द्वारा फरमाया गया है। एक दो प्रश्नोत्तर के बाद फिर स लग्न निरूपण शैली से अनेक प्रकार के जीवों के उपपात-उत्पत्ति का कथन है ।

**प्रश्न–२ : गौतमस्वामी का गुण-परिचय किस प्रकार किया गया है और प्रार भिक प्रश्नोत्तर शैली में क्या कथन किया गया है ?**

**उत्तर–** प्रथम गणधर इन्द्रभूति गौतम श्रमण भगवान महावीर के प्रथम ज्येष्ठ शिष्य थे। सात फुट करीब उनकी अवगाहना–ऊँचाई थी। समचतुरस्र स स्थानमय, वज्रऋषभनाराच स हनन युक्त उनका पार्थिव शरीर था अर्थात् उत्तम सुड़ोल शरीर की आकृति थी एव उनका शरीर अनुपम श्रेष्ठ शक्ति से स पन्न भी था। गौर वर्ण था। वे कठोर एव विपुल तप करने वाले थे। साधना में सशक्त, विशाल गुणों के धारक, कठोरतम ब्रह्मचर्य व्रत की विशुद्ध पालना करने वाले थे। शरीर ममत्व के पूर्ण त्यागी थे। तेजोलेश्या आदि विविध लब्धियों को धारण करने वाले थे। अवधिज्ञानी एव मनःपर्यवज्ञानी श्रमण शिरोमणी थे। द्वादश अ गके धारी, १४ पूर्वधारी, अद्वितीय मतिश्रुत ज्ञानी थे। वे श्रमण गौतम तीर्थंकर प्रभु महावीर स्वामी के दृष्टि क्षेत्र में विशिष्ट ध्यान मुद्रा के आसन से आसीन होकर ध्यान में सदा लीन रहा करते थे। वह ध्यान उनका अनुप्रेक्षा एव प्रेक्षा ध्यान होता था। उन अनुप्रेक्षाओं एव प्रेक्षाओं के माध्यम से कई जिज्ञासाएँ प्राप्त कर वे श्रमण भगवान महावीरस्वामी के पास शीघ्र पहुँच जाते थे एव विनयावनत होकर समाधान प्राप्त कर लेते थे। गौतमस्वामी के प्रश्नोतर का विषय इस प्रकार है–

**पाप कर्म का ब ध–** अस यत, अविरत, पापकर्मों का त्याग नहीं करने वाला, विविध पापक्रियाएँ करने वाला, इन्द्रियों का स वरण नहीं करने वाला, एका त पापी, अज्ञानी, भाव निद्रा में सुप्त जीव, प्रमुखतः पापकर्मों का ही उपार्जन करता है एव मोहवर्धक पापकर्मों का उपार्जन करता है। मोह कर्म का वेदन करते हुए भी जीव पुनः पुनः मोहनीय कर्म का ब धकरता है। अ ततोगत्वा दसवें गुणस्थान में जाने के बाद ही मोहकर्म का ब ध रुकता है तब केवल वेदनीय कर्म का ही ब ध होता है। यहाँ मोहकर्म ब ध के साथ अन्य कर्मों का भी ब ध है किंतु अकेले वेदनीय कर्मब ध के समय वीतराग गुणस्थानों में अन्य कर्मब ध का अभाव कहा है। ये अस यत जीव जो त्रस प्राणियों की घात में लगे रहते हक्त वे मरकर नरक में जाते है। जो त्रस प्राणियों की घात में लीन नहीं रहते, उनमें से कोई जीव देव भी बन सकते है और कई अन्य गतियों में भी जा





सकते है। देवगति में कौन कौन कैसे कैसे अज्ञानी अस वृत जीव जाते है उनका स्वरूप इस प्रकार है–

(१) जो अज्ञानी प्राणी किसी प्रकार की धार्मिक भावना प्रेरणा के बिना, अशुभकर्मों के उदय से एव परिस्थिति से भूख, प्यास सहन करते हक्त, ब्रह्मचर्य पालते हक्त, स्नान नहीं करते, सर्दी गर्मी सहन करते, ड़ाँस-मच्छर जन्य कष्ट एव मैल पसीना आदि अन्य परिताप कष्ट सहन करते है, वे अल्प या अधिक समय तक इस प्रकार के दुःख भोग कर व्य तर जाति के भूत, पिशाच, यक्ष, राक्षस आदि देव बनते हक्त। वहाँ वे दस हजार वर्ष की उम्र प्राप्त करते हक्त। उनका देव बनना धर्म के आराधना की कोटि में नहीं किंतु वह केवल स सार भ्रमण की कोटि में ही है।

(२) जो किसी भी प्रकार के अपराध में आने से राजपुरुषों द्वारा यातनाएँ पाकर मृत्यु को प्राप्त करते हक्त। विरोधभाव वालों के द्वारा बुरी मौत मार दिये जाते है। जो स्वतः दुःख से घबराकर किसी भी तरह आत्मघात कर लेते हक्तअचानक घटनाग्रस्त होकर बुरी मौत मर जाते है। ये सब बुरी मौत से मरने वाले रौद्र एव स क्लिष्ट परिणामों में न मरे और सहज सामान्य भावों में आर्तध्यान में मरे तो व्य तर देवों में उत्पन्न होते हक्त। वहाँ १२ हजार वर्ष की उत्कृष्ट उम्र प्राप्त करते हक्त। जघन्य दसहजार वर्ष प्राप्त करते है। इनका वह देव भव भी भवभ्रमण रूप होता है।

(३) जो स्वभाव से भद्र, उपशा त, अल्प क्रोधमान माया लोभ की प्रवृत्ति वाले है, नम्र सरल, विनीत स्वभाव वाले हैक्त, माता-पिता की सेवा करते हक्त, उनकी आज्ञा का लोप नहीं करते हक्त, अल्प इच्छा वाले, अल्प परिग्रही, अल्प आर भ-समार भ, पाप की प्रवृत्तिया करने वाले एव स्वाभाविक ही अल्प प्रवृत्तियों से जीवन निर्वाह करने वाले हक्त, वे व्रत नियम धर्माचरण, धर्म का ज्ञान न करते हुए भी देवगति में जाते है। वे व्य तर जाति के देव बनते हक्त एव अधिकतम १४ हजार वर्ष की उम्र प्राप्त करते हैक्त। इनका भी यह देव भव स सार भ्रमण में ही है।

(४) जो स्त्रियाँ पति से त्यक्त हो, बाल विधवा हो, जो राज अ तःपुर में रहती हो, जिसका पति परदेश में रहता हो, दूसरा पति नहीं करती

हो, परिस्थितिवश खाना पीना पहनना आदि सुखभोग न करती हो, स योग न मिलने से शृ गार, स्नान, धूपमाला आदि का उपयोग नहीं करती हो, मैलपसीना भूख प्यास सर्दी गर्मी डाँस मच्छर आदि के कष्ट सहन करती हो, अल्प परिग्रह एव अल्प आर भ-समार भ से ही जिसका जीवन चल रहा हो, अल्पेच्छाएँ हो, इस प्रकार अकाम ब्रह्मचर्य के पालन करने एव कष्ट सहन करने से वे व्य तर देव रूप में जन्म लेती है । वहाँ ६० हजार वर्ष की अधिकतम उम्र प्राप्त करती है। उसका यह देव भव धर्माराधना का न होकर स सार भ्रमण के चक्र का ही एक भव होता है ।

**प्रश्न–३ : त्यागी तपस्वी बाल अज्ञानी जीवों की गति किस प्रकार की दर्शाई गई है ?**

**उत्तर–** (१) एक दिवस के भोजन में पानी के अतिरिक्त एक द्रव्य लेने वाले, दो द्रव्य लेने वाले, यों तीन, चार, पाँच, छः, सात, आठ, नव, दस, एव कोई ग्यारह द्रव्य खाद्यपदार्थ लेने वाले, गो-सेवा का विशेष व्रत एव प्रदर्शन करने वाले, गृहस्थ धर्म–अतिथि सेवा, दान आदि से युक्त गृहस्थ धर्म को ही श्रेष्ठ कल्याणकारी मानने वाले एव उनका अनुसरण करने वाले, धर्म शास्त्र सुनाने वाले कथा वाचक, भक्ति-मार्गी, अनात्मवादी, क्रिया विरोधी, वृद्ध-तापस, श्रावकधर्म शास्त्र के श्रोता ब्राह्मण आदि, नौ विगय एव मद्यमा स के त्यागी; जो कि केवल सरसों के तेल की विगय खाने वाले होते हक्त। वैसे मनुष्य अल्प इच्छा, अल्प परिग्रह, अल्प पाप प्रवृत्तियों से जीवन चलाने वाले, वहाँ से मरकर व्य तर देवों में उत्कृष्ट ८४ हजार वर्ष की उम्र प्राप्त करते हैक्त। बालभाव एव अज्ञान दशा के कारण वे धर्म के आराधक नहीं होते क्त। अतः उनकी यह देव अवस्था भी भवभ्रमण की एक अवस्था है।

(२) ग गा नदी के किनारे वानप्रस्थ तापस रहते हक्त। उनमें कई अग्निहोत्री होते हक्त, कई वस्त्रधारी, कई पृथ्वी सयन वाले, श्राद्ध करने वाले, पात्र धारण करने वाले, कु ड़ी धारण करने वाले, फलाहार करने वाले, पानी में एक बार या बार बार डुबकी लगाकर स्नान करने वाले, पानी





में डूबे रहकर स्नान करने वाले, मिट्टी आदि से देह को रगड़ कर स्नान करने वाले, ग गा के दक्षिणी तट पर रहने वाले, उत्तरी तट पर रहने वाले, श ख बजाकर भिक्षा लेने वाले, ग गातट पर खड़े रहकर आवाज करके भिक्षा लेने वाले, बहुत ल बे समय तक केवल एक ही मृग या हाथी आदि का मा स खाने वाले, द ड़ को ऊँचा करके चलने वाले, दिशाप्रोक्षी-दिशाओं में जल छिड़क कर फल फूल इकट्ठे करने वाले एव प्राप्त आहार में से दान करके खाने वाले, गुफावासी, जल तटवासी, जलवासी–पानी में निवास करने वाले, वृक्ष के नीचे रहने वाले, केवल जलाहारी, केवल वायुभक्षी, शैवाल, मूल, क द, त्वचा, पत्र, पुष्प, फल, बीज का आहार करने वाले, गिरे पड़े हुए ही मूल क द आदि मिले तो ही उनका आहार करने वाले, प चाग्नि ताप से शरीर को आतापित करने वाले। ये साधक विविध प्रकार के नियम युक्त वानप्रस्थ पर्याय का पालन कर उत्कृष्ट ज्योतिषी देवों में उत्पन्न होते हैं। वहाँ उनकी उत्कृष्ट एक लाख वर्ष अधिक एक पल्योपम की उम्र होती है। ये भी बालभाव एव अज्ञानदशा में होने के कारण अर्थात् शुद्ध निष्पाप(निर्वद्य) धर्म को नहीं समझने से धर्म के आराधक नहीं होते। अतः उनका वह प्राप्त देव भव भी मोक्ष हेतुक नहीं होता है, स सार भ्रमण रूप ही होता है ।

(३) जो श्रमण प्रव्रजित होकर नानाविध हास-परिहास या हँसी मजाक में, उटपटा ग आलाप-स लाप में, भा ड़वत कायचेष्टा कर अन्यों को हँसाने में, गान युक्त क्रीड़ा में एव नृत्य वृत्ति में विशेष अभिरूचि रखकर प्रवृत होते हक्त एव उन्हीं में आन द मानते हुए मस्त रहते हक्त। इस प्रकार मोह रूप दशा एव मोह वर्धन दशा में रहते हुए आलोचना प्रतिक्रमण न करने से वे भी श्रमण धर्म के आराधक नहीं अपितु विराधक होकर, प्रथम सौधर्म देवलोक में का दर्पिक हास्य प्रिय एव नौकर देवों के रूप में उत्पन्न होते हक्त। वहाँ उनकी उत्कृष्ट एक लाख वर्ष अधिक एक पल्योपम की स्थिति होती है ।

(४) **परिव्राजकों** के अनेक प्रकार होते हक्त– **१. पच्चीस** तत्त्वों को

मानने वाले एव अनात्मवादी, अनीश्वरवादी सा ख्य मतावल बी(पाँच महाभूत, ग्यारह इन्द्रिय, पाँच तन्मात्राएँ एव पुरुष, प्रकृति, बुद्धि, अहंकार)। **२.** हठयोग अनुष्ठाता योगी **३.** महर्षि कपिल के मतावल बी **४.** भृगु ऋषि की पर परा के अनुयायी–भार्गव **५.** गुफा, पर्वत, आश्रम, देवस्थान में रहने वाले, केवल भिक्षा के लिये बस्ती में आने वाले–ह स परिव्राजक **६.** नदी तट या नदी स गम स्थानों पर रहते वे परमहंस । मृत्यु समय में वस्त्र घास आदि का भी त्याग कर देने वाले **७.** गाँव में एक रात शहर में पाँच रात ठहरने वाले एव प्राप्त भोगों को स्वीकार करने वाले **बहूदक ८.** गृहस्थावस्था में रहते हुए क्रोध, लोभ, मोह और अह कार का त्याग करने वाले कुटीव्रती या कुटीचरी **९.** नारायण में भक्तिशील परिव्राजक–कृष्ण परिव्राजक तथा आठ ब्राह्मण परिव्राजक एव आठ क्षत्रिय परिव्राजक हक्त आठ ब्राह्मण परिव्राजकों के नाम– १ कर्ण २ कक ड़ ३ अ बड़ ४ पाराशर ५ कृष्ण ६ द्वैपायन ७ देवगुप्त ८ नारद। क्षत्रिय परिव्राजकों के नाम– १ शीलधी २ शशिधर ३ नग्न ४ भग्नक ५ विदेह ६ राजराज ७ राजराम ८ बल। ये परिव्राजक चारों वेद, इतिहास, निघ टु, छःअ गों में निष्णात; व्याकरण, ज्योतिष आदि ब्राह्मण योग्य शास्त्रों में सुपरिपक्व ज्ञानयुक्त होते हक्त। ये परिव्राजक दान धर्म की एव स्वच्छता मूलक धर्म की प्ररूपणा, विश्लेषण करके युक्तिपूर्वक समझाते हैक्त और कथन करते हक्त कि हर चीज की हम मिट्टी से एव जल से शुद्धि करके पवित्र आचरण कर पवित्र बनाते हक्त। स्नान आदि से देह को पवित्र बनाकर हम और हमारे मतानुयायी स्वर्गगामी होंगे।

**परिव्राजकों की आचार प्रणाली**–(१) बावड़ी, तालाब, नदी आदि में प्रवेश नहीं करते, मार्ग में आ जाय उसकी छूट (२) स पूर्ण वाहन प्रयोग का त्याग (३) हाथी, घोड़े, गधे आदि की सवारी का भी त्याग, परवश बलात् का आगार (४) सभी प्रकार के खेल, नृत्य, कुतूहल, मनोर जन, वीणा-वादि त्र और दर्शनीय स्थलों, पदार्थों को देखना, सुनना उन्हें अकल्पनीय होता है (५) हरी वनस्पति को स्पर्श करना, रगड़ना, तोड़ना, शाखाओं, पत्तों आदि को ऊँचा करना या मोड़ना उन्हें अकल्पनीय





होता है (६) सभी प्रकार की विकथाएँ, हानिप्रद निरर्थक कथाएँ करना उन्हे अकल्पनीय होता है (७) तुम्बा, लकड़ी एव मिट्टी इन तीन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के पात्र और पात्रब धन नहीं रखते (८) अ गूठी से लेकर चूड़ामणी पर्यंत किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना उन्हें निषिद्ध होता है (९) गेरुए र ग के वस्त्र के अतिरिक्त किसी भी र ग के वस्त्र परिव्राजकों को नहीं कल्पते हैं (१०) किसी भी प्रकार की फूलमालाएँ वे परिव्राजक नहीं पहनते, केवल कर्णपूर(कनेर)फूल की माला की छूट (११) ग गा की मिट्टी के लेप के अतिरिक्त च दन, केसर किसी भी प्रकार का लेप शरीर पर नहीं करते (१२) परिव्राजकों को पीने के लिए दो सेर(एक प्रस्थक) जल एव हाथ पाँव पात्र आदि धोने के लिए एव स्नान के लिये आठ सेर(एक आढ़क)पानी ग्रहण करना कल्पता है। स्वच्छ, निर्मल बहता हुआ एव छाना हुआ जल लेना कल्पता है। वह जल भी कोई गृहस्थ दे तो ले सकते है बिना दिये स्वय नहीं ले सकते। इस प्रकार के आचार पालन करते हुए वे उत्कृष्टतम पाँचवे देवलोक में उत्पन्न होते हक्त। वहाँ उनकी दस सागरोपम की उत्कृष्ट उम्र होती है। शुद्ध निष्पाप(निर्वद्य)धर्म से अनभिज्ञ अज्ञात होने के कारण ये भी धर्म के आराधक नहीं होते हक्त।

**प्रश्न–४ : प्रस्थक और आढ़क माप किसे कहते हक्त ?**

**उत्तर**– अनुयोगद्वार सूत्र में इस माप का खुलासा है, यथा–

| | | |
|---|---|---|
| ***२ असृति(चुल्लु)*** | = | ***१ प्रसृति(पसलि)*** |
| ***२ पसलि*** | = | ***१ सेतिका(धोबा)*** |
| ***४ सेतिका*** | = | ***१ कुड़व(आधा सेर)*** |
| ***४ कुड़व*** | = | ***१ प्रस्थक(२ सेर)*** |
| ***४ प्रस्थक*** | = | ***१ आढ़क(८ सेर)*** |
| ***४ आढ़क*** | = | ***१ द्रोण( ३२ सेर)*** |

अ बड़ स न्यासी को उत्कृष्ट आधा आढ़क(४ सेर) पानी पीने और बर्तन धोने के उपयोग में लेना कल्पता था। एक आढ़क(८ सेर)

पानी स्नान के उपयोग में लेना उसे कल्पता था। अ बड़ स न्यासी के शिष्यों को एक प्रस्थक(दो सेर) पानी पीने में और एक आढ़क(८ सेर) पानी बर्तन धोने एव स्नान के उपयोग में लेना कल्पता था। मूल पाठ में अ बड़ के स्नान के पानी का कथन है। अन्य स न्यासियों के आचार वर्णन में स्नान के पानी का पाठ नहीं है। किंतु इन परिव्राजकों के स्नान जरूरी होता है क्यों कि ये सुचिधर्मी और जलाभिषेक से ही पवित्र होकर स्वर्ग गमन मानने वाले होते हक्त। अतः परिव्राजकों के विधान वाले पाठ में पाठ सुधार कर स्नान का पाठ स्वीकार कर लेना चाहिये ।

**प्रश्न–५ : अन्य मत के स न्यास धर्म के साथ निर्ग्रंथ प्रवचन की आराधना पालना होती है क्या ? ऐसी आराधना किसने की ?**

**उत्तर–** अन्यमत के कितने ही स न्यासियों का वर्णन आगमों में आता है, वे प्रायः भगवान से प्रतिबुद्ध होकर अन्यमत की प्रव्रज्या का त्याग कर जिनमत की प्रव्रज्या का अ गीकार कर मोक्ष साधना करते हक्त, जिसमें स्क धक स न्यासी आदि है। किंतु अ बड़ स न्यासी एक ऐसे साधक हुए है कि जिन्होंने अपनी स न्यास अवस्था का त्याग किये बिना जिनमत का एव जिनमत के श्रावक व्रतों का स्वीकार, पालन एव आराधन अपने सातसो शिष्यों सहित किया था। वे गुरु शिष्य सभी परलोक के आराधक बने थे। ऐसी मिश्र आचार प्रवृत्ति में उन्होंने भगवान का शिष्यत्व स्वीकार किया था एव भगवान ने भी उनके इस प्रकार के व्यवहार एव द्विविध आचार का विरोध नहीं किया था। यह अनेका तिक सिद्धांत में उभय पक्ष की अर्थात् भगवान एव अ बड़ दोनों की उदार एव सुमेलभरी दृष्टि एव विचारणा रही थी ।

**अ बड़ परिवार के शिष्य :–** प्रश्न तीन में कहे गये परिव्राजकों में ब्राह्मण परिव्राजक में अ बड़ का कथन है उस अ बड़ परिव्राजक का जीवन वृत्ता त अ श इस प्रकार है– अ बड़ परिव्राजक के सात सौ शिष्य थे। विचरण करते हुए एक बार उसे श्रमण भगवान महावीर स्वामी की सेवा का अवसर प्राप्त हो गया। निर्ग्रंथ प्रवचन श्रवण कर उसे श्रावक के १२ व्रत





धारण करने की रुचि हुई। भगवान ने उसे श्रावक व्रत धारण करवाये। इस प्रकार अ बड़ परिव्राजक निर्ग्रंथ प्रवचन स्वीकार कर श्रावक धर्म का पालन करते हुए परिव्राजक पर्याय में विचरण करने लगा। उसने यथासमय अपने शिष्यों को भी प्रतिबोध देकर बारह व्रतधारी श्रावक बना दिया। गृहस्थ जीवन स्वीकार न करते हुए वे परिव्राजक चर्या से विचरण करते रहे। ऐसा करने में उनके श्रावक व्रतों की आराधना में भी रूकावट नहीं आई थी। अ बड़ परिव्राजक स्वय कई बार अकेले ही विचरण करते रहते थे ।

एक बार अ बड़ के सात सौ शिष्यों ने क पिलपुर से पुरिमताल नगर के लिये प्रस्थान किया। मार्ग में पीने के लिये लिया हुआ जल समाप्त हो गया। जेठ महिने की भीषण गर्मी थी, सभी प्यास से स तप्त हो गये। खोज करने पर भी स योगवश वहाँ पानी देने वाला नहीं मिल सका। सभी का निर्णय एक ही था कि आपत्तिकाल में भी अदत्त जल ग्रहण नहीं करेंगे। ग गा नदी के पास में भी पहुँच गये किंतु वहाँ मनुष्य का आवागमन गर्मी के कारण ब द हो चुका था। अ त में सभी ने नदी की बालू रेत में पादपोपगमन स थारा ग्रहण करने का निर्णय कर लिया ।

अपने सभी प्रकार के विविध भ ड़ोपकरण, वस्त्र-पात्र आदि १४ उपकरणों का त्याग किया, फिर बालूरेत पर ही पल्य कासन से बैठ कर दोनों हाथ जोड़ कर सिद्ध भगव तों को णमोत्थुण के पाठ से व दन किया, फिर दूसरी बार णमोत्थुण के पाठ से श्रमण भगवान महावीर स्वामी को व दन किया, तदन तर अपने धर्मगुरु धर्माचार्य अ बड़ स न्यासी को भावपूर्वक नमस्कार किया। फिर इस प्रकार उच्चारण किया कि पहले हमने अ बड़ परिव्राजक के समीप जीवन भर के लिये स्थूल हिंसा, झूठ, चोरी, परिग्रह का त्याग किया था एव स पूर्ण कुशील का त्याग किया था। अब हम श्रमण भगवान महावीर के समीप(परोक्ष साक्षी से) स पूर्ण हिंसा, झूठ, चोरी आदि अठारह पापों का जीवनपर्यंत त्याग करते हैक्त चारों प्रकार के आहार का त्याग करते हैक्त और अति प्रिय इस शरीर का भी पूर्ण रूप से त्याग करते हैक्त। इस प्रकार विस्तृत विधिपूर्वक **बड़ी स लेखना** के पाठ से पादपोपगमन स थारा आजीवन अनशन धारण

कर समाधिपूर्वक समय व्यतीत करने लगे। यथासमय आयु पूर्ण कर वे सभी ७०० शिष्य पाँचवें देवलोक में दस सागरोपम की स्थिति में उत्पन्न हुए। ये अ बड़ के शिष्य, धर्म के आराधक हुए, क्योंकि उन्होंने परिव्राजक पर्याय में रहते हुए भी निष्पाप निर्वद्य धर्म को समझा था एव यथाशक्ति श्रावक धर्म धारण भी किया था ।

अ बड़ स न्यासी, परिव्राजक पर्याय में अकेले ही विचरण करता था। साथ ही श्रावक के बारह व्रतों का पालन भी करता था। बेले-बेले निर तर तप करने से एव यथा समय आतापना लेना आदि साधनाओं के पालन करने से उसे वैक्रिय लब्धि एव अवधिज्ञान उत्पन्न हो गया था। अपने बल, शक्ति से लोगों को विस्मित आकर्षित करने के लिये वह एक साथ सौ घरों में ठहर जाता, निवास करता एव सौ घरों में भोजन करता। इस बात के प्रचार से लोगों में चर्चा भी होने लगी। वैसी चर्चा गणधर गौतमस्वामी को भी भिक्षाचरी में सुनने को मिली थी।

इस प्रकार विचरण करता हुआ वह अ बड़, निर्ग्रंथ प्रवचन में अटूट श्रद्धा रखता हुआ, श्रावक पर्याय का पालन करता हुआ ब्रह्मचर्य का पूर्ण रूपेण पालन करता था एव परिव्राजक पर्याय के उपरोक्त नियमों का भी पालन करता था। विशेषता यह है कि– वह आधाकर्मी, उद्देशिक, मिश्र, क्रीत, पूतिकर्म, अध्यवपूर्वक, उधार, अनिसृष्ट, अभिहड़, स्थापित, रचित दोषों से युक्त आहार ग्रहण नहीं करता था, क तारभक्त, दुर्भिक्षभक्त, ग्लानभक्त, बादलिक भक्त, पाहुणकभक्त आदि दोष वाला आहार पाणी ग्रहण नहीं करता था। क द, मूल, पत्र, पुष्प, फल, बीज भी ग्रहण नहीं करता था। उसने चार प्रकार के अनर्थद ड़ का जीवन पर्यंत त्याग कर दिया था ।

पीने के लिये एव हाथ पैर पात्रादि धोने के लिये चार सेर (आधा आढ़क)पानी ग्रहण करता था तथा स्नान के लिये वह ८ सेर(१ आढ़क) से अधिक पानी ग्रहण नहीं करता था। पानी ग्रहण के स पूर्ण नियमों का भी वह पालन करता था। अ बड़ स न्यासी अरिहंत एव अरिहंत भगवान के श्रमणों के अतिरिक्त किसी को भी व दन नमस्कार(सविधि गुरुख दन)





नहीं करता था। इस प्रकार अ बड़ परिव्राजक अपने पूर्व वेश एव चर्या के साथ श्रावक व्रतों की आराधना कर मृत्यु के समय एक महिने के स थारे से आयु पूर्ण करके पाँचवे देवलोक में उत्पन्न हुआ। वहाँ उसकी उम्र दस सागरोपम की है। वह भी धर्म का आराधक हुआ। देव भव पूर्ण होने पर अ बड़ का जीव महाविदेह क्षेत्र में उत्तम कुल में जन्म लेगा। दृढ़प्रतिज्ञ नाम रखा जायेगा। ७२ कला में पार गत होगा। यौवन वय प्राप्त होने पर माता पिता उसे भोगों का निम त्रण करेंगे किंतु वह उन्हें स्वीकार नहीं करेगा। श्रमण निर्ग्रंथों के पास दीक्षा अ गीकार करेगा। अनेक वर्ष स यम पर्याय का शुद्ध आराधन करेगा। जिससे उसे केवलज्ञान केवलदर्शन की प्राप्ति होगी। फिर अनेक वर्ष केवली पर्याय में विचरण कर, सम्पूर्ण कर्म क्षय कर सिद्ध बुद्ध मुक्त होगा। सिद्ध बुद्ध मुक्त होने के लिये ही श्रमण स यम साधना के इन निम्न कठोरतम नियमों का पालन करता हक्त–

**(१)** नग्नभाव–शरीर स स्कार त्याग **(२)** मु ड़भाव–गृह एव ममत्व परिग्रह त्याग **(३)** स्नान नहीं करना **(४)** दा तौन आदि नहीं करना **(५)** केश लु चन–मस्तक दाढ़ी मू छ के समस्त बाल हाथ से खींच कर उखाड़ना **(६)** अख ड़ ब्रह्मचर्य पालन **(७)** छत्र त्याग **(८)** जूते आदि त्याग **(९)** भूमि पर सोना अथवा पाट या काष्ट ख ड़ पर सोना **(१०)** घर घर से भिक्षा लाना **(११)** लाभालाभ मेंस तुष्ट रहना **(१२)** दूसरों के द्वारा की गई हीलना, निंदा, खि सना, गर्हा, ताड़न, तर्जन, पराभव, तिरस्कार, व्यथा, परिताप इन सब स्थितियों में समभाव एव प्रसन्नता में स्थिर रहते हुए, अन्य ऊँचे-नीचे, राग-द्वेषात्मक कोई भी स कल्प-विकल्प नहीं करना, अन्य भी छोटी-बड़ी इन्द्रिय विरोधी कष्ट कर स्थितिएँ, २२ परिषह, देव, मनुष्य, तिर्यंचकृत उपसर्ग आदि को समभाव से स्वीकार कर शा त प्रसन्न रहना इत्यादि मन के एव तन के प्रतिकूल स्थितियों का प्रतिकार न करते हुए उस अवस्था में ज्ञाता दृष्टा रहकर समभाव रखना। ये सब मन के एव तन के कष्ट साध्य नियमों को साधक कर्मों से सर्वथा मुक्त होने के लिये ही धारण करता है ।

**प्रश्न–६ : निर्ग्रंथ धर्म में दीक्षित तथापि परलोक के विराधकों की गति किस प्रकार कही है ?**

**उत्तर– गुरु प्रत्यनीक श्रमणों की गति :–** जो श्रमण निर्ग्रंथ प्रवचन में प्रव्रजित होने के बाद काला तर से अह भाव में आकर आचार्य उपाध्याय कुल, गण, गुरु आदि का तिरस्कार अकीर्ति करते है; निर्ग्रंथ प्रवचन के विपरीत प्ररूपण कर खुद भ्रमित होते हक्त, अन्यों को भी भ्रमित करतेहैक्त। इस प्रकार अभिनिवेशिक मिथ्यात्व युक्त श्रमण पर्याय का पालन करते क्त। वे साधक मृत्यु समय उन दोषों का आलोचना प्रतिक्रमण किए बिना आयु पूर्ण कर उत्कृष्ट छट्ठे देवलोक में किल्विषिक(घृणित) देवों के रूप में तेरह सागरोपम की उम्र में उत्पन्न होते हक्त । ये मिथ्या मति होने से बालभाव के कारण धर्म के आराधक नहीं होते। अतः उनका वह देव भव स सार भ्रमण में ही समझना चाहिये ।

**आजीविक(गौशालक)मतावल बी की गति :–** आजीविक श्रमण कोई दो घर के अ तर या तीन चार पाँच छः सात घर के अ तर से भिक्षा लेते, कोई केवल कमल ड़ठल लेवे, कोई प्रत्येक घर से भिक्षा लेने वाले, आकाश में बिजली चमके तब भिक्षा नहीं लेने वाले, मिट्टी के बहुत बड़े बर्तन में प्रविष्ट होकर तप करने वाले इत्यादि विविध विहारचर्या एव तप करने वाले गोशालक मतावल बी काल कर उत्कृष्ट १२वें देवलोक में उत्पन्न होते हक्त । वहाँ उनकी उत्कृष्ट २२ सागरोपम की उम्र होती है। ये भी मिथ्यात्वाभिभूत अज्ञानदशा में होने से धर्म के आराधक नहीं होते हक्त ।

**आत्मोत्कर्षक कुशील श्रमणों की गति :–** जो श्रमण, निर्ग्रंथ प्रवचन में प्रव्रजित होकर काला तर से महिमा पूजा, मानप्रतिष्ठा के अभिभूत होकर स्वय का गुणानुवाद एव दूसरों का अवगुण अपवाद करते करवाते हक्त एव ड़ोरा, धागा, रक्षापोटलिका, य त्र, म त्र, त त्र आदि चमत्कार पूर्ण वृत्तियों से लोगों को आकर्षित करते हक्त। इस प्रकार के कुशील आचरणों से युक्त होकर भी श्रमण पर्याय का पालन करते हक्त। ऐसे साधक मृत्यु पर्यंत इन दोषों का परित्याग, आलोचना प्रतिक्रमण आदि नहीं करके आयुष्य पूर्ण कर जाते हैं तब वे उत्कृष्ट १२वें देवलोक में आभियोगिक– नौकर





देवों के रूप में उत्पन्न होते हक्तवहाँ उनकी उत्कृष्ट २२ सागरोपम की उम्र होती है। ये साधक शुद्ध निरतिचार स यम की आराधना नहीं करने के कारण स यम धर्म के विराधक ही कहे गये हक्त ।

**निन्हवों की उत्पत्ति :–** जो श्रमण, निर्ग्रंथधर्म में प्रव्रजित होकर बाद में अह भाव में आकर, तीर्थंकर के ज्ञान एव सिद्धांत की उपेक्षा कर स्वय का मनमाना एव सिद्धांत विपरीत प्ररूपण करता है; कुत्तर्क एव बुद्धि बल से खुद के अभिनिवेशिक मिथ्यात्व को पुष्ट करता है। साथ ही दूसरों को भी असत् प्ररूपणा से भावित करता है, मिथ्या मत में जोड़ता है। तथापि लि ग एव बाह्याचार से श्रमण पर्याय में रहता है। ऐसा साधक विशुद्ध द्रव्य श्रमणाचार का पालन करने से, मिथ्यात्व भावों के होते हुए भी उत्कृष्ट नवग्रैवेयक देव में ३१ सागरोपम की उम्र में उत्पन्न हो सकता है ।

**प्रश्न–७ : निर्ग्रंथ प्रवचन स्वीकारने वाले आराधकों की गति किस प्रकार कही गई है ?**

**उत्तर– सन्नी प चेन्द्रिय श्रावक की गति :–** पाँचों जाति के सन्नी तिर्यंच प चेन्द्रिय को यथा योग्य चि तन मनन गवेषण करने से जाति स्मरण ज्ञान उत्पन्न होता है। उससे प्राप्त ज्ञान एव विवेक के द्वारा वे श्रावक व्रतों को स्वीकार करते है और अपनी योग्यता क्षमतानुसार पालन करतेहक्त। सामायिक पौषधोपवास आदि भी अनुकूलतानुसार करतेहक्त। वे श्रमणोपासक पर्याय का पालन करते हुए समाधिपूर्वक आयुष्य पूर्ण कर उत्कृष्ट आठवें देवलोक में उत्पन्न होते हक्त। वे निर्ग्रंथ प्रवचन एव श्रावक धर्मके आराधक होते हक्त। देवलोक में उनकी उत्कृष्ट १८ सागरोपम की उम्र होती है। वे उत्कृष्ट १५ भव से अधिक स सार भ्रमण नहीं करते हक्त ।

**श्रमणोपासक मनुष्यों की गति :–** कई मनुष्य धर्म प्रेमी, धर्म श्रद्धा वाले, धर्मानुयायी, धार्मिक वृत्ति एव धर्म स स्कारों वाले, सदाचारी तथा स तोषी होते हक्त, अल्पार भ अल्प परिग्रह से जीवन चलाते हक्त, वे हिंसा आदि मिथ्यात्व पर्यंत १८ ही पापों के देशतः(कुछ)त्यागी होते

हक्त और कुछ अ शों में उनके १८ ही पाप खुले रहते हक्त अर्थात् उनकी मर्यादाएँ होती है ।

इसी प्रकार आर भ-समार भ, करण-करावण, भोजनादि पकाना-पकवाना, पदार्थों को कूटना-पीसना, किसी को मारना पीटना ताड़ना-तर्जना, वध-ब धन करना, किसी को परिताप देना आदि क्रिया के भी अ शतः त्यागी होते है एव कुछ मर्यादा युक्त आगार भी होते हक्तस्नान, अभ्य गन, विलेपन, उबटन, शृ गार, अल कार, माला एव मनोज्ञ शब्द, रूप, ग ध, रस, स्पर्श के सुखों के देशतः त्यागी एव मर्यादित आगार वाले होते हक्त वे श्रमणोपासक अन्य भी जीव हिंसाकारी सावद्य योगों के देशतः त्यागी और मर्यादित आगार वाले होते हक्त ।

ऐसे श्रमणोपासक जीव अजीव तत्त्व के ज्ञाता, पुण्य पाप को अनुभव पूर्वक समझे हुए, आश्रव स वर निर्जरा ब ध मोक्ष के विषय में कुशल, देव दानव आदि के द्वारा भी धर्म से नहीं ड़िगने वाले, निर्ग्रंथ प्रवचन में श का का क्षा आदि दोषों से रहित, निर्ग्रंथ प्रवचन सिद्धा तों के अर्थ परमार्थ के ज्ञाता होते हक्त । उनकी हाड़-हाड़ की मज्जा धर्म प्रेम के अनुराग से अनुरक्त होती है। निर्ग्रंथ प्रवचन को ही जीवन में वे अर्थ परमार्थ रूप समझते हक्त । शेष सभी कृत्य आत्मा के लिये निष्प्रयोजन रूप समझते हक्त । दान देने की पूर्ण मनोवृत्ति वाले होते हक्त । इस कारण उनके घर के दरवाजे खुले ही रहते अथवा अ दर से ब द नहीं होते। कोई भी उन श्रावकों के घर से खाली नहीं जाता है। विशेष प्रयोजन बिना वेअ तःपुर या किसी के घर में प्रवेश नहीं करते, महीने के छः प्रतिपूर्ण (स पूर्ण सावद्य त्याग रूप) पौषध करते हक्त, श्रमण निर्ग्रंथों को कल्पनीय आहार, पानी, वस्त्र, पात्र, रजोहरण, औषधभेषज एव मकान, पाट, घास आदि परम भक्ति भाव एव विवेक के साथ प्रतिलाभित करते हुए श्रमणोपासक पर्याय में विचरण करते हक्त । अ तिम समय में यथावसर स लेखना स थारा स्वीकार करते हक्त आलोचना प्रतिक्रमण से शुद्धि करके भावसमाधि युक्त प ड़ित मरण को प्राप्त कर उत्कृष्ट बारहवें देवलोक में उत्पन्न होते हक्त वहाँ उनकी २२ सागरोपम की उत्कृष्ट स्थिति होती है । वे श्रमणोपासक धर्म के





आराधक होते हक्त एव उत्कृष्ट १५ भव से अधिक स सार भ्रमण नहीं करते है अर्थात् मोक्षगामी हो जाते है ।

**निर्ग्रंथ सुश्रमणों की गति :-** श्रमण निर्ग्रंथ श्रेष्ठधर्मी, धर्मानुरागी, धार्मिक जीवन जीने वाले होते हक्त । १८ पापों के पूर्णतः त्यागी होते हक्त अर्थात् वे- (१) हिंसा (२) झूठ (३) चोरी (४) कुशील (५) परिग्रह के पूर्ण त्यागी होते हक्त (६) गुस्सा (७) घम ड़ (८) माया-कपट-प्रप च के त्यागी होते हक्त । (९) लोभ-लालच (१०) राग (११) द्वेष से परे रहते हक्त । (१२) झगड़े कलेश करना (१३) कल क आक्षेप लगाना (१४) चुगली करना (१५) दूसरों का अवगुण अपवाद नि दा तिरस्कार करना, उनके लिए सर्वथा त्याज्य होता है । (१६) हर्ष-शोक अर्थात् मनोज्ञ प्रस ग में फूले न समाना और अमनोज्ञ प्रस गों में म्लान उदास हो जाना, उन्हें योग्य नहीं होता है । सदा ग भीर एव प्रसन्न मुद्रा में रहना ही उनका आचार होता है । (१७) कपट सहित झूठ, ठगाई, धूर्ताई के वे स पूर्ण त्यागी होते हक्त । (१८) खोटी श्रद्धा प्ररूपणा अर्थात् जिनाज्ञा से हीनाधिक, विपरीत समझने मानने एव बोलने के भी वे पूर्णतः त्यागी होते हक्त । इस प्रकार इन १८ पापों के साथ-साथ ही वे करण-करावण, आहार स्वय पकाने पकवाने, आर भ-समार भ, कूटना-पीसना, पर-परितापकारी कृत्यों के एव स्नान, शरीर की सुश्रूषा, माला, अल कार आदि प्रवृत्तियों के भी वे पूर्णतः त्यागी होते हक्त । शब्द रूप आदि इन्द्रिय विषयों में प्रवृत्त होने या विशेष प्रवृत्त होने के भी वे पूर्णतः त्यागी होते हक्त ।

ऐसे वे अणगार पाँच समिति से समित होते हक्त अर्थात् समितियों में प्रयत्नशील होते हक्त, तीन गुप्तियों से गुप्त, इन्द्रियों को वश में करने वाले, विषयों में अनाशक्त, नियमोपनियम युक्त ब्रह्मचर्य का परिपालन करने वाले, निर्ममत्वी, अकिंचन, भाव ग्र थियों से रहित एव आश्रव रहित होते हक्त । कर्म्म ब ध से रहित होते हक्त । वे सूत्रोक्त २२ उपमाओं के गुणों से स पन्न होते हक्त । निर्ग्रंथ प्रवचन को अर्थात् जिनाज्ञा एव शास्त्राज्ञा को ही प्रमुखता देकर जीवन की मानसिक, वाचिक तथा कायिक हर प्रवृत्ति करने वाले होते हक्त ।

इस प्रकार की विहारचर्या से विचरण करते हुए कई श्रमणों को केवलज्ञान केवलदर्शन उत्पन्न होता है और वे अनेक वर्षों तक केवल पर्याय में विचरण करते हक्त। फिर भक्त प्रत्याख्यान स लेखना स थारा ग्रहण कर स पूर्ण कर्मक्षय कर मोक्ष प्राप्त करते हक्त। कई श्रमण जीवन पर्यंत छद्मस्थ अवस्था में ही विचरण करते है और अ तिम जीवन में स लेखना स थारा करके उसी अवस्था में केवल ज्ञानदर्शन प्राप्त कर सिद्ध हो जाते हक्त ।

एव कई श्रमण स यम का आराधन कर जघन्य प्रथम देवलोक यावत् उत्कृष्ट सर्वार्थ सिद्ध अणुत्तर विमान में उत्पन्न होते हक्त। एव जघन्य २ पल्योपम, उत्कृष्ट ३३ सागरोपम की उम्र प्राप्त करते हक्त। उसके बाद एक भव मनुष्य का प्राप्त कर वे सिद्ध बुद्ध मुक्त हो जाते हक्त ।

**उत्तर-** प्रस्तुत प्रतिपत्ति-५ में छकाया के जीवो को लेकर स सारी जीवों के-पृथ्वीकाय, अप्काय, तेउकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय ये छ भेद किये है। इन छ के अपर्याप्त जीव एव पर्याप्त जीव अवस्था को लेकर कुल १८ भेदों में स्थिति कायस्थिति अ तर अल्पबहुत्व का निरूपण किया गया है। उसके बाद सूक्ष्म के ५ भेद करके उनकी स्थिति आदि का कथन किया गया है, वह इस प्रकार है-

**जीव के छ भेदो में स्थिति आदि परिज्ञान :-**

| जीव | स्थिति | कायस्थिति | अतर | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वीकाय | २२००० वर्ष | अस ख्याता काल | वनस्पतिकाल | |
| अप्काय | ७००० वर्ष | अस ख्याता काल | वनस्पतिकाल | |
| तेउकाय | तीन अहोरात्रि | अस ख्याता काल | वनस्पतिकाल | |
| वायुकाय | ३००० वर्ष | अस ख्याता काल | वनस्पतिकाल | |
| वनस्पतिकाय | १०००० वर्ष | अन तकाल | पृथ्वीकाल | |
| त्रसकाय | ३३ सागरोपम | २००० सागरोपम स ख्यातवर्ष साधिक | वनस्पतिकाल | |
| पृथ्वीकाय अपर्याप्त | अ तर्मुहूर्त | अ तर्मुहूर्त (अस ख्य काल) | वनस्पतिकाल | ४ विशेषाधिक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अप्काय | अ तर्मुहूर्त | अ तर्मुहूर्त | वनस्पतिकाल | ५ विशेषाधिक |
| अपर्याप्त तेउकाय | अ तर्मुहूर्त | (अस ख्य काल) अ तर्मुहूर्त | वनस्पतिकाल | ३ अस ख्यात गुणा |
| अपर्याप्त वायुकाय | अ तर्मुहूर्त | (अस ख्य काल) अ तर्मुहूर्त | वनस्पतिकाल | ६ विशेषाधिक |
| अपर्याप्त वनस्पतिकाय | अ तर्मुहूर्त | (अस ख्य काल) अ तर्मुहूर्त | पृथ्वीकाल | ११ अन त गुणा |
| अपर्याप्त त्रसकाय | अ तर्मुहूर्त | (अनंतकाल) अ तर्मुहूर्त | वनस्पतिकाल | २ अस ख्यातगुणा |
| अपर्याप्त | | (स ख्याताकाल) | | |
| **जीव** | **स्थिति** | **कायस्थिति** | **अतर** | **अल्पाबहुत्व** |
| पृथ्वीकाय पर्याप्त | उपरोक्त स्थिति से अतर्मुहूर्त न्यून | स ख्याता हजार वर्ष | वनस्पतिकाल | ८ विशेषाधिक |
| अप्काय पर्याप्त | उपरोक्त स्थिति से अतर्मुहूर्त न्यून | स ख्याता हजार वर्ष | वनस्पतिकाल | ९ विशेषाधिक |
| तेउकाय पर्याप्त | उपरोक्त स्थिति से अतर्मुहूर्त न्यून | स ख्याता दिवस | वनस्पतिकाल | ७ संख्यात गुणा |
| वायुकाय पर्याप्त | उपरोक्त स्थिति से अतर्मुहूर्त न्यून | स ख्याता हजार वर्ष | वनस्पतिकाल | १० विशेषाधिक |
| वनस्पतिकाय पर्याप्त | उपरोक्त स्थिति से अतर्मुहूर्त न्यून | स ख्याता हजार वर्ष | पृथ्वीकाल (अन तकाल) | १२ स ख्यात गुणा |
| त्रसकाय पर्याप्त | उपरोक्त स्थिति से अतर्मुहूर्त न्यून | अनेक सो सागरोपम | वनस्पतिकाल | १ सब से थोडा |
| सूक्ष्म | अतर्मुहूर्त | पृथ्वीकाल | बादर काल | |
| सूक्ष्म पर्याप्त | अतर्मुहूर्त | अंतर्मुहूर्त (संख्यातकाल) | बादर काल | |
| सूक्ष्म अपर्याप्त | अतर्मुहूर्त | अंतर्मुहूर्त (असंख्यातकाल) | बादर काल | |
| सूक्ष्म चार स्थावर | अतर्मुहूर्त | पृथ्वीकाल | वनस्पतिकाल | |
| सूक्ष्म वनस्पति | अतर्मुहूर्त | पृथ्वीकाल | बादर काल | |





**बादर की कायस्थिति और अ तर :-**

| | कायस्थिति | अ तर |
|---|---|---|
| बादर | बादर काल | पृथ्वीकाल |
| पृथ्वी आदि चार बादर | ७० क्रोडाक्रोडी सागर | वनस्पतिकाल |
| प्रत्येक वनस्पति | ७० क्रोडाक्रोडी सागर | पृथ्वीकाल |
| बादर निगोद | ७० क्रोडाक्रोडी सागर | पृथ्वीकाल |
| समुच्चय निगोद | अढाई पुद्गल परावर्तन | पृथ्वीकाल |

**बादरकाल-** अस ख्य उत्सर्पिणी अवसर्पिणी, क्षेत्र से अ गुल के अस ख्यातवें भाग की श्रेणियों के प्रदेश तुल्य।

**अल्पबहुत्व-** सबसे थोड़ा सूक्ष्म तेउकाय के अपर्याप्त, सूक्ष्म पृथ्वीकाय के अपर्याप्त विशेषाधिक, सूक्ष्म अप्काय के अपर्याप्त विशेषाधिक, सूक्ष्म वायुकाय के अपर्याप्त विशेषाधिक सूक्ष्म तेउकाय के पर्याप्ता स ख्यातगुणा, सूक्ष्म पृथ्वीकाय पर्याप्ता विशेषाधिक, सूक्ष्म अप्काय पर्याप्त विशेषाधिक, सूक्ष्म वायुकाय पर्याप्त विशेषाधिक, सूक्ष्म वनस्पति अपर्याप्त अस ख्यगुणा, सूक्ष्म वनस्पति पर्याप्त स ख्यात गुणा।

**अल्पबहुत्व-** सबसे थोड़े बादर तेउकाय पर्याप्त, त्रसकाय के पर्याप्त अस ख्यगुणा त्रसकाय अपर्याप्त अस ख्यगुणा, प्रत्येक वनस्पति पर्याप्ता अस ख्यगुणा, बादर सं[illegible] अस ख्यगुणा, बादर अप्काय [illegible] तेउकाय [illegible] ख्यगुणा, बादर पृथ्वी, अप, वायु के अपर्याप्ता क्रमशः अस ख्यगुणे, बादर वनस्पति पर्याप्ता अन तगुणा, बादर वनस्पति अपर्याप्ता अस ख्यगुणा।

## प्रतिपत्ति-६ : सप्तविधा जीव

**निगोद-** सूक्ष्म निगोद और बादर निगोद ये दोनों ही शरीर अस ख्यात [illegible]। इन दोनों निगोद के जीव अन त-अन त है। सबसे थोड़ा बादर निगोद शरीर, सूक्ष्म निगोद शरीर अस ख्यगुणा, बादर निगोद जीव

जीव के सात भेदों में स्थिति आदि का परिज्ञान :-

| जीव | स्थिति | कायस्थिति | अन्तर | अल्पबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| नरक | ३३ सागर | ३३ सागर | वनस्पतिकाल | ३ अस ख्यगुणा |
| तिर्यंच | ३ पल्य | वनस्पतिकाल | अनेक सो सागर | ७ अन तगुणा |
| तिर्यंचाणी | ३ पल्य | ३ पल्य ७ क्रोडपूर्व | वनस्पतिकाल | ४ अस ख्यगुणी |
| मनुष्य | ३ पल्य | ३ पल्य ७ क्रोडपूर्व | वनस्पतिकाल | २ अस ख्यातगुणा |
| मनुष्याणी | ३ पल्य | ३ पल्य ७ क्रोडपूर्व | वनस्पतिकाल | १ सब से थोडा |
| देव | ३३ सागर | ३३ सागर | वनस्पतिकाल | ५ अस ख्यातगुणा |
| देवी | ५५ पल्य | ५५ पल्य | वनस्पतिकाल | ६ अस ख्यातगुणी |

**प्रश्न-१ : इस प्रतिपत्ति में जीवों के ७ भेदों का वर्णन किस प्रकार दर्शाया है ?**

**उत्तर-** सात प्रकार के सब सारे जीव हैं (१) नारकी (२) तिर्यंच (३) तिर्यंचाणी (४) मनुष्य (५) मनुष्याणी (६) देव (७) देवी।

# प्रतिपत्ति-७ : अष्टविधा जीव

**प्रश्न-१ : इस प्रतिपत्ति में जीवों के ८ भेदों का वर्णन किस प्रकार है ?**

**उत्तर-** स सारी जीव आठ प्रकार के है, यथा- (१) प्रथम समय के नैरयिक (२) अप्रथम समय के नैरयिक। इसी प्रकार (३-४) प्रथम अप्रथम समय के तिर्यंच (५-६) प्रथम अप्रथम समय के मनुष्य





# प्रतिपत्ति-८ : नवविधा जीव

(७-८) प्रथम अप्रथम समय के देव। प्रथम समय वालों की **स्थिति** एव **कायस्थिति** एक समय की ही है। अप्रथम समय वालों की स्थिति कायस्थिति एक समय कम की है। **अन्तर** तिर्यंच का अनेक सौ सागर। शेष सभी का वनस्पतिकाल ।

१. सबसे थोड़े प्रथम समय के मनुष्य २. अपढ़म समय के मनुष्य अस ख्यगुणा ३. प्रथम समय के नैरयिक अस ख्यगुणा ४. प्रथम समय के देव अस ख्यगुणा ५. प्रथम समय के तिर्यंच अस ख्य गुणा ६. अप्रथम समय के नैरयिक अस ख्यगुणा ७. अप्रथम समय के देव अस ख्यगुणा ८. अप्रथम समय के तिर्यंच अन तगुणा ।

**प्रश्न-१ : इस प्रतिपत्ति में जीवों के ९ भेदों का निरूपण [illegible]**

# प्रतिपत्ति-९ : दसविधा जीव

**उत्तर-** नव प्रकार के स सारी जीव हक्त-पृथ्वीकाय, अप्काय, तेउकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय,बेइन्द्रिय तेइन्द्रिय,चौरेन्द्रिय और प चेन्द्रिय । स्थिति कायस्थिति पूर्ववत् ।

**अल्पबहुत्व-** (१) सबसे थोड़ा प चेन्द्रिय (२) चौरेन्द्रिय विशेषाधिक (३) तेइन्द्रिय विशेषाधिक (४) बेइन्द्रिय विशेषाधिक (५) तेउकाय अस ख्यगुणा (६) पृथ्वी विशेषाधिक (७) अपकाय विशेषाधिक (८) वायुकाय विशेषाधिक (९) वनस्पति अन तगुणा ।

**प्रश्न-१ : इस प्रतिपत्ति में जीवों के १० भेदों का निरूपण किस प्रकार है ?**

**उत्तर**– दस प्रकार के स सारी जीव हक्त, यथा– १.प्रथम समय के एकेन्द्रिय २. अप्रथम समय के एकेन्द्रिय ***यावत्*** १०. अप्रथम समय के प चेन्द्रिय । इनकी स्थिति कायस्थिति अ तर पूर्ववत् ।

**अल्पबहुत्व**– १. सबसे थोड़े, प्रथम समय के प चेन्द्रिय २. प्रथम समय के चौरेन्द्रिय, तेइन्द्रिय, बेइन्द्रिय, एकेन्द्रिय क्रमशः विशेषाधिक। अप्रथम समय के पूर्ववत् ।

दस जीवों की नवमी प्रतिपत्ति पूर्ण हुई। यह स सारी जीवों के प्रकार रूप जीवाभिगम का प्रथम ख ड़ स पूर्ण हुआ। अब समस्त जीवों का वर्णन द्वितीय ख ड़ में किया जाता है।

# द्वितीय विभाग

# सर्व जीव प्रतिपत्ति– १ से ९ तक

**प्रश्न–१ : इस विभाग और ९ प्रतिपत्तियों का क्या परिचय है?**

**उत्तर**– प्रथम विभाग म े २ से १० तक के जीव के भेदों में स सारी जीवों का ही समावेश किया गया है और इस दूसरे विभाग की ९ ही प्रतिपत्ति के भेदों में सिद्धों को भी समाविष्ट किया गया है। इसलिये इस विभाग की प्रतिपत्ति के साथ **सर्वजीव** लगता है और प्रथम विभाग में **स सारीजीव** ऐसा कहा जाता है। यथा– सर्वजीवप्रतिपत्ति–१ ***यावत्*** सर्वजीव प्रतिपत्ति–९ तथा स सारी जीव प्रतिपत्ति–१ से स सारी जीव प्रतिपत्ति–९ तक। यों दोनों विभाग मिलकर कुल ९+९=१८ प्रतिपत्ति है। जिसमें पहली और तीसरी प्रतिपत्ति में विषय विस्तार अधिक है शेष में सीमित विषय है।

**प्रश्न–२ : सर्वजीव प्रथम प्रतिपत्ति में विषय निरूपण किस प्रकार है ?**

**उत्तर**– सिद्ध सहित सर्व जीवों का दो भेदों में समावेश हो सके ऐसे विविध प्रकार के दो दो भेद दर्शाये गये हक्त– यथा (१) सिद्ध-स सारी





सर्व जीवों को दो भेदों में (२) सकायिक-अकायिक (३) सयोगी-अजोगी (४) सलेशी-अलेशी (५) सकषायी-अकषायी (६) सशरीरी-अशरीरी । अल्पबहुत्व सिद्ध पुनः (७) सवेदी अवेदी (८) सकषायी-अकषायी (९) ज्ञानी-अज्ञानी (१०) साकारोपयोग-अनाकारोपयोग (११) आहारक-अनाहारक छद्मस्थ आहारक, केवली आहारक और छद्मस्थ अनाहारक, सजोगी केवली अनाहारक और अजोगी केवली सिद्ध अनाहारक (१२) भाषक-अभाषक (१३) चरित्र-अचरित्र । इन १३ ही बोलों की स्थिति, कायस्थिति और अ तर तथा अल्पबहुत्व इन चारों ही भावों का निरूपण इस प्रकार है–

| जीव प्रकार | भग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अ तर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| सिद्ध | २ | सादि अनत<br>अनादि अनत | – | अल्प |
| सवेदी | १ | अनादि अनत | – | अन त गुणा |
| अवेदी | २ | १ समय–<br>अ तर्मुहूर्त | अ तर्मुहूर्त/देशोन<br>अर्धपु० परा० | अल्प |
| **नोट :** भ ग–३ = अनादि अनत, अनादि सा त, सादिसा त तीसरा भ ग की कायस्थित होती है । भग–२ = सादि सात, सादि अनत । सादि अनत की कायस्थित होती है । इसी तरह सकषायी-अकषायी का वर्णन है । | | | | |
| ज्ञानी | २ | अत०/६६ सागर सा० | देशोन अर्धपु०परा० | अल्प |
| अज्ञानी | ३ | अत०/देशोन<br>अर्धपु०परा० | ६६ सागर साधिक | अन तगुणा |
| साकार उप० | | अ तर्मुहूर्त | अ तर्मुहूर्त | स ख्यात गुणा |
| अनाकार उ० | | अ तर्मुहूर्त | अ तर्मुहूर्त | अल्प |
| भाषक | | १ समय/<br>अ तर्मुहूर्त | अ तमुहूर्त/<br>वनस्पतिकाल | अल्प |
| अभाषक | २ | अ तर्मुहूर्त<br>वनस्पतिकाल | १ समय/<br>अ तर्मुहूर्त | अन तगुणा |
| चरम | १ | अनादिसा त | – | अन तगुणा |
| अचरम | २ | सादि अन त/<br>अनादि अन त | – | अल्प |
| छद्मस्थ आहारक | | जघन्य–२ समय<br>न्यून क्षुल्लकभाव<br>उत्कृष्ट–अस ख्य<br>काल चक्र | १ समय/२ समय | (१) अनाहारक अल्प<br>(२)आहारक अस० गुणा |

| जीव प्रकार | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अंतर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|
| केवली आहारक | अंतर्मुहूर्त/देशोन क्रोडपूर्व | ३ समय | |
| छद्मस्थ अनाहारक | १ समय/२ समय | दो समय कम क्षुल्लकभव / असंख्यकाल | |
| सयोगीअना० | तीन समय | अंतर्मुहूर्त | |
| अयोगीअना० | अंतर्मुहूर्त | X | |
| सिद्ध अना० | भंग-१ सादि अनंत | X | |

**सर्व जीवो के तीन भेद :-**

**प्रश्न-३ : दूसरी प्रतिपत्ति में सर्व जीवों के तीन-तीन भेद किस प्रकार है ?**

**उत्तर-** इसमें सिद्ध सहित सर्व जीवों के तीन-तीन भेद इस प्रकार किये हैं- (१) सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, मिश्रदृष्टि (२) कायपरित, कायअपरित, नोपरित-नोअपरित (३) पर्याप्त, अपर्याप्त, नोपर्याप्त-नोअपर्याप्त (४) सूक्ष्म, बादर, नोसूक्ष्म-नोबादर (५) सन्नी, असन्नि, नोसन्नी नोअसन्नि। (६) भवी, अभवी, नोभवी नोअभवी (७) त्रस, स्थावर, नोत्रस नोस्थावर इन सात ही प्रकारों में स्थिति आदि का निरूपण इस प्रकार है-

| जीव | भंग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अंतर | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| सम्यग्दृष्टि | २ | अंत०/६६ सागर | अंत०/अर्ध पु० परा० | २ अनंतगुणा |
| मिथ्यादृष्टि | ३ | अनादि अनंत/अनादि सांत/सादि सांत | अंतर्मुहूर्त/६६ सागर | ३ अनंतगुणा |
| सम्यग्मिथ्यादृष्टि | १ | अंतर्मुहूर्त | अंतर्मुहूर्त | १ अल्प |
| कायपरित | २ | अंत०/असं० उत्सर्पिणी अवसर्पिणी | वनस्पतिकाल | २ अनंतगुणा |
| संसार परित | १ | अनादि सांत | | ३ अनंतगुणा |
| काय अपरित | १ | वनस्पतिकाल | पृथ्वीकाल | ३ अनंतगुणा |





| जीव | भंग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अंतर | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| संसार अपरित | २ | अनादि अनंत / आनादि सांत | - | - |
| नोअपरित० | १ | सादि अनंत | - | २ अनंतगुणा |
| पर्याप्त | | अनेक सो सागर अधिक | अंतर्मुहूर्त | ३ संख्यातगुणा |
| अपर्याप्त | | अंतर्मुहूर्त(अनंतकाल) | अनेक सो सागर साधिक | २ अनंतगुणा |
| नो पर्याप्त० | | सादि अनंत | - | १ अल्प |
| सूक्ष्म | | पृथ्वीकाल | बादर बाल | ३ असं० गुणा |
| बादर | | बादरकाल | पृथ्वीकाल | २ अनंतगुणा |
| नो सूक्ष्म० | | सादि अनंत | - | १ अल्प |
| सन्नी | | अनेक सो सागर अधिक | वनस्पतिकाल | १ अल्प |
| असन्नि | | वनस्पतिकाल | अनेक सो सागर साधिक | ३ अनंतगुणा |
| नोसन्नी० | १ | सादि अनंत | - | २ अनंतगुणा |
| भवी | १ | अनादि सांत | | ३ अनंतगुणा |
| अभवी | १ | अनादि अनंत | | १ अल्प |
| नोभवी० | १ | सादि अनंत | | २ अनंतगुणा |
| त्रस | | २००० सागर अधिक | वनस्पतिकाल | १ अल्प |
| स्थावर | | वनस्पतिकाल | २००० सागर अधिक | ३ अनंतगुणा |
| नोत्रस० | | सादि अनंत | - | २ अनंतगुणा |

**सर्व जीवो के चार भेद :-**

| नाम | भंग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अंतर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| मनयोगी | | १ समय/अंतर्मुहूर्त | अंत०/वनस्पतिकाल | १ अल्प |
| वचनयोगी | | १ समय/अंत० | अंत०/वनस्पकिाल | २ सं० गुणा |
| काययोगी | | अंत०/वनस्पतिकाल | १ समय/अंत० | ४ अनंतगुणा |
| अयोगी | १ | सादि अनंत | | ३ अनंतगुणा |
| स्त्रीवेदी | | १ समय/ ११० पल्य +अनेक क्रोडपूर्व | अंतर्मुहूर्त/ वनस्पतिकाल | २ सं० गुणा |
| पुरुषवेदी | | अंतर्मुहूर्त/ अनेक सो सागर साधिक | १ समय/ वनस्पतिकाल | १ अल्प |
| नपुंसकवेदी | | १ समय/ वनस्पतिकाल | अंतर्मुहूर्त/ अनेक सो सागर साधिक | ४ अनंतगुणा |
| अवेदी | २ | १ समय/अंत० | अंत०/अर्ध पु० परा० | ३ अनंतगुणा |
| चक्षुदर्शनी | | १००० सागरोपम साधिक | वनस्पतिकाल | २ असं०गुणा |
| अचक्षु दर्शनी | २ | अनादि अनंत/अनादि सांत | – | ४ अनंतगुणा |
| अवधि दर्शनी | | १ समय/ दो ६६ सागरोपम साधिक | वनस्पतिकाल | १ अल्प |
| केवल दर्शनी | १ | सादि अनंत | – | ३ अनंतगुणा |
| संयत | | १ समय/देशोन क्रोडपूर्व | अंत०/अर्ध पु० परा० | १ अल्प |
| असंयत | ३ | अंत०/देशोन अर्ध पु० प० | १ समय/देशोन क्रो०पू० | ४ अनंतगुणा |
| संयतासंयत | | अंत०/देशोन क्रोडपूर्व | अंत०/अर्ध पु० परा० | २ असं०गुणा |
| नोसंयत० | १ | सादि अनंत | | ३ अनंतगुणा |

**प्रश्न–४ : सर्व जीवों के चार भेद कौन कौन से किये गये हक्त?**

**उत्तर–** तीसरी प्रतिपत्ति में सिद्ध सहित सर्व जीवों के चार–चार भेद इस प्रकार किय हक्त– (१) मनयोगी, वचनयोगी, काययोगी, अयोगी। (२) स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपु सकवेदी, अवेदी (३) चक्षुदर्शनी, अचक्षु दर्शनी, अवधिदर्शनी और केवलदर्शनी(४) स यत, अस यत, स यतास यत, नोस यत नोअस यत नो स यतास यत(सिद्ध भगवान) ।





**सर्व जीवो के पा च भेद :-**

| नाम | भग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अतर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| क्रोधी | | अ तर्मुहूर्त / अ तर्मुहूर्त | १ समय / अ तर्मुहूर्त | ३ विशेषाधिक |
| मानी | | अ तर्मुहूर्त / अ तर्मुहूर्त | १ समय / अ तर्मुहूर्त | २ अन तगुणा |
| मायी | | अ तर्मुहूर्त / अ तर्मुहूर्त | १ समय / अ तर्मुहूर्त | ४ विशेषधिक |
| लोभी | | १ समय / अ तर्मुहूर्त | अंतर्मुहूर्त / अ तर्मुहूर्त | ५ विशेषाधिक |
| अकषायी | २ | १ समय / अ तर्मुहूर्त | अत०/ देशोन अर्ध पु० | १ अल्प |
| नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य, देव, सिद्ध, ये पा च जीव के भेद है । इनकी कायस्थिति, अ तर आदि पूर्ववत् | | | | |

इन चार प्रकार के चार भेदों के जीवों की स्थिति, कायस्थिति, अ तर एव अल्पबहुत्व का निरूपण इस प्रकार किया गया है—

**प्रश्न–५ : सर्व जीवों के पाँच भेद कौन से है और तत्स ब धी क्या निरूपण किया गया है ?**

**उत्तर–** चौथी प्रतिपत्ति में सिद्ध सहित सर्व जीवों के ५ भेद इस

**सर्व जीवो के छ भेद :-**

| नाम | भंग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अतर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| मतिज्ञानी | | अंत० / ६६ सागर अधिक | देशोन अर्ध पुद्गल | ३ विशेषाधिक |
| श्रुतज्ञानी | | अंतर्मुहूर्त / ६६ सागरोपम | देशोन अर्ध पुद्गल | ३ विशेषाधिक |
| अवधिज्ञानी | | १ समय / ६६ सागरोपम | देशोन अर्ध पुद्गल | २ असंख्यगुणा |
| मन:पर्यव० | | १ समय / देशोन क्रोडपूर्व | देशोन अर्ध पुद्गल | १ अल्प |
| केवलज्ञानी | १ | सादि अनंत | × | ४ अनंतगुणा |
| अज्ञानी | २ | अंत० / दे० अर्ध पु० प० | ६६ सागर साधिक | ५ अनंतगुणा |
| एकेन्द्रिय यावत् पंचेन्द्रिय, अनिन्द्रिय ये छ भेद है । इनकी कायस्थिति आदि पूर्ववत् । | | | | |

| नाम | भंग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अंतर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| औदारिक शरीरी | | ज० दो समय न्यून क्षुल्लकभव / असं० काल | १ समय / ३३ सागर | ३ असंख्यगुणा |
| वैक्रिय शरीरी | | १ समय / ३३ सागर अंतर्मुहूर्त अधिक | वनस्पतिकाल | २ असंख्यगुणा |
| आहारक शरीरी | | अंतर्मुहूर्त / अंतर्मुहूर्त | देशोन अर्ध पुद्गल | १ अल्प |
| तैजस-कार्मण-शरीरी | २ | अनादि अनंत / अनादि सांत | – | ५ अनंतगुणा |
| अशरीरी | १ | सादि अनंत | – | ४ अनंतगुणा |

प्रकार किये गये हक्त– (१) क्रोधी,मान,मायी,लोभी और अकषायी। (२) नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य, देव एव सिद्ध। इन दो प्रकार से किये गये पाँचों भेदों के स्थिति आदि का कथन इस प्रकार है—

**प्रश्न–६ : सर्व जीवों के ६ भेद किस प्रकार कहे गये हक्त ?**

**उत्तर–** पाँचवीं प्रतिपत्ति में सिद्ध सहित सर्व जीव के ६ भेद इस प्रकार किये हक्त– (१) मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी,

**सर्व जीवो के सात भेद :-**

| नाम | भग | कायस्थिति जघन्य/उत्कृष्ट | अंतर जघन्य/उत्कृष्ट | अल्पाबहुत्व |
|---|---|---|---|---|
| कृष्णलेशी | | ३३ सागर + अ तर्मुहूर्त | ३३ सागर + अत० | ७ विशेषाधिक |
| नीललेशी | | १० सागर+पल० का अस०भाग | ३३ सागर + अत० | ६ विशेषाधिक |
| कापोतलेशी | | ३ सागर+पल० का अस०भाग | ३३ सगार + अत० | ५ अनतगुणा |
| तेजोलेशी | | २ सागर+पल० का अस०भाग | वनस्पतिकाल | ३ सख्यातगुणा |
| पद्मलेशी | | १० सागर + अत० | वनस्पतिकाल | २ सख्यातगुणा |
| शुक्ललेशी | | ३३ सागर + अ त० | वनस्पतिकाल | १ अल्प |
| अलेशी | १ | सादि अनंत | | ४ अन तगुणा |
| पृथ्वीकाय यावत् त्रसकाय और अकाय ये सात भेद हैं । इनकी कायस्थिति आदि पूर्ववत् । | | | | |





केवलज्ञानी और अज्ञानी। (२) एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौरेन्द्रिय, प चेन्द्रिय और अनिन्द्रिय (३) औदारिक शरीरी आदि पाँच एव अशरीरी। इन तीन प्रकार के ६–६ भेदों में स्थिति आदि का निरूपण इस प्रकार है–

**प्रश्न–७ : सर्व जीवों के सात भेद किस प्रकार होते हक्त ?**

**उत्तर–** छट्ठी प्रतिपत्ति में सिद्ध सहित सर्व जीवों के सात भेद इस प्रकार दर्शाये हक्त– (१) कृष्णलेशी आदि ६ लेश्या वाले यावत् शुक्ललेशी [illegible] (२) पृथ्वीकाय से लेकर त्रसकाय तक छ भेद और सातवा अकाय जीव इन दोनो प्रकारो के सात-सात भेदो में स्थिति आदि इस प्रकार हक्त–

**सर्व जीवो के आठ भेद :-**

| नाम | भग | कायस्थिति | अंतर |
|---|---|---|---|
| भीति अज्ञानी | ३ | देशोन अर्धपुद्गल परावर्तन | ६६ सागर साधिक |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] |

**प्रश्न–८ : सर्व जीवों के आठ भेदों का निरूपण किस प्रकार है ?**

**उत्तर–** सातवीं प्रतिपत्ति में सिद्ध सहित सर्व जीवों के आठ भेद इस प्रकार दर्शाये हक्त– (१) पाँच ज्ञानी और तीन अज्ञानी जीव (२) नारकी, देव, देवी, तिर्यंच, तिर्यंचणी, मनुष्य, मनुष्याणी और सिद्ध भगवान। इन दोनों प्रकार के आठ भेदों की स्थिति आदि का कथन इस प्रकार है–

**प्रश्न–९ : सर्व जीवों के ९ तथा १० भेदों का निरूपण किस प्रकार है ?**

**उत्तर–** आठवीं प्रतिपत्ति में सिद्ध सहित सर्व जीवों के ९ भेद इस प्रकार दर्शाये हक्त– (१) एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौरेन्द्रिय, नारकी, तिर्यंच, देव, मनुष्य और सिद्ध भगवान। (२) प्रथम समय के नैरयिक, अप्रथम समय के नैरयिक यों प्रथम अप्रथम समय के तिर्यंच, मनुष्य, देव ये आठ तथा नौवें सिद्ध भगव त। इन दोनों प्रकार के ९ भेदों की

## सूत्रगत विविध विषय :-

| | | आयाम विष्क भ | परिधि | द्वारो का अ तर/ आकार | ऊ चाई | ऊ डाई | मूल में विस्तार | मध्य में विस्तार | उपर विस्तार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ज ब्बूद्वीप | १ लाख योजन | ३,१६, २२७ यो॰ ३ कोस २८ ध॰ १३ अ॰ | ७९०५२ योजन / गोल | – | – | – | – | – |
| २ | ज ब्बूद्वीप जगती | – | ” ” ” ” | गोपुच्छ स स्थान | ८ योजन | – | १२ योजन | ८ योजन | ४ योजन |
| ३ | जाल कटक जगती | ५०० धनुष | ” ” ” ” | वलयाकार | आधा योजन | – | – | – | – |
| ४ | पद्मवर वेदिका | ५०० धनुष | ” ” ” ” | वलयाकार | आधा योजन | – | – | – | – |
| ५ | वन ख ड | देशोन दो योजन | ” ” ” ” | वलयाकार | – | – | – | – | – |
| ६ | विजया राजधानी | १२००० योजन | ३७९४८ यो.साधिक | गोल | – | – | – | – | – |
| ७ | परकोटा | – | – | वलयाकार | ३७$\frac{१}{२}$ योजन | – | १२॥ योजन | ६। योजन | ३ यो. ०॥कोस |
| ८ | ५०० द्वार | ६२॥ योजन | – | १३$\frac{२}{५}$ यो॰ | ३१। योजन | – | – | – | – |
| ९ | कपि- शीर्षक | आधाकोस ×५०० ध॰ | – | – | देशोन आधाकोस | – | – | – | – |
| १० | वन्ख ड ४ | १२०००× ५०० यो॰ | – | – | – | – | – | – | – |
| ११ | लवण समुद्र | २ लाख | १५,८१, १३९ यो॰ साधिक | ३९५२८० योजन | १६००० योजन | १००० योजन | – | – | – |
| १२ | धातकी ख ड्डीप | ४ लाख योजन | ४१,१०, १६१ यो॰ साधिक | १०,२७, ७३५ यो॰ ३ कोस | – | – | – | – | – |





| | | आयाम विष्क भ | परिधि | द्वारो का अ तर/ आकार | ऊ चाई | ऊ डाई | मूल में विस्तार | मध्य में विस्तार | उपर विस्तार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १३ | कालोदधि | ८ लाख योजन | ९१,७०, ६०५ यो. साधिक | २२,९२, ६४२ यो. ३ कोस | – | – | – | – | – |
| १४ | पुष्कर द्वीप | १६ लाख योजन | १,९२,८९, ८९४ यो. | ४८,२२, ४९६ यो. | – | – | – | – | – |
| १५ | आभ्यंतर पुष्कर | ८ लाख योजन | १,४२,३०, २४९ यो. | – | – | – | – | – | – |
| १६ | अढीद्वीप | ४५लाख योजन | १,४२,३० २४९ यो. | – | – | – | – | – | – |
| १७ | मानुषोत्तर पर्वत | – | १,४२,३६ ७१९ यो. (बाह्य) | – | १७२१ योजन | ४३० योजन १ कोस | १०२२ योजन | ७२३ योजन | ४२४ योजन |
| १८ | अ जन- गिरी | – | – | – | ८४००० योजन | १००० योजन | १०००० योजन साधिक | १०००० योजन | १००० योजन |
| १९ | नंदा पुष्करिणी | १ लाख योजन | – | – | – | १० योजन | – | – | – |
| २० | दधिमुखा | १०००० योजन | – | – | १०००० योजन | १००० योजन | – | – | – |

## ॥ सर्व जीव प्रतिपत्ति स पूर्ण ॥

॥ जीवाभिगम सूत्र स पूर्ण ॥

॥ तीन उपा ग सूत्र स पूर्ण ॥

॥ जैनागम नवनीत प्रश्नोत्तर भाग-६ स पूर्ण ॥

# परिशिष्ट-१

**प्रश्न-१ : आगम में आये पुहुत्त-पुहत्त शब्द का सही अर्थ, शब्दार्थ क्या है ?**

**उत्तर-** जीवाभिगम सूत्र, भगवती सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में पुहत्त या पुहुत्त शब्द का अनेक बार प्रयोग हुआ है, क्वचित् उत्तराध्ययन वगैरह सूत्रों में भी पुहत्त शब्द प्रयोग देखा जाता है ।

जब शास्त्रकार को कहीं भी अनेक स ख्या को, अनेक स ख्या के विकल्पों को एक शब्द में कहना होता है तब पुहत्त शब्द का प्रयोग किया जाता है। पुहत्त शब्द का स स्कृत रूपान्तर **पृथक्त्व** बनता है। जिसका शब्दार्थ होता है- अलग-अलग, भिन्न-भिन्न, विभागरूप अथवा एकत्व का प्रतिपक्ष-अनेकत्व=अनेक ।

आगमोक्त इस पुहत्त शब्द को थोकडों में **प्रत्येक** शब्द से कहा जाता है। जो भाषा दृष्टि से एव अर्थ दृष्टि से भी उपयुक्त नहीं है।फिर भी थोकडा प्रचलन से यह पर परा में बहु प्रचलित हो गया है। वास्तव में आगम की टीकाओं से और आगम प्रयुक्त पद्धति से इसका अर्थ **प्रत्येक** नहीं किंतु **अनेक** ऐसा किया जाना ज्यादा सुस गत होता है ।

**टीकाकारों एव कोशकारों के प्रमाण-**

**(१)** जीवाभिगम टीका पृ.११९ में- ***पुहत्त पृथक्त्व-पृथक् शब्दो बहुवाची।***

**(२)** कर्म प्रकृति स ग्रहणी चूर्णीकार-***पुहत्त शब्दो बहुवाची, इति प्रभूतानि रूपाणि विकुर्वितु प्रभवः ? उत्तर- पृथक्त्वमपि प्रभवो विकुर्वितु ।*** अनेक (सेकडों, हजारों) रूपों की विकुर्वणा करने में समर्थ होता है। ***भगवती सूत्र श. १२, उद्दे.९।***

**(३)** ***एगत्त-पुहत्तिया भ गा भाणियव्वा-*** एक वचन के और बहुवचन के भ ग कह लेने चाहिये ।-***भगवती सूत्र ।***

**(४)** ***एगत्तेण पुहुत्तेण, ख धा य परमाणु य ।*** (उत्तरा.)पुद्गलों के एकत्रित





होने पर स्क ध बनता है और अलग-अलग विभाग होने से परमाणु अवस्था बन जाती है ।

(५) प्रज्ञापना सूत्र में देवों के आहार, श्वासोश्वास के दिनों की स ख्या कहने में भी पुहुत्त शब्द का प्रयोग किया गया है। पल्योपम के आठवें भाग की स्थिति वालों से लेकर देशोन दो पल्योपम तक वालों के लिये भी यह एक ही शब्दप्रयोग किया है। फिर भी उन सभी स्थिति वालों के श्वास के दिनों में और आहार के दिनों में फर्क है। क्योंकि स्थिति में फर्क है।

(६) भगवतीसूत्र शतक २२ में अनेक फलों और बीजों की अवगाहना भी **पुहुत्त** शब्द से कही गई है अर्थात् अ गुल पुहुत्त, विहत्थी पुहुत्त, रयणी पुहुत्त आदि ।

(७) जीवाभिगम और प्रज्ञापना सूत्र में तिर्यंच प चेन्द्रिय की अवगाहना कहने में एव मनुष्य की अवगाहना कहने में तथा कई जगह कायस्थिति कहने में **पुहुत्त** शब्द का प्रयोग किया गया है । वहाँ धणु, धणुपुहुत्त, के बाद गाउ, गाउपुहुत्त कहा गया है जिससे दो से लेकर १९९९ धनुष का ग्रहण भी **धणुपुहुत्त** शब्द से किया गया है ।

(८) इस प्रकार प्रज्ञापना, भगवती, जीवाभिगम में पुहुत्त शब्द से कहीं दो, कहीं सात, कहीं नौ, कहीं बारह, कहीं ९९, कहीं १९९, कहीं १९९९, कहीं स ख्याता, कहीं अस ख्याता और कहीं अन त तक का ग्रहण भी पुहुत्त शब्द से किया गया है। इस प्रकार पुहुत्त शब्द का विशाल अर्थ है और ऐसे विशाल अर्थ को कहने वाला हिन्दी शब्द **अनेक** या **बहुत** है।

अतः आगम में प्रयुक्त धणुपुहुत्त, कोडीपुहुत्त, सयपुहुत्त, सहस्स-पुहुत्त, अ गुलपुहुत्त, रयणिपुहुत्त, विहत्थीपुहुत्त, वासपुहुत्त, कोडीसय-पुहुत्त, कोडीसहस्सपुहुत्त आदि शब्दों को हिन्दी भाषा में क्रमशः अनेक धनुष, अनेक गाऊ, अनेक क्रोड, अनेक सौ, अनेक हजार, अनेक अ गुल, अनेक हाथ, अनेक बेंत, अनेक वर्ष, अनेक मास, अनेक सौ करोड, अनेक हजार करोड, इन शब्दों में कहना चाहिये।

थोकडों की प्रचलित भाषा में कभी भूल से एव भ्रम से **अनेक** के स्थान पर प्रत्येक शब्द का प्रयोग कर दिया गया है जो रूढ होकर पर परा से चला आ रहा है अर्थात् प्रत्येक धनुष, प्रत्येक गाउ, प्रत्येक करोड, प्रत्येक हजार, प्रत्येक सौ करोड आदि एव उस प्रत्येक शब्द का अर्थ भी सीमित मान लिया गया है कि दो से नौ तक।

वास्तव में यह शब्द प्रयोग और उसका माना गया अर्थ भी आगम से अस गत है । आगमिक शब्द पुहुत्त है उसका स स्कृत शब्द पृथक्त्व है और हिन्दी भाषा का शब्द अनेक है और उसका आगम आशय वाला अर्थ विशाल है। जब जहाँ जो घटित हो वही अनिर्दिष्ट स ख्या के अर्थ को कहने वाला यह शब्द है । इस एक ही शब्द से अनेक स ख्या एक साथ भी कह दी जाती है। यथा- अनेक मास वाले मनुष्य अमुक देवलोक तक जाते हक्त और अनेक वर्ष वाले अमुक देवलोकों मेंजातेहक्त। तो इस प्रास गिक शब्द में २ महीने और दो वर्ष वाले भी ग्रहित है और आगे अनेक महीनों और अनेक वर्ष वालों का भी ग्रहण है। कदाचित् कोई देवलोक में दो महिने वाला नहीं जावे, ऐसा भी हो तो अनेक शब्द में वह चल सकता है। अनेक वर्ष में तीसरे देवलोक में और बारहवें देवलोक में और अनुत्तर विमान में जाने वाले के वर्ष भिन्न रहे तो भी चल सकते हक्त। अतः अनेक(पुहुत्त) शब्द को २ से ९ तक में बाँधना भी उचित नहीं होता है ।

चौथे आरे के मनुष्यों की अवगाहना ज बूद्वीप प्रज्ञप्ति में अनेक धनुष कही है तो वहाँ प्रयुक्त **पुहुत्त** शब्द से एक साथ २ धनुष वाले भी ग्रहित है और ५०० धनुष वाले भी ग्रहित है। इसलिये भी पुहत्त शब्द को २ से ९ तक में बांधना आगम सम्मत नहीं होता है।

इस प्रकार आगमोक्त पुहुत्त शब्द को थोकडों में प्रत्येक शब्द से कहना अनुपयुक्त है, उसे चलाते रहना भी गलत है। अतः उक्त प्रमाण चर्चा से चिंतन मनन कर, सही पद्धति रूप "अनेक" शब्द का प्रयोग करना चाहिये । यथा-अनेक करोड, अनेक सौ करोड, अनेक हजार करोड इत्यादि प्रयोग करने चाहिये। किंतु प्रत्येक करोड, प्रत्येक सौ करोड, प्रत्येक हजार करोड, प्रत्येक मास, प्रत्येक वर्ष, ऐसा नहीं





कहना चाहिये तथा जघन्य दो करोड उत्कृष्ट नौ करोड जघन्य दो हजार करोड उत्कृष्ट नौ हजार करोड ऐसा निश्चित स ख्या खोल कर भी नहीं बोलना चाहिये। क्योंकि जहाँ आगम में स ख्या नहीं खोल कर पुहुत्त शब्द कहा है, वहाँ बिना आगमाधार के ऐसी स ख्या निश्चित नहीं करना चाहिये। ऐसा करने से कई दोष उत्पन्न होते हक्त, आगम विपरीत कथन होते हक्त तथा कई जगह उलझने खडी होती है, जिसे कल्पनाओं से हल करना पडता है। अतः पहले से ही सही निराबाध सुस गत शब्द **अनेक** का प्रयोग एव उसके अर्थ का निरूपण करना चाहिये ।

**प्रश्न-२ : आएसेण शब्द तो शास्त्रों में अपेक्षा दर्शाने के लिये आता है तो प्रस्तुत शास्त्र जीवाभिगम में आये आएसेण से टीकाकार ने मान्यता और वादी-प्रतिवादी रूप अर्थ-चर्चा करी है तो उपयुक्त क्या है ?**

**उत्तर-** आगमों में आएस=आदेश शब्द प्रयोग अनेक जगह पर हुआ है। भगवती सूत्र के २४ वें गम्मा शतक में बीसवें द्वार के दो विकल्प कियेहक्त- १. भवादेश २. कालादेश। भवादेश में भवों की स ख्या बताई जाती है और कालदेश में स्थिति बताई जाती है ।

न दीसूत्र में मति श्रुतज्ञान के लिये कहा गया है कि- ***आएसेण सव्व दव्व , सव्व खेत्त , सव्व काल , सव्व भाव जाणइ पासइ ।*** श्रुतज्ञानी अपेक्षा से सर्व द्रव्य क्षेत्र आदि को जानता है ।

जीवाभिगम में आदेश शब्द प्रार भ से ही प्रयुक्त है अर्थात् इस सूत्र की प्रार भिक रचना पद्धति आदेश शब्द की मौलिकता के साथ ही है। इस सूत्र में नौ प्रतिपत्तियों का विभाजन भी आदेश शब्दप्रयोग के साथ है। आगे दूसरी प्रतिपत्ति में स्थिति और कायस्थिति में भी आदेश शब्द के प्रयोग से युक्त कथन है।

जीवाभिगम सूत्र की उत्थानिका में यह बताया गया है कि(एक आदेश से-एक अपेक्षा से या एक प्रकार से)जीव के दो भेद है। एक आदेश से जीव के तीन भेद हक्त, यों क्रमशः बढाते हुए एक आदेश से जीव के दस भेद हक्त, ऐसा कहा गया है। फिर इन नौ प्रतिपत्तियों में उन दो तीन चार आदि भेदों पर स्थिति आदि की विचारणा की गई है ।

अभिधान राजेन्द्र कोश में भी **आएस** शब्द को प्रकारवाची बताया गया है। जिसमें प्रज्ञापनासूत्र जीवाभिगम सूत्र आदि से उद्धरण दिये गये है, यथा-

**१-एकेन आदेसेन ।** आदेश शब्द इह प्रकार वाची ।

**२-** ***आएसो त्ति पगारो इति वचनात् । एकेन प्रकारेण, एक प्रकार अधिकृत्य इति भावार्थः ।***

इस प्रकार आदेश शब्द का अर्थ **प्रकार** या **अपेक्षा** है, यह स्पष्ट है। जीवाभिगम सूत्र की दूसरी प्रतिपत्ति में स्त्रीवेद की स्थिति चार प्रकार की और कायस्थिति पा च प्रकार की बताई गई है। फिर चारों, पा चों अपेक्षा से स्थितियों का स्पष्टीकरण किया गया है।

यहाँ टीकाकार आचार्य मलयगिरिजी ने स्थिति में अपेक्षा का कथन किया है और कायस्थिति में अपेक्षा कहते कहते मान्यता शब्द के प्रयोग में पहुँच गये हक्त। फिर उसे आचार्यों के मतभेद रूप में दिखाने समझाने का प्रयत्न भी किया है। किन्तु उन्होंने ही अनेकों स्थलों पर आदेश शब्द का परिभाषार्थ व्याख्यार्थ "अपेक्षा" और "प्रकारवाची" किया है। अतः कायस्थिति के इस प्रस ग में मान्यता कथन एक शाब्दिक (शब्दप्रयोग पद्धति की) स्खलना मात्र है। क्योंकि यह "आदेश" शब्द और इसका विषय इतना स्पष्ट है कि इस शब्द से मान्यता में उलझने का कोई प्रश्न ही नहीं हो सकता। न दीसूत्र, भगवतीसूत्र के उक्त स्थलों से और जीवाभिगमसूत्र की नव प्रतिपत्तियों के प्रार भिक वर्णन से सुस्पष्ट है कि जैनागमों में "आदेश" शब्द अपेक्षा और प्रकार अर्थ में प्रसिद्ध एव प्रचलित है ।

मान्यता भेद-मता तर आदि को दिखाने के लिये आगम में "आदेश" शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। उसके लिये भिन्न शब्दों का प्रयोग किया गया है अर्थात् आगमों में मान्यता भेद के भी अनेक पाठ कई सूत्रों में है किन्तु वहाँ कहीं पर भी **आदेश** शब्द का प्रयोग नहीं है । वे प्रयोग इस प्रकार है-





(१) ज बूद्वीपप्रज्ञप्ति सूत्र में वक्षस्कार २, पृष्ट-५६० में कुलकर के विषय में मान्यता भेद **अन्ने पढ ति** इस प्रयोग से बताया गया है ।

(२) ज बूद्वीपप्रज्ञप्ति में ऋषभकूट के वर्णन में मान्यता भेद **पाढ तर** इस शब्द द्वारा कहा गया है ।

(३) उत्सर्पिणी के चौथे आरे के वर्णन में मतभेद **अण्णे पढ ति** शब्द से दिखाया है ।

(४) प्रज्ञापना पद १७ में **केई भण ति** इस शब्द का प्रयोग किया है ।

(५) व्यवहारसूत्र में **एगे एव आह सु, एगे पुण एव** ऐसा प्रयोग है।

(६) भगवतीसूत्र में मान्यता भेद के कथन हेतु **केई अपज्जत्तगा पद्म भण्ण ति, पच्छा पज्जत्तग** ऐसा वाक्यप्रयोग किया गया है ।

(७) ज्ञातासूत्र में देव के उपस्थित होने के वर्णन में **पाठ तर** शब्द के द्वारा मान्यता भेद कहा गया है ।

इस प्रकार मान्यता भेद के कथन आगमों में है। इनमें विविध शब्द या वाक्यप्रयोग है किंतु कहीं भी आदेश शब्द नहीं है। तथा इन मान्यता भेदों में दो विकल्प ही है अर्थात् दो से अधिक मान्यता भेद के विकल्प आगम में कहीं भी नहीं है। जब कि आदेश शब्द न दी में केवल एक विकल्प के लिये, भगवती में दो विकल्प के लिये और जीवाभिगम में तो ४-५ और ९ विकल्पों के लिये प्रयुक्त है। अतः अनेक विकल्पों वाले कायस्थिति के प्रस ग में आदेश शब्द को आचार्यों की मान्यता भेद में उलझाना और मानना कदापि उचित नहीं माना जा सकता। टीकाकार का इस प्रकार का कथन भ्रमपूर्ण एव स्ववचन विरोध दोषयुक्त है और आगम विपरीत भी है, यह स्पष्ट समझना चाहिये। अतः कायस्थिति के विकल्पों को मान्यता भेद कहना छाद्मस्थिक भूल है। उसका आग्रह न करते हुए अपेक्षा विशेष के विकल्प ही समझने चाहिये ।

यह स भव भी नहीं हो सकता कि इतनी सरल सी बात में आचार्यों के पा च भिन्न मत हो जाय और वे पाँचों ही इतने उलझन

में पड जाय कि उनका समन्वय न कर सकने से सूत्र में पा च मत दिखाने पड जाय, यह एक क्लिष्ट और अयुक्त कल्पना है। तथा उससे आचार्यों की अल्पज्ञता और हठाग्रहवृत्ति सिद्ध होती है। अतः गलत कल्पना में सरल विषय को नहीं उलझाकर आदेश शब्द के प्रचलित प्रसिद्ध और वास्तविक अर्थ के द्वारा ही विषय को समझना चाहिये और वैसे समझने में किसी प्रकार की सैद्धांतिक बाधा भी उत्पन्न नहीं होती है ।

**सार–** आदेश शब्द में अनेक विकल्प, प्रकार और अपेक्षा अर्थ करना चाहिये । मान्यता भेद अर्थ नहीं करना चाहिये। आगमों में मान्यता भेद के लिये अन्य शब्दों का प्रयोग होता है। आदेश शब्द का प्रयोग मान्यता भेद के लिये नहीं होता है। आदेश शब्द से मान्यता भेद में उलझना एक छाद्मस्थिक भूल है एव आगम विपरीत चिंतन प्ररूपण है। विद्वान आचार्यों से भी छाद्मस्थिक भूलें होना स भव है इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है एव हिचकने की भी आवश्यकता नहीं है। क्योंकि भूल तो गौतम गणधर से भी हो सकती है जिसे एक श्रावक भी टकोर कर सकता है ।

**प्रश्न–३ : एक समय की कायस्थिति जो मात्र स यम के गुणस्थानों में होती है वह मरने के निमित्त से ही होती है या यों भी १ समय के परिणाम होकर स्वाभाविक ही अन्य परिणामों से बाधित हो जाते हक्त?**

**उत्तर–** भगवतीसूत्र, प्रज्ञापनासूत्र, जीवाभिगमसूत्र में कई भावों परिणामों (स्थानों) की एक समय की कायस्थिति कही गई है। व्याख्याकारों ने उसे समझाने के लिये, कहीं मरने की अपेक्षा घटित किया, कहीं परिणामों के परिवर्तन का स्पष्टीकरण किया। कहीं **"ही"** लगाया है तो कहीं **"भी"** लगाया है। किसी भी तरह से आगम कथन को घटित कर समझाने का यत्न किया है। फिर भी यह मानना ही होगा कि किसी भी तरह समझा जाय तो भी एक समय का उदयभाव और एक समय का वह परिणाम अवश्य ही होता है । एक समय के बाद दूसरा भाव और दूसरा उदय भी अवश्य होता ही है अर्थात् किसी भी तरह मानने पर उस प्रकृति का एक समय का उदय स्वभाव और उस भाव का एक





समय से भावा तर में परिवर्तन होने का स्वभाव तो मानना ही होगा।

यथा–स्त्रीवेद की एक समय की कायस्थिति यदि मरने की अपेक्षा समझी गई तो भी एक समय का स्त्रीवेद उदय स्वभाव तो मानना ही पडेगा और स्त्री परिणाम भाव का एक समय में परिवर्तित होना भी मानना ही पडेगा ।

अतः आगम में जिनभावों की एक समय की कायस्थिति कही है उसके स ब ध में ऐसा एका त नहीं मानना चाहिये कि– "कोई भी परिणाम एक समय में स्वाभाविक परिवर्तन होते ही नहीं है, केवल मरने से ही एक समय की स्थितिएँ बनती है। " क्योंकि ऐसा मानने में आगम का कोई प्रमाण नहीं है और व्याख्याकारों का भी ऐसा एका त आशय नहीं है। इसके लिये कुछ प्रमाण दिये जा रहे हक्त, उस पर अनुप्रेक्षण करना चाहिये–

(१) भगवतीसूत्र शतक २५ में पुलाक आदि सभी निय ठों में हायमान, वर्धमान और अवस्थित परिणामों की स्थिति कही है । उसमें जघन्य एक समय की स्थिति कही गई है। इससे स्पष्ट होता है कि परिणामों का एक समय का होना और परिवर्तित होना आगमकार को इष्ट है। पुलाक निर्ग्रंथ में भी एक समय में परिणाम परिवर्तित होना कहा है और इस निर्ग्रंथ अवस्था में काल करना भी नहीं माना गया है। इसीलिये टीकाकार श्री अभयदेवसूरी जी ने भगवती सूत्र के २५ वें शतक में स्पष्ट किया है कि कषाय आदि से बाधित होने पर पुलाक निर्ग्रंथ के इन हायमान वर्धमान अवस्थित परिणामों की १ समय की स्थिति बनती है।

सभी निर्ग्रंथों के अवस्थित परिणाम की उत्कृष्ट स्थिति भी सात समय की कही गई है। बकुश आदि निर्ग्रंथों के एक समय की स्थिति को समझाते समय टीकाकार ने मरण से समझाने में **भी** शब्द का प्रयोग किया है। अर्थात् मरने से भी एक समय की स्थिति घटित होती है यहाँ लगाये भी शब्द से भी स्पष्ट होता है कि एका त मरने से ही एक समय की स्थिति मानना टीकाकार को अभिमत नहीं है ।

मरण की अपेक्षा समझने के आग्रह में श्रेणी अवस्था रूप अप्रमत्त दशा में वर्तमान श्रमण का भी स्त्री वेद के परिणामों में जाना नपु सकता के परिणामों में जाना एव श्रमणी का पुरुषवेद के परिणामों में जाना मानना पडता है, यह अप्रमत्तदशा में विपरीत लिंग के परिणामों का मानना भी उपयुक्त नहीं लगता है ।

छट्ठे गुणस्थानवर्ती प्रमत्त श्रमण के भी ऐसे अन्य लिंगी के परिणामों का होना एक विचित्र स्टेज है जो उदय की प्रबलता से स भव है। किन्तु ऐसी विचित्र स्टेज अप्रमत्त और श्रेणी में वर्तमान उच्चदशा के श्रमण में मानना अत्य त विचारणीय है। और ऐसे विचित्र परिणामों के स्टेज में मरकर अणुत्तर आदि देवों में उत्पन्न होना मानना और भी विचारणीय है ।

अतः एक समय की स्थितियों को स्वभाव से परिणाम से मानने में हिचकना नहीं चाहिये और मरते समय ही होने का एका त आग्रह नहीं करना चाहिये ।

(२) सामान्य रूपेण, विशेष रूपेण आदिष्टस्य जीवस्य यद् अव्यवछेदेन भवन सा कायस्थिति ।

(३) सर्व विरतिस्तु सर्व सावद्य अह न करोमि इत्येव रूपा, ततस्तत् प्रतिपत्ति उपयोग एक सामयिकोपि भवति ।

(४) आह च मूलटीकाकार- ***पढम समये काय जोगेण गहियाण भासा दव्वाण , बिईय समये वइ जोगेण निसग्ग काउण, उवरम तस्स, मरण तस्स वा एक समयो लब्भइ । मन योग के लिये भी तीसरे समय- उपरमते म्रियते वा तदा एक समय मनोयोगी लभ्यते ।***

यहाँ परिणामों के स्वाभाविक परिवर्तित होने पर भी एक समय की स्थिति होना टीकाकार ने समझाया है ।

(५) अवधिज्ञान की एक समय की कायस्थिति के लिये- च्यवनेन मरणेन, अन्यथा वा अन तर समये प्रतिपतति तदा अवधिज्ञानस्य एक-समयता भवति । यहाँ भी परिणामों के परिवर्तितत हो जाने से एक





समय में अवधिज्ञान का नष्ट होना स्वीकार किया है एव मृत्यु की अपेक्षा भी ।

(६) अवधिज्ञान के समान ही विभ गज्ञान के एक समय को टीका में सिद्ध किया है ।

(७) जीवाभिगम टीका पृष्ट(पत्र)६० में क्षयोपशम की विचित्रता से भी एक समय की स्थिति मानी है- ***सर्व विरति परिणामस्य तदावरण कर्म क्षयोपशम वैचित्र्यतः समयमेक स भवात् ।***

(८) प्रज्ञापना टीका में अवधिज्ञान का एक समय-***मरणतः प्रतिपातेन, मिथ्यात्व गमनतो वा ।***

जीवाभिगम टीका पृ-४६० में विभ ग ज्ञान की एक समयता के लिये **सम्यक्त्व लाभतो ज्ञान भावेन** ऐसा किया है । इन दोनों व्याख्याओं से भी स्पष्ट है कि मरने के बिना भी मिथ्यात्व या समकित आने पर भी परिणाम एक समय के हो सकते हक्त । जिससे वह ज्ञान एक समय रहता है ।

(९) जीवाभिगम टीका पृ.४५२ अवधिदर्शन की एक समय की स्थिति, मरण से और अध्यवसाय परिवर्तन से यों दोनों तरह से समझाई है।

(१०) अवधिदर्शन का अ तर एक समय- ***अन तर समये पुनस्तद् लाभः*** अर्थात् बीच के परिणाम एक समय स्वाभाविक रहेंगे यह स्पष्ट है ।

**सार-** १. स यम अवस्था में बिना काल किये ही कई प्रकृतियों का स्वाभाविक एक समय का उदय हो सकता है। २. कई परिणाम एक समय की स्थिति के अन तर परिवर्तित हो सकते हक्त। ३. प्रकृतियों का क्षयोपशम काल एक समय का हो सकता है । ४. और काल करने पर भी कई अवस्थाएँ एक समय की हो सकती है । ५. साथ ही कई भाव केवल अ तर्मुहूर्त के ही स्वाभाविक होते हक्त। वे मरने की अपेक्षा भी एक समय के नहीं होते। यथा- पुरुषवेद, काययोग, दोनों उपयोग, तीनों कषाय, ६ लेश्या आदि जघन्य अ तर्मुहूर्त ही होना आगमकार को ईष्ट है। ६. अस यत अवस्था में एक समय के परिणाम नहीं होते ।

७. वहाँ मरने की अपेक्षा से एक समय की स्थिति बनती है। ८. अतः धर्माचरणी तीनों वेद के एक समय की कायस्थिति अ तर आदि को स्वाभाविक परिणामों के परिवर्तन से मान्य करना सुस गत होता है। ९. स यम अवस्था के भावों की किसी भी एक समय की स्थिति के लिये मरणकाल का ही एका त आग्रह नहीं रखना चाहिये ।

किसी भी स्थिति को एका त रूप से मरण की अपेक्षा समझाने का प्रयत्न करने से व्याख्याकारों के सामने उलझन सी पैदा हुई है ऐसा ज्ञात होता है एव इन जघन्य स्थितियों को समझाने के प्रयत्न में कहीं आगम से अन्यथा तत्त्व का कथन भी हुआ है और कहीं मूलपाठ को शुद्ध अशुद्ध या पाठा तर मानने की स्थितिएँ भी उत्पन्न हुई है। अतः एका त में न जाते हुए आगम आशय को सरल विधि से ही समझने का प्रयत्न करना चाहिये एव अनेका तिक बुद्धि से चिंतन करना चाहिये।

**प्रश्न-४ : आएसेण शब्द की टीका के लिये प्रश्न.२ में उस व्याख्या के लिये छाद्मस्थिक भूल होने का उल्लेख किया गया है तो टीकाओं व्याख्याओं में अन्यत्र भी कहीं ऐसी छाद्मस्थिक भूलें हुई है ?**

**उत्तर-** अनेका त सिद्धा त युक्त वीतराग मार्ग से एका तवाद का रोग दूर ही रहता है। एका तवाद उलझनों का जनक है जब कि अनेका तवाद उलझनों का शोधक है ।

सर्वज्ञता के पूर्व की अवस्था के सामान्य अथवा विशिष्ट ज्ञानी छद्मस्थ अपने कई आदर्श गुणों से सर्वज्ञ तुल्य, जिन नहीं पण जिन सरीखा, केवली नहीं पण केवली सरीखा, ऐसी उपमा द्वारा उपमित कियेजा सकतेहक्त। वैसे सर्वोच्च छद्मस्थज्ञानी भी भूल के पात्र हो सकते हक्त तथा वे सरलता पूर्वक शुद्धि कर सकतेहक्त। इसके लिये आगम उपासक दशा सूत्र में आन द श्रावक और गौतम गणधर क घटित घटनाचक्र आज भी उपलब्ध है ।

अतः कोई कितना भी विद्वान छद्मस्थ है, जिनशासन में उसके लिये व्यक्तिमहत्त्व देकर अ धानुकरण नहीं किया जा सकता है। छद्मस्थ मात्र





भूल का पात्र है अर्थात् उनसे भूल होना स भव है, अस भव नहीं है ।

भगवान महावीर के दीर्घकाल के इस शासन में कई महापुरुषों ने आगम सेवा की है, अपना जीवन आगम सेवा में अर्पित भी किया है। अनेकों ने अ गबाह्य आगमों की रचना की है और अनेकों आचार्यों ने उपलब्ध आगमों की विस्तृत व्याख्या भी की है। सर्वज्ञता के अभाव में छोटी बडी भूलें उनसे भी हुई है। जिज्ञासुओं की जानकारी के लिये कुछ तत्त्व यहाँ प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जिन्हें जानकर यह अनुभव अनुप्रेक्षण करना चाहिये कि किसी भी छद्मस्थ आचार्य का कथन यदि सापेक्ष नहीं है तो उसके आग्रह में नहीं पडना चाहिये। किसी भी आगम तत्त्व से उनका कथन अस गत या विपरीत हो तो उस पर ग भीरता पूर्वक विचारणा करके सही निर्णय लेना चाहिये, किन्तु **बाबा वाक्य प्रमाण** की उक्ति को चरितार्थ नहीं करना चाहिये ।

(१) जीवाभिगम टीका एव प्रज्ञापना टीका में अवधिदर्शन की कायस्थिति समझाने में विभ गज्ञान की कायस्थिति का उल्ल घन कर दिया गया है। नरक में उपयोग लाने ले जाने के सिद्धा त का भी उल्ल घन हुआ है। इस प्रकार एक तत्त्व को समझाने में दो तीन सूत्रों से विपरीत कथन हुआ है क्योंकि कायस्थिति जीवाभिगम एव प्रज्ञापना से विपरीत हुई और उपयोग का भगवती सूत्र से विपरीत कथन हुआ है ।

(२) अनेक प्रमाणों से **आएसेण** का "अपेक्षा से" यह अर्थ प्रमाणित और शुद्ध है फिर भी स्त्रीवेद की कायस्थिति में पा च अपेक्षा को पा च मता तर कह दिया गया और मत के प्ररूपक अलग अलग वादी मान लिये गये। उनमें आपस में समाधान नहीं होना मानकर सूत्र में वे मतभेद लिखे गये, ऐसा मान लिया गया। जब कि जीवाभिगम सूत्र की आदेश कहने की वह पद्धति ही है जिसका आल बन स्पष्ट रूप से प्रार भ में ही लिया गया है ।

(३) टीका में देवलोकों की अवगाहना बताने में आगम विपरीत कथन कर दिया गया है ।

(४) अपर्याप्त की कायस्थिति का विवेचन करने में भगवती सूत्र के गम्मा शतक से विपरीत कथन है ।

(५) प्रज्ञापना पद १२ एव २१ में वायुकाय के पर्याप्तों के स ख्यातवें भाग वालों को वैक्रिय करना कह दिया गया एव **उक्त च** कहकर उसे अन्य गाथा द्वारा सिद्ध कर दिया गया है जब कि आगम में अस ख्यातवें भाग कहा गया है ।

(६) प्रज्ञापना पद २१ की व्याख्या में सूर्य की किरणों को अवल बन कर आकाश में गमन करना कह दिया है। जो असत् कल्पित मात्र है।

(७) प्रज्ञापना पद २३ टीका में बकुल नामक वनस्पति के पा च भावेन्द्रिय होने का कथन कर दिया है। जब कि उसी सूत्र के १५ वें पद में एकेन्द्रिय के एक द्रव्येन्द्रिय और एक ही भावेन्द्रिय होना स्पष्ट कहा गया है। ऐसी विपरीत प्ररूपणा के लिये भी फिर यह कहा गया है कि- ***आगमेपि प्रोच्य ते ।*** जब कि किसी भी आगम में ऐसा कथन नहीं है ।

(८) अ तरद्वीपों का वर्णन आगम जीवाभिगम में स्पष्ट है कि ज बूद्वीप की जगती से दूर जल के मध्य वे सभी द्वीप स्वत त्र आये हुए है फिर भी जगती से एक दाढा निकलना बताया और उस दाढा पर उन द्वीपों का होना कहा है।

(९) देव नरक का अ तर्मुहूर्त का अ तर मनुष्य के भव से समझाया है, जब कि देव के साथ मनुष्य का अ तर्मुहूर्त का स ब ध ही नहीं है । अनेक मास या अनेक वर्ष के बिना मनुष्य देवलोक में या नरक में नहीं जाता है, यह भगवती सूत्र के गम्मा शतक से स्पष्ट है ।

(१०) नौवें से बारहवें देवलोक के अनेक वर्ष के अ तर को समझाते हुए कह दिया कि यहाँ स यम ग्रहण के बिना कोई जीव उत्पन्न नहीं होता जब कि आगमानुसार १२वें देवलोक तक श्रावक, मिथ्यादृष्टि और गोशालकप थी भी जा सकते हक्त ।

(११) देवलोकों में जीव, पाँच स्थावर रूप में अन तवार उत्पन्न हुए





हक्त यह कथन सूक्ष्म स्थावर की मुख्यता से है फिर भी देवलोकों में बादर तेउकायपने उत्पन्न होना कह दिया जब कि बादर तेउकाय अढाई द्वीप में ही होती है ।

(१२) देवों के जघन्य अ तर के विषय में कहीं से गाथा उद्धृत कर आगम विपरीत कथन कर दिया गया कि आठवें देवलोक तक ९ दिन की उम्र वाला मनुष्य उत्पन्न होवें और दूसरा देवलोक तक अ तर्मुहूर्त की उम्र वाला मनुष्य उत्पन्न हो सकता हक्त, ऐसा प्ररूपण किया है। जब कि मनुष्य तो अनेक मास या अनेक वर्ष के बिना देवलोक में जाता ही नहीं है। अ तर्मुहूर्त और नौ दिन का प्रश्न ही क्या ?

(१३) पुरुषवेद की कायस्थिति प्रज्ञापना और जीवाभिगम में जघन्य अ तर्मुहूर्त की कही गई है फिर भी कह दिया कि एक समय होनी चाहिये। जब कि आगम से विपरीत कथन हो रहा है ।

(१४) अकषायी की कायस्थिति एक समय की सूत्रों में स्पष्ट है फिर भी विवेचन में एक समय की स्थिति वाला पाठ सामने होते हुए भी अ तर्मुहूर्त के वृद्धवाद को सही कह दिया ।

(१५) पंचेन्द्रिय की कायस्थिति १००० सागरोपम साधिक सूत्रों में कही गई है एव पर परा में प्रसिद्ध है। टीकाकार स्वय ने पन्नवणा पद १८ में उसकी टीका करी हक्त, जीवाभिगम पडिवत्ती ४ में भी १००० सागरोपम की टीका करी है। फिर भी जीवाभिगम सर्व जीव पडिवत्ति ९ में उन्हीं टीकाकार ने बिना कुछ निर्देश चर्चा के अनेक सौ सागर की टीका कर दी है ।

(१६) जीवाभिगम सूत्र की नौ पडिवत्तियों के प्रार भिक पाठ की व्याख्या में आदेश का अपेक्षा अर्थ करते-करते वादी भी कहना शुरू तो किया किन्तु वादी कहने में नहीं पहुँचे। किन्तु उसके आगे पडिवत्ति दूसरी में स्त्रीवेदी की कायस्थिति के पाँच प्रकार में वादी कहना प्रार भ किया और फिर एका त रूप से वादी के आग्रह युक्त प्ररूपण

वाला विवेचन कर दिया और पाँच मतभेद होना बता दिया, जो कि पूर्ण रूप से अस गत है ।

(१७) जीवाभिगम प्रतिपत्ति-२ में पाँचवें आदेश के विवेचन में- १. स्त्री के लगातार ९ भव होना बता दिया । २. जलचर, उरपरिसर्प, भुजपरिसर्प के आठ भव का निषेध करके उत्कृष्ट सात भव होना ही कह दिया। ३. आठवाँ भव एका त रूप से जुगलिये का ही होता है, ऐसा प्ररूपण कर दिया। ४. पर्याप्त के लगातार आठ भव ही होना कह दिया। ये कथन आगम सम्मत नहीं है और कोई परस्पर भी अस गत है। क्योंकि भगवती में जलचर उरपरिसर्प आदि के आठ भव का कालादेश कहा गया है । पर्याप्त के लगातार आठ से ज्यादा भव हो सकते हक्त । मनुष्य के लगातार आठ भव करने के बाद वह देवलोक में जा सकता है। इस तरह पर्याप्त के आठ से ज्यादा भव हो जातेहक्त। तभी पर्याप्ता की कायस्थिति अनेक सौ सागर की होती है। दो ६६ सागर अवधिदर्शन की स्थिति को सही रूप में समझाने के लिये भी कम से कम १० भव पर्याप्त के बताये जाते हक्त ।

(१९) पन्नवणा पद २१ की टीका में विद्याचारण के लिये कहा कि यह स यमवान नहीं होता है। जबकि आगमानुसार यह लब्धि स यमवान को ही होती है।

(२०) पुरुषवेद की अ तर्मुहूर्त की कायस्थिति को अवास्तविक कह दिया और कहा कि वेश परिवर्तन की अपेक्षा अ तर्मुहूर्त है वास्तव में भाव परिणाम की अपेक्षा तो एकसमय की ही जघन्य कायस्थिति होती है। इसका मतलब यह हुआ कि आगमकार एक ही सूत्र के एक ही प्रकरण में एक वेद की कायस्थिति द्रव्य वेष की अपेक्षा कहे और दो वेद की कायस्थिति भाव-परिणाम की अपेक्षा कहे, ऐसी कल्पना टीकाकार द्वारा करना भी उपयुक्त नहीं समझा जा सकता- ***प्रज्ञापना टीका. पृ.४५१ ।***





उक्त २० स कलन विद्वान आचार्य मलयगिरि से स ब धित है। जिनका कि जैनागम टीका साहित्य में एक अनूठा स्थान है। ये तेरहवीं शताब्दि के साधनासिद्ध पुरुष थे। आप में श्रुतसेवा की अनुपम लगन थी। छाद्मस्थिक क्षयोपशम की विचित्रता से ही निर्दिष्ट त्रुटिएँ स भव हुई है। आप एक भवभीरू, नम्र, सरल, आचार्य हुए है। आगम विपरीत प्ररूपण का किंचित भी स कल्प आपका नहीं होगा, फिर भी उक्त भूलें आप से हो ही गई है ।

(२१) निशीथ उद्देशक-२ में पादप्रोंछन का रजोहरण अर्थ कर दिया गया है, जबकि रजोहरण स ब धी दस सूत्र आगे पाँचवें उद्देशक में अलग है। पादप्रोंछन औपग्रहिक उपकरण अलग है, रजोहरण औघिक उपकरण अलग है। इन दोनों को एक कर देना भ्रम है । विशेष जानकारी के लिये पुष्प १२ में देखना चाहिये ।

(२२) विसुयावेइ- निशीथ उद्देशक दो में पादप्रोंछन के सूत्रों में अ तिम सूत्र में **विसुयावेइ** क्रिया है जिसका अर्थ है पृथक करना अर्थात् काष्ठ द ड से पादप्रोंछन को अकारण खोल कर अलग करना। किन्तु इस सही अर्थ को छोडकर धूप देना, सुखाना, धोना आदि अर्थ किये है। जब कि किसी भी उपधि को धूप देना सूर्य के ताप में सुखाना कोई दोष नहीं होता है अपितु गुणकर होता है और यदि किसी भी कारण से गीला हो गया तो उसे सूखाना तो आवश्यक कर्तव्य है उसे दोष रूप में कथन करके प्रायश्चित कहने का कोई प्रयोजन नहीं हो सकता है ।

(२३) निशीथ उद्देशा-३, सूत्र-७३ **गोलेहणियासु** यह शब्द भूमि का विशेषण है । जिसका प्रास गिक अर्थ है हल हाँकी हुई जमीन पर लघुनीत बडीनीत नहीं परठना और परठने पर सचित मिट्टी के कारण प्रायश्चित आता है। इस सीधे और उपयुक्त अर्थ को छोडकर गायों के जानवरों के चरने की भूमि इत्यादि अयुक्त अस गत अर्थ किये गये हक्त । विशेष जानकारी के लिये आगम प्रकाशन समिति ब्यावर से प्रकाशित इस सूत्र का विवेचन देखना चाहिये ।

(२४) निशीथ उद्देशा ३ में **अणुग्गए सूरिए** शब्द है जिसका आशय है जिस स्थान पर सूर्य का ताप नहीं आता हो ऐसे अयोग्य स्थान में मलत्याग नहीं करना चाहिये। चाहे रात्रि में हो या दिन में, कभी भी ऐसे स्थान पर शौचनिवृति नहीं करना ।इस अर्थ को छोडकर ऐसा अर्थ किया गया है कि सूर्योदय के पहले मलमूत्र परठने नहीं जाना किन्तु भाजन में शौच निवृति करके रख देना, फिर सुबह परठना। ऐसा अर्थ आगम विपरीत कथन है। आगम में परठने की भूमि से युक्त मकान का होना, स ध्या समय मल विसर्जन की तीन भूमि का प्रतिलेखन करना एव रात्रि में परठने जाने के एव शौचनिवृति के लिये जाने, बैठने स ब धी कई विधान है। अतः रात्रि में अर्थात् सूर्योदय के पूर्व मल विसर्जन करने या परठने मकान के बाहर नहीं जाना, ऐसा अर्थ करना उपयुक्त नहीं है एव आगम सापेक्ष भी नहीं है ।

(२५) निशीथ उद्देशा १९ में औषध स ब धी सात सूत्र है अ तिम सातवें सूत्र में विहार में दवा ले जाने स ब धी प्रायश्चित है। उस जगह प्रयुक्त **वियड** शब्द के अर्थ भावार्थ को मद्य-मादक पदार्थ से स ब धित कर दिया है। जो कि जैन श्रमण के अयोग्य है। मद्य मा स सेवन नरक का कारण है उसे साधु उपयोग में ले और विहार में रखे फिर भी उसका लघु प्रायश्चित कहा जाय, यह भी उपयुक्त नहीं होता है ।

(२६) व्यवहार सूत्र उद्देशा २ में श्रमण के लिये **अट्ठ जाय** विशेषण दिया है जिसका अर्थ है कि किसी इच्छा में तीव्रता के कारण रूग्ण बना साधु । किन्तु यहाँ अर्थ कर दिया कि धन की इच्छा करने वाला साधु अर्थात् अपने परिवार वालों के लिये धन प्राप्ति की इच्छा में तल्लीन होकर रूग्ण पागल सा बना साधु। यहाँ सूत्र में उस रूग्ण साधु की सेवा करने का निर्देश है। रूग्ण सेवा आदि से स ब धित साधु के लिये धनप्राप्ति का अर्थ और विवेचन करना उपयुक्त नहीं है ।

(२७) व्यवहारसूत्र उद्देशा ३ सूत्र १-२ में **गणधारण** का विषय है जिसका अर्थ मुखिया बनकर विचरण करना या मुखिया बनकर विचरण





करने वाला है। वहाँ उसके लिये योग्य होना भी कहा है, साथ ही आज्ञा लेकर विचरण करना कहा है। बिना आज्ञा विचरण करने का निषेध किया है और प्रायश्चित भी कहा है। इसका अर्थ व्याख्याकारों ने आचार्य बनना, गणी या गच्छाधिपति बनने से जोड दिया है, वह उपयुक्त नहीं है। क्योंकि आचार्य उपाध्याय आदि की योग्यता गुण, श्रुत आदि का कथन उस सूत्र से बाद आगे के सूत्रों में ही है ।

(२८) व्यवहार सूत्र उद्देशा-९ में **सोंडियसाला** शब्द है जहाँ पर श्रमण को गोचरी जाने का प्रस ग है उसका अर्थ होता है खाद्यसामग्री या मिष्ठान सामग्री, ऐसा अर्थ न करके मद्यशाला अर्थ विवेचन कर दिया है। जब कि मद्यशाला में साधु के जाने का प्रस ग ही नहीं हो सकता ।

(२९) व्यवहारसूत्र उद्देशा-१० में श्रमण के अध्ययन स ब धी वर्णन दीक्षापर्याय के वर्षों से स ब धित करके कहा गया है। उसका ऐसा अर्थ कर दिया कि इतने वर्ष पहले यह सूत्र पढाना ही नहीं, जो कि आगम तात्पर्य से विपरीत अर्थ है। क्यों कि इसी सूत्र में तीन वर्ष की दीक्षा वाले को बहुश्रुत होने पर एव आचारा ग निशीथ सूत्र के मूल एव अर्थ सहित धारण करने वाला होने पर, उपाध्याय पद पर प्रतिष्ठित करना कहा है। अतः तीन वर्ष के पहले आचारा ग निशीथ नहीं पढाना यह अर्थ करना स्पष्ट ही आगम विपरीत है ।

(३०) ***व्यवहार उद्देशा-३ में निरुद्ध परियाए और निरुद्धवास परियाए*** शब्द है जिनका क्रमशः सीधा सा स गत अर्थ है अत्यल्प दीक्षा पर्याय (एकदिन) और अल्प वर्ष पर्याय(तीन वर्ष से कम)वाले को भी किसी परिस्थिति में आचार्य उपाध्याय पद दिया जा सकता है। इस अर्थ को छोडकर जबरन(बलात्) दीक्षा छोडने से किसी श्रमण को निरुद्ध पर्याय बनाना आदि विस्तृत विवेचन किया है जो मात्र कल्पना रूप ही है ।

ये छेद सूत्रों स ब धी स कलन है इस स ब धी विशेष जानकारी के लिये पूर्व निर्दिष्ट विवेचन युक्त शास्त्र का अध्ययन करना चाहिये ।

इसमें निर्युक्तिकार, भाष्यकार, टीकाकार और चूर्णिकार सभी अपेक्षित है। अन्य भी सूत्रों की व्याख्याओं में ऐसी कई भूलें है। उन सब का यहाँ स कलन नहीं करके नमूना रूप थोडा सा स कलन दिया गया है। तटस्थतापूर्वक चिंतन मनन अनुभव करने वालों के लिये इतना ही पर्याप्त होगा ।

**सार**– तात्पर्य यही है कि छद्मस्थ मात्र भूल का पात्र है, अतः खुद के लिये का अन्य किसी विद्वान के लिये, किसी भी प्रकार का मान गुमान और दुराग्रह, हठाग्रह नहीं करके आगम सापेक्ष चिंतन मनन की गु जाईश रखते हुए जिज्ञासा वृति रखकर सत्य खोजते रहने का प्रयत्न करना चाहिये और सारे प्रयत्नों चिंतनों को आगम कसौटी पर कसने की बुद्धि रखनी चाहिये। किन्तु ***बाबा वाक्य प्रमाण*** की वृत्ति नहीं रखनी चाहिये तथा अपनी स्वच्छ द बुद्धि कल्पित आगम निरपेक्ष निर्णय लेने की वृत्ति भी नहीं रखनी चाहिये ।

## प्रश्न-५ : गुणस्थानों स ब धी परिज्ञान-स्वरूप एव विशेषताएँ किस प्रकार वर्णित हैं ?

**उत्तर**– १४ गुणस्थानों का सुगम और सहजग्राही स्वरूप समवाया ग सूत्र के प्रश्नोत्तर में दिया गया है। देखें प्रश्नोत्तर भाग-२, पृष्ट-२४२ । इसके अतिरिक्त गुणस्थानों में पाये जाने वाले कुछ तात्विक बोलों को यहाँ कोष्टक द्वारा स क्षेप में एव आगे भी विस्तार से दिया जाता है ।

आगम समवाया ग में १४ गुणस्थानों के नाम मात्र है । गुणस्थान स ब धी अन्य प्रकीर्णक वर्णन तत्व वर्णन आगमों से प्रस्फुटित होता है जो थोकडाओं में स कलित किया गया है । उसे ही यहाँ स क्षेप में कोष्टक से दर्शाया जाता है। कर्मग्रंथ में भी गुणस्थानों का विस्तृत स्वरूप प्राप्त होता है, जो प्रायः आगम से मेल खाने वाला है। क्वचित् १-२ तत्त्व ही आगम से भिन्न जाते है जो कर्मग्र थ के विवेचन में स्वीकारा गया है ।





## गुणस्थानो में २५ द्वार

| गुण स्थान | १ योग | २ ज्ञान अज्ञान | ३ दर्शन | ४ लेश्या | ५ जीव के भेद | ६ कर्म बंध | ७ उदय | ८ उदीरणा | ९ सत्ता | १० निर्जरा | ११ चारित्र | १२ निर्यंठा | १३ परीषह | १४ गुणस्थान आगत | १५ गुणस्थान गत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | १३ | ३ अ॰ | ३ | ६ | १४ | ७/८ | ८ | ६/७/८ | ८ | ८ | असंयम | × | × | २,३,४,५,६ | ३,४,५,७ |
| २ | १३ | ३ ज्ञा॰ | ३ | ६ | ६ | ७/८ | ८ | ६/७/८ | ८ | ८ | " | × | × | ४,५,६ | १ |
| ३ | १० | ३ अ॰ | ३ | ६ | १ | ७ | ८ | ६/७/८ | ८ | ८ | " | × | × | १,४,५,६ | १,४,५,७ |
| ४ | १३ | ३ ज्ञा॰ | ३ | ६ | २ | ७/८ | ८ | ६/७/८ | ८ | ८ | " | × | १ | १,३,५,६, ७ से ११ | १,२,३,५,७ |
| ५ | १२ | ३ | ३ | ६ | १ | ७/८ | ८ | ६/७/८ | ८ | ८ | संयमासंयम | × | १ | १,३,४,६ | १,२,३,४,७ |
| ६ | १४ | ४ | ३ | ६ | १ | ७/८ | ८ | ६/७/८ | ८ | ८ | ३ | ४ | २२/२० | ७ | १,२,३,४,५,७ |
| ७ | ११ | ४ | ३ | ३ | १ | ७/८ | ८ | ६ | ८ | ८ | ३ | ३ | २२/२० | १,३,४,५,६,८ | ६,८,४ |
| ८ | ९ | ४ | ३ | १ | १ | ७ | ८ | ६ | ८ | ८ | २ | १ कं॰ | २१/१९ | ७,९ | ७,९,४ |
| ९ | ९ | ४ | ३ | १ | १ | ७ | ८ | ६ | ८ | ८ | २ | १ कं॰ | १८/१६ | ८,१० | ८,१०,४ |
| १० | ९ | ४ | ३ | १ | १ | ६ | ८ | ६/५ | ८ | ८ | १ सूं॰ | १ कं॰ | १४/१२ | ९,११ | ९,११,१२,४ |
| ११ | ९ | ४ | ३ | १ | १ | २ | ७ | ५ | ८ | ७ | १ यथा॰ | १ निं॰ | १४/१२ | १० | १०,४ |
| १२ | ९ | ४ | ३ | १ | १ | २ | ७ | ५/२ | ७ | ७ | १ | १ निं॰ | १४/१२ | १० | १३ |
| १३ | ७ | २ | २ | १ | १ | २ | ४ | २ | ४ | ४ | १ | १ स्ना॰ | ११/९ | १२ | १४ |
| १४ | × | १ | १ | × | १ | × | ४ | २/× | ४ | ४ | १ | १ स्ना॰ | ११/९ | १३ | मोक्ष |

| गुण स्थान | १६ सम | १७ आहारक | १८ ध्यान | १९ सज्ञा | २० स ङ्ख्या | २१ समुद्घात | २२ शाक्तत | २३ उपजे | २४ पावे | २५ अल्पबहुत्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | १ | दोनो | २ | ४ | ६ | ५ | शाक्तत | असंख्य | अनंत | ११ अनंतगुणा |
| २ | १ | दोनो | २ | ४ | ६ | ५ | अशाक्तत | असंख्य | असंख्य | ८ असंख्यगुणा |
| ३ | १ | आहारक | २ | ४ | ६ | ५ | ” | ” | ” | ९ असंख्यगुणा |
| ४ | ४ | दोनो | ३ | ४ | ६ | ५ | शाक्तत | ” | ” | १० असंख्यगुणा |
| ५ | ४ | आहारक | ३ | ४ | ६ | ५ | शाक्तत | ” | ” | ७ असंख्यगुणा |
| ६ | ४ | ” | २ | ४ | ६ | ६ | शाक्तत | अनेक हजार | अनेक हजार करोड | ६ संख्यातगुणा |
| ७ | ४ | ” | १ धर्म | × | ६ | ४ | अशाक्तत | ” | अनेक सौ करोड | ५ संख्यातगुणा |
| ८ | २ | ” | शुक्ल | × | १/३ | × | ” | १६२ | अनेक सो | =३ संख्यातगुणा |
| ९ | २ | ” | ” | × | १/३ | × | ” | १६२ | अनेक सौ | =३ संख्यातगुणा |
| १० | २ | ” | ” | × | १/३ | × | ” | १६२ | ” | =३ संख्यातगुणा |
| ११ | २ | ” | ” | × | १/३ | × | ” | ५४ | ” | १ सबसे थोडा |
| १२ | १ | ” | ” | × | १ | × | ” | १०८ | ” | २ संख्यातगुणा = |
| १३ | १ | दोनो | ” | × | १ | × | शाक्तत | १०८ | अनेक करोड | ४ संख्यातगुणा |
| १४ | १ | अनाहारक | ” | × | १ | × | अशाक्तत | १०८ | अनेक सो | २ संख्यातगुणा = |

**नोट-** द्वारों की स ख्या में स कलनकर्ता की अभियुचि समझनी चाहिए । आगमोक्त निश्चित स ख्या नहीं होने से कोई कितना भी स्पष्टीकरण आगम सापेक्ष कर सकता है ।





## चार्टगत द्वारों का स्पष्टीकरण-

**(१) योग-** पहले, दूसरे और चौथे गुणस्थान में आहारक और आहारक मिश्र दो योग नहीं पाने से १५-२=१३ योग। तीसरे गुणस्थान में औदारिक मिश्र वैक्रियमिश्र और कार्मण ये तीन योग और कम होने से १३-३=१०योग(औदारिक योग, वैक्रिय योग और ४ मन ४ वचन) होतेहक्त। पाँचवें गुणस्थान में आहारक-आहारकमिश्र और कार्मण ये तीन योग नहीं होने से १५-३=१२ योग। छट्ठे गुणस्थान में १४ योग, कार्मण नहीं होता। सातवें गुणस्थान में ११ योग, तीन मिश्र और कार्मण योग नहीं। आठवें से १२वें तक ९ योग(औदारिक तथा ४ मन, ४ वचन योग)। तेरहवें में सात योग- २ मन, २ वचन योग, औदारिक, औदारिकमिश्र और कार्मण। चौदहवें गुणस्थान में योग नहीं होते, अयोगी केवली गुणस्थान है।

**(२) ज्ञान अज्ञान-** पहले, तीसरे गुणस्थान में ३ अज्ञान। दूसरे, चौथे, पाँचवें में तीन ज्ञान। छट्ठे से १२वें तक ४ ज्ञान। तेरहवें चौदहवें में एक केवलज्ञान।

**(३) दर्शन-** बारह गुणस्थान तक ३ दर्शन। अ तिम दो गुणस्थान में एक केवलदर्शन।

**(४) लेश्या-** छ गुणस्थान तक ६ लेश्या। सातवें में ३ लेश्या शुभ। आठवें से आगे एक शुक्ल लेश्या। १४वें में लेश्या नहीं, अलेशी।

**(५) जीव के भेद-** प्रथम गुणस्थान में १४, सभी। दूसरे गुणस्थान में-६ जीव के भेद। तीन विकलेन्द्रिय एव असन्नि प चेन्द्रिय का अपर्याप्त और सन्नी प चेन्द्रिय का अपर्याप्त पर्याप्त दोनों ४+२=६।

**(६) कर्मब ध-** तीसरे गुणस्थान में आयुष्य कर्म नहीं ब धता है, अत: ८-१=७ कर्म का ब ध। शेष एक से सात गुणस्थान तक सात या आठ कर्म का ब ध। क्यों कि आयुष्य कर्म जीवन में एक बार ब धता है तब आठ, शेष समय में सात कर्म का ब ध। दसवें गुणस्थान में मोहकर्म का ब ध घटने से ६ कर्म का ब ध। आगे के ११,१२,१३ गुणस्थान में साता वेदनीय का ब ध। १४ वें गुणस्थान में अब ध।

**(७) कर्मउदय–** १ से १० गुणस्थान तक आठ ही कर्मों का उदय। ११वें १२वें में ७ कर्मों का उदय। १३वें १४वें गुणस्थान में ४ कर्मों का उदय।

**(८) उदीरणा–** भगवती सूत्र शतक–११ में एकेन्द्रिय के ६,७,८ कर्मों की उदीरणा कही है। इस पर से प्रार भ के ६ गुणस्थान तक ७,८,६ कर्मों की उदीरणा। ७वें, ८वें और ९वें गुणस्थान में ६ कर्म की उदीरणा। यहाँ ७ में आयुष्य कर्म घटता है और ६ में आयुष्य और वेदनीय दोनों कर्मघटतेहक्त। दसवें गुणस्थान के प्रार भ में ६ और अ त में ५ कर्म की उदीरणा मोहकर्म और घटा। ११वें गुणस्थान में ५ की और १२वें के प्रार भ में ५ की अ त में २ कर्म (नाम–गोत्र कर्म) की उदीरणा। तेरहवें गुणस्थान में दो कर्म की उदीरणा और १४वें में २ की तथा अ त में अनुदीरणा।

**(९) सत्ता–** १ से ११ गुणस्थान तक ८ कर्म की सत्ता। १२वें गुणस्थान में ७ कर्मों की सत्ता। १३वें १४वें गुणस्थान में ४ अघाति कर्म की सत्ता।

**(१०) निर्जरा–**दस गुणस्थान तक ८ कर्मों की निर्जरा। ११ वें १२वें गुणस्थान में ७ कर्मों की निर्जरा। १३वें १४वें में ४ कर्मों की निर्जरा।

**(११) चारित्र**–सामायिक आदि ५ चारित्र है। १ से ४ गुणस्थान तक मेंअस यम। पाँचवेंमेंस यमास यम। छट्ठे–सातवें में ३ चारित्र– सामायिक, छेदोपस्थापनीय, परिहारविशुद्ध। आठवें नौवें में २ चारित्र, परिहारविशुद्ध कम हुआ। दसवें में–१ सूक्ष्म स पराय। उपर के ४ गुणस्थानों में एक यथाख्यात चारित्र होता है।

**(१२) निय ठा–** पाँच गुणस्थान तक निय ठा नहीं। छट्ठे गुणस्थान में चार– पुलाक, बकुश, प्रतिसेवनाकुशील और कषायकुशील। सातवें गुणस्थान में तीन, पुलाक नहीं। आठवें, नौवें, दसवें में एक कषाय कुशील। ११ वें १२वें में एक निर्ग्रंथ। १३ वें १४ वें में एक स्नातक निय ठा होता है।

**(१३) परीषह–** तीन गुणस्थान तक परीषह नहीं। चौथे, पाँचवें





गुणस्थान में एक दर्शन परीषह। छट्ठे सातवें में २२ परीषह। एक साथ में २० होवे=शीत–उष्ण में से एक और चर्या-निषद्या में से एक होवे। यों २ कम होवे। आठवें में २१, दर्शन परीषह नहीं और एक साथ में १९ होवे। नौवें में १८। स्त्री, भय, अरति ये तीन परीषह कम होवे। दसवें से १२ वें गुणस्थान तक निषद्या, याचना, अचेल, सत्कार-पुरस्कार मोहनीय के ये ४ कम होने से १८–४=१४। जिसमें १२ परीषह साथ में होवे, चरिया-शय्या परीषह साथ में नहीं वेदे एव शीत-उष्ण में से एक वेदे। १३वें १४वें गुणस्थान में ११। जिसमें एक साथ ९ परीषह होवे। दो परीषह साथ में नहीं होवे १०वें गुणस्थान के समान। परीषह स ब धी परिज्ञान भगवती श.८ उद्दे.८ से स्पष्ट होता है।

**(१४–१५) गुणस्थानों में परस्पर आगतगत–(१)** दूसरे से छट्ठे गुणस्थान वाले सभी **पहले गुणस्थान** में आ सकते है। पहले गुणस्थान वाले तीसरे, चौथे, पाँचवें और सातवें गुणस्थान में सीधे जा सक्तेहक्त। दूसरे छट्ठे और आठवें से ऊपर के गुणस्थान में सीधे नहीं जाते। **(२)** चौथे, पाँचवें, छट्ठे गुणस्थान वाले सीधे **दूसरे गुणस्थान** में आ सकते है और दूसरे गुणस्थान वाला मात्र एक प्रथम गुणस्थान में ही जाता है। **(३) तीसरे गुणस्थान** में १,४,५,६ गुणस्थान वाला सीधा आ सकता है और तीसरे वाला १,४,५,७ में सीधा जा सकता है। **(४) चौथे गुणस्थान** में १,३,५,६ एव ७ से ११ गुणस्थान वाले आ सकते है और चौथे वाला १,२,३,५,७ गुणस्थान में सीधा जा सकता है।

**(५) पाँचवें गुणस्थान** में १,३,४,६ गुणस्थान वाले आवे और पाँचवें वाला १,२,३,४,७ वें गुणस्थान में जावे। **(६) छट्ठे गुणस्थान** में–एक सातवें गुणस्थान वाला ही आता है और छट्ठे वाला १,२,३, ४,५,७ में जाता है।

**(७) सातवें गुणस्थान** में १,३,४,५,६,८ वें गुणस्थान वाले आते हक्त और सातवें गुणस्थान वाला ६,८,४ में जाता है अर्थात् चढ़े तो आठवें, पडे तो छट्ठे, काल करे तो चौथे में जावे। **(८ से १४)** ये गुणस्थान कोष्टक से समझ लेना। इनमें चढ़े तो, पड़े तो तथा काल

करे तो, ऐसा बोलना। १२ वें १३ वें गुणस्थान में काल नहीं करे, मात्र चढ़े ही। १४ वें में मात्र काल करके मोक्ष में जावे किन्तु चढ़े पड़े नहीं।

**(१६) सम्यक्त्व(समकित)**–पहले गुणस्थान में मिथ्यात्व। दूसरे में सास्वादन। तीसरे में मिश्र। चौथे से सातवें तक में ४– उपशम, क्षयोपशम, क्षायिक और वेदक समकित। आठ से ११ तक में–२, क्षायिक और उपशम। १२,१३,१४ गुणस्थान में एक क्षायिक समकित। इस द्वार में ५ समकित और मिथ्यात्व और मिश्रदृष्टि गिन कर कुल सात का कथन है।

**(१७) आहारक**– पहला, दूसरा, चौथा और तेरहवाँ ये चार गुणस्थान आहारक अनाहारक दोनों। वाटे वहेता एव केवली समुद्घात की अपेक्षा। १४वाँ गुणस्थान अनाहारक। तीसरा तथा पाँचवें से १२वें तक के ९ गुणस्थान आहारक ही है, अनाहारक नहीं होते।

**(१८) ध्यान**– १,२,३ गुणस्थान में आर्त–रौद्र २ ध्यान। चौथे, ५वें में ३–धर्म ध्यान बढा। छट्ठे में–२, आर्त,धर्म। सातवें में–१ धर्मध्यान। आठ से १४ तक एक शुक्लध्यान। एक से ६ तथा तेरहवाँ इन सात गुणस्थानों में ध्यान रहित(ध्याना तरित=ध्यान सिवाय) अवस्था भी होती है। शेष गुणस्थान अप्रमत्त और अल्प समय वाले अर्थात् अ तर्मुहूर्त की स्थिति वाले होने से उनमें धर्म या शुक्ल में से एक ध्यान अवश्य होता है।

**(१९) स ज्ञा**– १ से ६ गुणस्थान तक चारों स ज्ञा। आगे स ज्ञा नहीं होती। उन्हें नोस ज्ञोपयुक्त कहा जाता है। **(२०) स हनन**– १ से७ गुणस्थान तक छहों स हनन। (७ से ११ गुणस्थान तक ३ स हनन क्रमशः। १२,१३, १४ गुणस्थान में एक वज्रऋषभनाराच स हनन होता है।

**(२१) समुद्घात**–१ से ५ गुणस्थान तक (तीसरा छोडकर) ५ समुद्घात क्रमशः। तीसरे में दो– वेदनीय, कषाय। क्योंकि इसमें जीव मरता नहीं है और उत्तर वैक्रिय भी करता नहीं है। छट्ठे गुणस्थान में ६, केवली समुद्घात को छोड़कर। सातवें में ४–वेदनीय, मारणा तिक, वैक्रिय, आहारक। इसमें वैक्रिय आहारक समुद्घात छट्ठे गुणस्थान में प्रर भकी हुई होती है। क्यों कि वैक्रिय, आहारक योग होने से वे दोनों समुद्घात गिनी गई है। तेरहवें गुणस्थान में एक केवली समुद्घात। भगवतीसूत्र श.२५ में १०,११,१२ गुणस्थान में समुद्घात नहीं कही है, सूक्ष्मस पराय





चारित्र और निर्ग्रंथ निय ठा की अपेक्षा। उसके आधार से ८,९,१०,११, १२,१४ गुणस्थान में समुद्घात नहीं होती।

**(२२) शाश्वत**– १,४,५,६,१३ ये पाँच गुणस्थान लोक में शाश्वत त्त। शेष ९ गुणस्थान अशाश्वत हक्त, अल्पस्थिति होने से।

**(२३) एक समय में नया उपजे**–१ से ५ गुणस्थान में एक समय में जघन्य एक, उत्कृष्ट अस ख्य नये हो सकते। छट्ठे, सातवें में उत्कृष्ट अनेक हजार। आठ से दस गुणस्थान में उत्कृष्ट १६२। ११ वें में ५४। १२,१३,१४ में उत्कृष्ट १०८ नये हो सकते।

**(२४) परिमाण(पावे)**–पहले गुणस्थान में अन त जीव होते हक्त। दूसरे से पाँचवें तक अस ख्य जीव होते हक्त। छट्ठे गुणस्थान में सदा अनेक हजार करोड साधु–साध्वी(सच्चे)होते हक्त। सातवें में उत्कृष्ट अनेक सौ करोड हो सकते हक्त जघन्य १,२,३ भी होवे। आठ से १२वें गुणस्थान में उत्कृष्ट अनेक सौ होवे। तेरहवें गुणस्थान में सदा अनेक करोड केवली होवे। १४वें गुणस्थान में उत्कृष्ट १०८ होवे।

**(२५) अल्पाबहुत्व**– सबसे थोडे ग्यारहवें गुणस्थान वाले ५४। (अनेक सौ) १२ वें १४ वें वाले स ख्यात गुणे–१०८(अनेक सौ)। ८,९,१० गुणस्थान वाले परस्पर तुल्य स ख्यातगुणे, अनेक सौ। १३वें गुणस्थान वाले स ख्यातगुणे अनेक करोड़ पावे। सातवें वाले स ख्यात गुणे अनेक सौ करोड़। छट्ठे वाले स ख्यातगुणे, अनेक हजार करोड़। पाँचवें वाले अस ख्यगुणे। दूसरे वाले अस ख्यगुणे। चौथे वाले अस ख्यगुणे। उससे प्रथम गुणस्थान वाले अन तगुणे।

**प्रश्न–६ : तीसरे गुणस्थान में १० योग किस प्रकार समझें ?**

**उत्तर**– यह गुणस्थान नारकी देवता वगैरह चारों गति में होता है। तथापि इस गुणस्थान में कोई भी उत्तर वैक्रिय शरीर नहीं बनाते। जन्म मरण तो इस गुणस्थान में होता ही नहीं है। अतः तीन मिश्र योग और एक कार्मण योग तथा आहारक योग ये पाँच नहीं होने से १५–५=१० योग होते हक्त।

इस गुणस्थान की स्थिति अ तर्मुहूर्त मात्र की ही होती है।

इतने अल्प समय में उत्तर वैक्रिय करने का स योग नहीं होता है। उत्तर वैक्रिय नहीं करने से वैक्रिय मिश्र नहीं होता। जन्म मरण नहीं होने से औदारिक, औदारिकमिश्र और कार्मण नहीं होता। ये तीन तथा आहारक और आहारकमिश्र ये ५ कम होने से १० योग कहे हक्त ।

**प्रश्न-७ : पाँचवें और सातवें गुणस्थान में योग ११ होते हक्त या १२ होते हक्त ?**

**उत्तर-** इस गुणस्थान वाला मनुष्य और तिर्यंच प चेन्द्रिय जीव वैक्रिय शरीर बनाते हक्त तब वैक्रिय मिश्र और वैक्रिय दोनो योग होते हक्त और वैक्रिय से निवृत्त होकर पुनः औदारिक में प्रवेश करते समय पहले औदारिक मिश्र होता है फिर औदारिक योग होता है। ऐसा आगम कथित केवली समुद्घात के वर्णन से ज्ञात होता है। अतः इस गुणस्थान में आहारक, आहारक मिश्र और कार्मण इन तीन को छोडकर १५-३=१२ योग है। कर्मग्रंथ में ११ योग कहे गये है वहाँ औदारिक मिश्र नहीं माना गया है अर्थात् वहाँ वैक्रिय से सीधा औदारिक योग स्वीकारा है। औदारिक मिश्र मानने स ब धी अपेक्षा भेद के कारण यह अ तर है-थोकडा में १२ योग और कर्मग्रंथ में ११ योग कहे जाते हक्त ।

इसी अपेक्षा भेद से सातवें गुणस्थान में ११ योग कहे जाते हक्त। वहाँ वैक्रिय और आहारक समुद्घात का प्रारंभ नहीं होता है। अतः दोनों का मिश्र योग नहीं होता और दोनों समुद्घातों की समाप्ति भी वहाँ नहीं होवे इस अपेक्षा औदारिक मिश्र भी नहीं होवे। यदि वैक्रिय या आहारक की समाप्ति सातवें गुणस्थान में हो तो वहाँ औदारिक मिश्र स्वीकार करने पर सातवें गुणस्थान में भी पाँचवें गुणस्थान के समान १२ योग स्वीकारना होगा। जिसमें आहारकमिश्र वैक्रियमिश्र और कार्मण ये तीन योग कम होने से १५-३=१२ योग होंगे।

**सार-** वैक्रिय और आहारक समुद्घात से निवृत्त होकर औदारिक में आते समय औदारिक मिश्र होने या नहीं होने की मान्यता भेद से यह भिन्नता समझ लेनी चाहिये।





# परिशिष्ट-२

## सूरत से विमलकुमारजी नवलखा के प्रश्नों के उत्तर

[**इस पुस्तक का प्रूफ पढने के बाद भेजे गये ये प्रश्नोत्तर हक्त** ]

**प्रश्न-१**-धनुष और अ गुल आदि किस तरह माना गया है ?

**उत्तर-** चार गति के जीवों की अवगाहना जो शास्त्रों में धनुष, हाथ, अ गुल आदि में कही जाती है, उस अ गुल माप को **उत्सेधा गुल** कहा जाता है, ऐसे अ गुल शास्त्र में तीन प्रकार के कहे गये है और उनका उपयोग तीन तरह का अलग-अलग बताया गया है। वे तीन अ गुल इस प्रकार है-(१) प्रमाणा गुल (२) आत्मा गुल (३) उत्सेधा गुल।

**(१)** भरत चक्रवर्ती राजा की ५०० धनुष की शरीर की अवगाहना थी। उनकी एक अ गुल की जो चौडाई होती है उसे **प्रमाणा गुल** कहते है। उनके हाथ की कोहनी तक जो लम्बाई होती है उसे प्रामाणा गुल का एक हाथ कहा गया है और उनके दोनों हाथों को सीधा फैलाने से जो धनुष का माप होता है वह प्रमाणा गुल का धनुष होता है। लोक की सभी शाश्वत चीजों का, क्षेत्रों का, नदी, पर्वत, द्वीपसमुद्रों, नरक पृथ्वियों आदि का माप इस प्रमाणा गुल के धनुष से और इसके योजन से कहा जाता है।

**(२)** अपने-अपने किसी भी समय में जो प्रमाणोपेत सुडौल मानव हो उसके अ गुल, हाथ, धनुष का जो माप होता है उसे **आत्मा गुल** कहतेहक्त। यह आत्मा गुल प्रत्येक जमाने में भिन्न-भिन्न होता है। इस माप से अपने-अपने जमाने के घर, खेत, जमीन, दरवाजे, भवन आदि केमाप होतेहक्त। साधुचर्या में दो कोस आहार पानी ले जाने की मर्यादा भी आत्मा गुल से होती है अर्थात् २४वें तीर्थंकर के साधुओं के समय दो कोस छोटा होता है तो २०वें, १६ वें आदि तीर्थंकरों के समय कोस बडा होता है। इस प्रकार अपने-अपने जमाने के आवश्यक

माप उस समय के आत्मा गुल से होते हक्त । आत्मा गुल का हर जमाने में अलग-अलग माप बनता है जब कि प्रमाणा गुल और उत्सेधा गुल सदा एक निश्चित ईकाई वाले ही रहते हक्त ।

(३) आधा पाँचवाँ आरा बीतने पर जो मनुष्य होंगे, उस समय के अनुसार प्रमाणोपेत मनुष्य के अ गुल की जो चौडाई होगी, वह एक उत्सेधा गुल कहा गया है। उस मानव के हाथ की कोहनी से मध्यमा अ गुलि के नख तक जो ल बाई होगी, वह उत्सेधा गुल का हाथ कहा गया है और उस समय के मनुष्य चार हाथ के धनुष को उत्सेधा गुल का एक धनुष कहा गया है। उत्सेधा गुल का माप भी सदा स्थिर एक ही रहता है। इस उत्सेधा गुल के हाथ, धनुष, कोस आदि से चार गति के जीवों की अवगाहना शास्त्रों में कही जाती है। यों तो अपने हाथ से सभी मानव प्रायः ४ हाथ के अर्थात् अपने एक धनुष के होते हक्त। किन्तु शास्त्र में अवगाहनाएँ उत्सेधा गुल से कही गई है। जैसे प्रथम तीर्थंकर के समय भरत आदि की अवगाहना ५०० धनुष की कही गई है। वे भी अपने हाथ से तो ४ हाथ या एक धनुष के ही थे पर तु उत्सेधा गुल के धनुष की अपेक्षा ५०० धनुष के थे। अपने इस जमाने में हम अपने हाथ से करीब ४ हाथ अथवा एक धनुष के ही है किन्तु हमारी शास्त्रीय अवगाहना उत्सेधा गुल के माप से है उससे हम करीब डेढ धनुष के हक्त। पर परा अनुसार आधे पाँचवें आरे के समय प्रमाणोपेत मानव का हाथ, एक फुट के करीब माना गया है और वर्तमान के मानव का हाथ डेढ फुट के करीब देखा जाता है। इस **उत्सेधा गुल के माप से** भगवान महावीर स्वामी दो धनुष के करीब थे और ऋषभदेव भगवान ५०० धनुष के करीब थे। इसी माप से तीन कोस के युगलिये ६००० धनुष के होते हक्त। इस प्रकार ये तीनों प्रकार के अ गुल और इनका प्रयोजन-उपयोग **अनुयोगद्वार सूत्र** में कहा गया है।

**प्रश्न-२ : पाताल कलशे नीचे १ लाख योजन कहाँ से कहाँ तक है ?**

**उत्तर-** हमारी जो पृथ्वी, समभूमि है यह रत्नप्रभा पृथ्वी प्रथम नरक का ऊपरी छत ही है अलग कोई पृथ्वी नहीं है। इस हमारी समभूमि से यह प्रथम नरक का पृथ्वीपिंड़ नीचे एक लाख अस्सी हजार योजन





तक है। उसके बाद इस पृथ्वी का किनारा आ जाता है। पाताल कलशे लवण समुद्र में है। वह समुद्र १००० योजन ऊँड़ा है। उसकी नीचे की सतह-भूमि से पाताल कलश का मुख प्रार भ होता है और वहाँ से एक लाख योजन नीचे तक पाताल कलश का अ तिम किनारा है। यह पूरी एक लाख की उसकी ऊँडाई रत्नप्रभा पृथ्वी में ही समाविष्ट होती है क्योंकि ये कलश एक लाख योजन ऊँड़े हक्त और प्रथम नरक रत्नप्रभा पृथ्वी एक लाख अस्सी हजार योजन ऊँड़ी है। अतः पाताल कलशों को रहने की जगह इस रत्नप्रभा पृथ्वी में ही मिली हुई है और कहीं बाहर नहीं गये हुए हक्त। इन पाताल कलशों की ठीकरी १००० योजन की जाडी सर्वत्र ऊपर नीचे चौतरफ होती है। उसके सिवाय बीच का पोलार भाग होता है। इनका मुख स्थान और तलस्थान दस हजार योजन का ल बा-चौडा है और बीचोबीच में ये पाताल कलशे एक लाख योजन के चौडे हक्त। इस प्रकार एक हजार योजन का पानी है, फिर १ लाख योजन के कलश हक्त और फिर भी नीचे ७९०००योजन रत्नप्रभा पृथ्वी बाकी रहती है। व्य तरों के नगर, भवनपतियों के भवन और नारकी जीव इन सभी के स्थान जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र के नीचे नहीं होते। उसके बाद की भूमि में होते हक्त। अतः पाताल कलशों से किसी को बाधा नहीं आती है।

**प्रश्न-३ : सलिलावती विजय १००० योजन ऊँड़ी कैसे है ?**

**उत्तर-** यह एक विजय ही कुए जैसी ऊँड़ी हो वैसा नहीं समझना। मेरु पर्वत के पश्चिम से महाविदेह क्षेत्र की पूरी जमीन गोघाट जैसी ढ़लाव वाली है अर्थात् १७वीं विजय से २४ वीं विजय तक और ३२वीं विजय से २५ विजय तक यों कुल १६ विजय की भूमि क्रमशः नीचे-नीचे होती गई है। यों क्रमशः घटते हुए दोनों तरफ की सात-सात विजय तो ९०० योजन के तिर्च्छेलोक तक ही ऊँड़ी हुई है किन्तु अ तिम २४वीं सलिलावती और २५वीं वप्रा ये दो विजय साधिक ९०० से प्रारंभ होकर १००० योजन तक ऊँड़ी हो गई है। उन दोनों विजय के बाद शीतोदामुख वन भी नीचालोक में है। उसके बाद वहाँ लवण समुद्र की सीमा के पहले १२योजन चौड़ी जगती की भूमि है जो हजार

योजन ऊँची है। उस १००० योजन के बाद ऊपर आठ योजन ऊँची १२ योजन चौड़ी ज बूद्वीप की जगती(परकोटा) है। इस १२ योजन की जगती के बाद लवण समुद्र की क्षेत्र सीमा है। लवण समुद्र का पानी प्रार भ में तो ज्यादा ऊँडा नहीं है। क्रमशः ऊँड़ाई बढ़ती है। ९५००० योजन जाने पर १००० योजन की ऊँड़ाई पानी की होती है। अतः सलिलावती विजय के बाद तो सेकड़ों योजन तक नजीक में कहीं लवणसमुद्र का पानी है ही नहीं। अतः उसमें लवण समुद्र का पानी घुसने की शक्यता नहीं होती है। पश्चिम महाविदेह की सीतोदा महानदी का पानी लवण समुद्र की नीचे की भूमि में चलते-चलते ९५००० योजन जाने के बाद समुद्र के पानी में मिलता है अथवा बीच में ही भूमि में बिखर कर समाप्त हो जाता है। इस अपेक्षा से दो तीर्थंकर विहरमान अभी नीचा लोक में २४ वीं सलिलावती विजय में और २५ वीं वप्रा विजय में है। लोक के नक्शे में यह पश्चिम महाविदेह की ढ़ाल रूप विशेषता अनादि स्वभाव से है अर्थात् ढ़ाल कभी बनी नहीं है। प्रचलन में अधूरी बात प्रसिद्ध होने से मात्र सलिलावती विजय की बात ही चर्चा में आती है। जो कि समझ में नहीं जमे वैसी लगती है किन्तु पूरे पश्चिम महा विदेह की भूमि क्रमशः नीचे-नीचे ढ़लाव वाली है, यह बात समझ में आवे जैसी है।

**प्रश्न-४ : महाविदेह क्षेत्र में काल एक सरीखा होता है तो क्या वहाँ दिन-रात नहीं होते ?**

**उत्तर-** महाविदेह क्षेत्र में उत्सर्पिणी अवसर्पिणी रूप पुद्गल स्वभावों का परिवर्तन नहीं होता है। जिससे ६ आरों जैसा कालपरिवर्तन नहीं होता है। सदा केवल चौथा आरा जैसा पुद्गल स्वभाव बना रहता है। जिससे मनुष्यों की अवगाहना, स्थिति में भी बदलाव नहीं आता है। सदा एक करोड़ पूर्व की उत्कृष्ट उम्र एव ५०० धनुष की उत्कृष्ट अवगाहना होती है।

जो सूर्य चन्द्र हमारे यहाँ भरत क्षेत्र के ऊपर भ्रमण करते हक्त वे ही महाविदेह क्षेत्र में भी भ्रमण करते हक्त। अतः दिन रात आदि कालमान तो भरतक्षेत्र के समान वहाँ भी क्रमशः होता ही है।





**प्रश्न-५ : अढ़ाई उद्धार सागरोपम कितना होता है ? इससे द्वीप समुद्रों की स ख्या कैसे समझे ?**

**उत्तर-** एक योजन लम्बे, चौडे और ऊँड़े पल्य में उत्कृष्ट सात दिन के उगे हुए बालाग्र के अस ख्य ख ड़ करके ठूँस-ठूँस कर भरे जाय उसमें से एक सूक्ष्म समय में एक बालाग्र ख ड़ निकाला जाय और जितने समय में खाली होवे, वह काल एक सूक्ष्म उद्धार पल्योपम है, वैसे १० कोडाकोडी पल्योपम का एक उद्धार सागरोपम होता है। वैसे अढ़ाई उद्धार सागरोपम के जितने सूक्ष्म समय होते है उतने द्वीप समुद्र है अर्थात् अढ़ाई उद्धार सागरोपम के सूक्ष्म समयों के बराबर द्वीपसमुद्रों की स ख्या होती है। इस प्रकार एक सूक्ष्म समय में बालाग्र निकालने से **उद्धार** पल्योपम काल होता है। १००-१०० वर्षों से एक-एक बालाग्र निकालने से **अद्धा** पल्योपम सागरोपम होता है।एव उस एक योजन ल बे-चौडे पल्य के आकाशप्रदेश गिनने से **क्षेत्र** पल्योपम होता है। तीनों प्रकार से कुआँ(पल्य) खाली होने पर तीनों प्रकार के पल्योपम होते हक्त। उन्हें १० क्रोडाक्रोड से गुणा करने पर सागरोपम होता है। इन तीनों ही माप में अस ख्य वर्ष होते हक्त। अस ख्य और अन त की स ख्या को मात्र उपमा से समझ सकते हक्त। गिन्ती या स ख्या से अस ख्य और अन त को छद्मस्थ जीव नहीं समझ सकते ।

**प्रश्न-६ : देवलोक में एव ऊँचे-नीचे लोक में त्रस जीव कैसे गिने गये हक्त ?**

**उत्तर-** तिरछा लोक में सभी प्रकार के त्रसजीव होते हक्त पर तु देवलोकों में त्रस जीव केवल देवों को ही गिना गया है। उनके सिवाय कोई भी त्रस जीव देवलोक में नहीं होते हक्त।स्थावर में पाँचों प्रकार के सूक्ष्म एकेन्द्रिय देवलोकों में होते हक्त। बादर एकेन्द्रिय में तेउकाय देवलोको में नहीं होती एव बादर वनस्पति में प्रत्येक वनस्पति देवलोकों में नहीं होती, बादर साधारण वनस्पति और सूक्ष्म वनस्पति देवलोक में हो सकती है। साधारण वनस्पति (बादर निगोद) में क दमूल के सिवाय लीलण-फूलण, सेवाल, सिंगोड़ा आदि जलज वनस्पतियाँ वगैरह का भी समावेश होता है। सूक्ष्म वनस्पति तो सूक्ष्म निगोद रूप एक

ही प्रकार की होती है अर्थात् उसके एक शरीर में अन त जीव होते हक्त । चार स्थावर पृथ्वी आदि सभी जीव प्रत्येक शरीरी ही होते हक्त । उनके सूक्ष्म-बादर किसी में अन तकाय या अन तजीव नहीं होते। ऊँचा लोक में मेरु आदि पर्वतों की अपेक्षा सभी प्रकार के त्रस जीव वहाँ हो सकते है। नीचा लोक में भी सलिलावती और वप्रा दो विजयों की अपेक्षा एव १००० योजन ऊँडे समुद्रों की अपेक्षा ९०० योजन के बाद के १०० योजन में सभी प्रकार जलचर तिर्यंच त्रस जीव होते हक्त । पाताल कलशों के अ दर भी पानी में जलचर तिर्यंच त्रसजीव होते हक्त ।

**प्रश्न-७ : सूर्य चन्द्र की मेरु आदि पर्वत से और अलोक से दूरी किस तरह समझना ?**

**उत्तर-** यहाँ सूर्य चन्द्र नहीं बोल कर समुच्चय ज्योतिषी म डल की दूरी बोलना चाहिये। उसमें भी मुख्यता ताराम डल की होती है। क्योंकि शेष चारों ज्योतिषी विमानों की स ख्या अत्य त अल्प होती है, यथा- २ सूर्य २ चन्द्र ५६ नक्षत्र=१७६ ग्रह। जब कि तारा म डल की स ख्या क्रोड़क्रोड़ में होती है। इसलिये सर्वत्र तारों की बहुलता होने से प्रश्नोक्त दूरी तारों की अपेक्षा समझना। सूर्य चन्द्र तो अपने म ड़ल में भ्रमण करते हक्त। उनके म ड़ल तो मेरु आदि पर्वतों से और अलोक से ज्यादा दूर होते हक्त। मेरु पर्वत से ११२१ योजन दूरी तक में ज्योतिषी तारा विमान भी नहीं है और अलोक से तारा विमानों की दूरी ११११ योजन होती है। इस प्रकार ज्योतिषी म ड़ल का प्रार भ मेरु से ११२१ योजन दूर से होता है और ज्योतिषी म ड़ल का अ त लोका त से या अलोक से ११११ योजन पहले हो जाता है।

**प्रश्न-८ : व्य तर, परमाधामी और जृ भक देव कहाँ रहते हक्त ?**

**उत्तर-** अपनी समभूमि जो है वह प्रथम नरक रत्नप्रभा पृथ्वी का ऊपरी छत है। यह पृथ्वी नीचे १ लाख ८० हजार योजन की जाड़ी है। उसमें ऊपर १००० योजन तक की भूमि इस पृथ्वी का छत कहलाता है। उस छत में १०० योजन ऊपर और १०० योजन नीचे छोड़कर, बीच के ८०० योजन जाड़े क्षेत्र में व्य तर देवों के नगर हक्त। भूत, पिशाच,





यक्ष, राक्षस आदि आठ और आणपन्नी आदि आठ यों १६ प्रकार के व्य तरों के अस ख्य नगर हक्त। मेरु से उत्तर दिशा का लोक और दक्षिण दिशा का लोक ऐसे दो भाग कल्पित किये जाते हक्त। १६ व्य तरों के उत्तर के इन्द्र और दक्षिण के इन्द्र अलग-अलग होने से कुल ३२ इन्द्र व्य तर देवों के कहे गये हक्त। ये व्य तरों के नगर अस ख्यद्वीपों के नीचे की भूमि में हक्त, समुद्रों के नीचे नहीं है, क्यों कि समुद्र खुद हजार योजन ऊँड़े पानी से भरे होते हक्त। अत: वहाँ व्य तरों के नगरों के लिये जगह ही नहीं रहती है। व्य तरों के नगर भी मणिरत्नों के होने से सदा प्रकाशमान रहते हक्त। सूर्य का प्रकाश वहाँ नही है। ये देव पाताल में है तो भी इनका अपना देवलोक कहलाता है। जहाँ मनुष्य की अपेक्षा सभी प्रकार के अनुपम सुख एव सुविधाएँ होती है।

ये नगर कोई जघन्य भरतक्षेत्र जितने बड़े और उत्कृष्ट जम्बूद्वीप जितने होते हक्त, ऐसा पर परा से प्राप्त होता है। यहाँ मूलपाठ में ऐसा कोई स्पष्टीकरण नहीं है।

**जृ भकदेव** आणपन्नी आदि इन्द्रों के आधीनस्थ होते हक्त उनके स्वत त्र इन्द्र नहीं होते। जृ भक देव भी ८०० योजन में ही ऊपरी ८० योजन क्षेत्र में होते हक्त। विशेष में तिरछालोक के १७० दीर्घ वैताढ्य की द्वितीय श्रेणी में अर्थात् समभूमि से २० योजन ऊपर जाने पर जृ भकों के निवास है। क चनपर्वत, जमगपर्वत आदि गोपुच्छ स स्थान वाले पर्वतों पर भी जृ भक देवों का निवास स्थान तिरछालोक में है ।

**परमाधामी देव** असुरकुमार जाति के भवनपति देवों में समाविष्ट है। इनकी उम्र उत्कृष्ट १ पल्योपम की होती है। अत: ये देव नारकी जीवों को दु:ख देने के लिये प्रथम नरक तक ही जा सकते है, ऐसा स्वीकार करना चाहिये। व्य तर भी १ पल्योपम की उत्कृष्ट स्थिति वाले होने से प्रथम नरक में ही जा सकते हक्त ऐसा भगवती सूत्र में कथन है। असुरकुमार देव १ सागरोपम की उत्कृष्ट उम्र होने से तीसरी नरक तक जा सकते हक्त और वैमानिक देव उम्र की योग्यता अनुसार पहली नरक से सातवीं नरक तक जा सकते है। परमाधामी देवों का निवास असुरकुमार जाति के देवों के साथ में है। जो समभूमि से नीचे ४०००० योजन

जाने पर प्रथम नरक पृथ्वी के अ दर तीसरे आ तरे में है। अर्थात् प्रथम नरक के ३ पाथड़े और २ आ तरे पार करने के बाद तीसरे आ तरे में कुछ दूर जाने पर भवनपति देवों में असुरकुमारों के भवनावास आते हक्त। फिर क्रमशः १२वें आ तरे तक १० भवनपतियों के स्तनितकुमार देवों तक के भवनावास हक्त। कहीं कहीं दूसरे आ तरे से ११ वें आ तरे तक का कथन भी मिलता है किन्तु वह कथन भगवती सूत्र के चालीस हजार योजन के पाठ से विपरीत होता है। क्योंकि समभूमि से चालीस हजार योजन तीसरे आ तरे में ही पूरे होते हक्त।

**प्रश्न-९ : तारा विमानों की स ख्या अत्यधिक है तो उनमें परस्पर कितना अ तर होता है ?**

**उत्तर-** ताराओं का परस्पर अ तर दो प्रकार से होता है- स्वाभाविक और व्याघात की अपेक्षा। (१) स्वाभाविक रूप से ताराओं का परस्पर अ तर जघन्य ५०० धनुष होता है और उत्कृष्ट दो कोस होता है। यह न्यूनतम और अधिकतम अ तर है मध्यम कोई भी हो सकता है। (२) व्याघात की अपेक्षा- तारों के चलने के मार्ग में कहीं पर्वत या पर्वत के कूट आवे तो उस क्षेत्र की सीध में चलने वाले ताराओं में परस्पर अ तर सदा के लिये अधिक ही होता है अर्थात् उस पर्वत या कूट की चौडाई+आठ आठ योजन उस पर्वत या कूट से दूरी भी रहती है।

जो पर्वत या कूट ७९० योजन से ऊँचे होते हक्त वे ही इन ताराओं के मार्ग में आते हक्त। यथा- निषध और नीलपर्वत ४०० योजन ऊँचे हक्त उस पर कूट पाँचसो योजन ऊँचे हक्त। वे कूट ताराओं के मार्ग में व्याघात रूप में आते हक्त। ज्योतिष म डल के क्षेत्र में ये कूट २५० योजन चौडे होते है। वहाँ कूट के पूर्व और पश्चिम में चलने वाले ताराओं का अ तर २५०+८+८=२६६ योजन होता है। २५० योजन से कम चौडे कोई पर्वत या कूट तारों के बीच मार्ग में नहीं आते हक्त।

ताराओं का उत्कृष्ट व्याघात मेरु पर्वत से होता है। मेरु ताराओं के भ्रमण क्षेत्र में १०००० योजन चौडा है और ताराम डल मेरु से ११२१ योजन चारों तरफ दूर ही रहते हक्त। अतः पूर्व और पश्चिम के ताराओं का परस्पर व्याघात की अपेक्षा उत्कृष्ट अ तर मेरु पर्वत की अपेक्षा





१००००+११२१+११२१=१२२४२ योजन का होता है। मध्यम व्याघात ७९० योजन से अधिक ऊँचे पर्वत वृत वैताढ्य, जमगपर्वत आदि के द्वारा बनती है। इससे ज्ञात होता है कि ताराविमान या कोई भी ज्योतिषी विमान मेरु के सिवाय अन्य ऊँचे पर्वतों से ८ योजन दूर ही चलते हक्त।

# परिशिष्ट-३

## मात्र जिनकल्प ही एकल विहार है क्या आगमो में ?

जैनप्रकाश, दिल्ली में प्रकाशित उदयमुनि के निब ध का यह उत्तर है।

***इस विषय में जिनकल्पी विशिष्ट साधकों के नाम से एका तिक निरूपण किया जाना यथार्थ और परिपूर्ण नहीं होता है किंतु अयथार्थ और अपरिपूर्ण(अधूरा) कथन होता है। क्यों कि आगमों में सपरिस्थिक अल्प पुण्या शों वाले एकाकी विहारचर्या वालों का भी वर्णन किया गया है।***

(१) उत्तराध्ययन सूत्र अध्ययन-२७ में गर्गाचार्य के ५०० शिष्यों में से एक भी अनुकूल नहीं रहा। तब दुःखी होकर सब को छोडकर एकाकी विचरना म जूर किया। यहाँ कोई भी जिनकल्प आदि या गुरु आज्ञा वगैरह की कोई बात नहीं है। मात्र पापकर्मों के या अनादेय नाम कर्म के कारण अकेले रह कर भगवान महावीर के शासन में मोक्षगामी हुए, ऐसा स स्कृत टीका एव हिंदी व्याख्याओं में स्पष्टीकरण मिलता है।

(२) उत्तराध्ययन सूत्र अध्ययन-३२, गाथा ४-५ में ऐसे सपरिस्थितिक अर्थात् खुद के पुण्या शों की कमी से कोई समाधिकारक निपुण सहायक नहीं मिले तो साधु अपनी समाधि कायम रखने के लिये **एक्को वि पावाइ विवज्जय तो विहरेज्ज-** पापों से बचता हुआ अकेला भी विचरण कर सकता है। यह भी परिस्थितिक, स योगिक एकलविहार की शास्त्राज्ञा है।

(३) दशवैकालिक सूत्र की चूलिका-१, गाथा-१० में भी इसी प्रकार के कर्मों के कारण अकेला रहने की सपरिस्थितिक आज्ञा सूत्र में दी गई है। विक्रम की आठवीं शताब्दी में हुए आचार्य अगस्त्य सि ह सूरि ने इसकी चूर्णि-टीका करते हुए लिखा कि अब आगे की गाथा-११,१२ आदि में

शास्त्रकार श्री स्वय भवाचार्य ने अकेले सकारण रहने वाले साधु को क्या क्या सावधानियाँ रखनी चाहिये, उन बातों का वर्णन किया है। वास्तव में वहाँ गाथा-११ से १६ तक सपरिस्थितिक अकेले रहना पडे ऐसे श्रमण के लिये अनेक सावधानियाँ सूचित की है। यह भी वर्णन जिनकल्पी आदि का नहीं है।

(४) सूत्रकृता ग सूत्र अध्ययन-१०, गाथा ११/१२ में भी सपरिस्थितिक एकलविहार का वर्णन है। वहाँ आधाकर्मी आहारपानी करने वालों के साथ रहने का(निषेध) वर्जन बताते हुए **आखिर वैसी परिस्थिति में सयम शुद्धि हेतु अकेला रहना भी स्वीकार करले, ऐसा करने से भी मोक्ष हो सकता है, इसमें स देह करने की जरूरत नहीं है,** ऐसा कहा है, यथा- **एगत्तमेय अभिपत्थएज्जा=**परिस्थितिवश साधु अकेला रहना भी **अभिपत्थएज्जा=**स्वीकार कर ले। **एव पमोक्खो=** ऐसा करने से भी मोक्ष हो सकता है। **ण मुस ति पास=**इसे असत्य मत समझो अर्थात् स यम शुद्धि, आत्मसमाधि के लिये अकेले रहकर भी साधना की जा सकती है। **एसप्प-मोक्खे, अमुसे, वरे वि=**इस प्रकार मोक्ष होना मृषा नहीं है और श्रेष्ठ भी है। यह उपरोक्त दो गाथाओं का अर्थ शब्दार्थ है। इस प्रकार यहाँ भी स यम शुद्धि के लक्ष्य से एव पुण्या शों की कमी वाले को अच्छा स योगाभाव में अकेले रहने की एव कल्याण करने की पूरी प्रेरणा की गई है।

(५) ज्ञातासूत्र में-२०६ साध्वियों का अकेले रहने का शास्त्रकार ने वर्णन भी किया और उन सभी को एक भव करके देवगति के बाद मोक्ष जाने का भी बता दिया है। जिससे एकलविहार को अन त कर्मस सार बढाने वाला कहने वाले विद्वान लेखक लोग स्पष्ट ही उत्सूत्र प्ररूपक होते हक्त। जब कि साधु के प्रकरण में व्यवहार सूत्र में आचार्य उपाध्याय को अकेले रहने की मनाई है। सामान्य साधु को अकेले की मनाई वहाँ नहीं है। और वहाँ व्यवहारसूत्र में साध्वी को अकेले रहने, विचरने, गोचरी जाने आदि की अनेक सूत्रों से मनाई की है किंतु अकेले साधु की मनाई का वहाँ एक सूत्र भी नहीं है। वहीं पर मात्र आचार्य उपाध्याय पदवीधरों को अकेले विचरने की स्पष्ट मनाई है। यहाँ ज्ञातासूत्र में भी साध्वियों के वर्णन से स्थविरकल्पी के एकल विहार को, सकारणता या प्रकृतिवश





के एकल विहार को बताया है न कि जिनकल्प को। क्यों कि साध्वियाँ जिनकल्पी होती नहीं है फिर भी उन २०६ सभी अकेली साध्वियों को एक भव से मोक्ष होना भी सूत्र में बता दिया है। जब कि साध्वी को अकेले नहीं रहने का स्पष्ट विधान **मूलपाठ व्यवहार सूत्र में** है तो भी यहाँ ज्ञातासूत्र में २०६ में से एक भी साध्वी के लिये सूत्रकार ने अन त स सार भ्रमण का कथानक नहीं कहा है। जब कि वहाँ व्यवहारसूत्र में साधु के अकेले रहने के निषेध नहीं है तो भी आज के विद्वान निब धकार लोग एका त रूप से अन त कर्मस सार बढाना कहते हक्त, मानो वे ही सर्वज्ञ बन गये हैं और मासिक, धार्मिक पत्रिकाओं पर उन्होंने ही अधिकार जमा रखा हो। मासिकपत्र वाले भी मानो उनके ही खरीदे हुए गुलाम जैसे बने रहते हक्त। वे सच्चे आगमिक निब ध छापने से मुँह छिपाते रहतेहक्त।

(६) युवाचार्यश्री मधुकरमुनि म.सा. के नेतृत्व वाली आगम बत्तीसी के व्यवहार सूत्र उद्देशक-८, सूत्र-५ का मूलपाठ अर्थ और विवेचन पृष्ट-४०६ से यहाँ अक्षरशः उद्धृत किया जा रहा है-

**सूत्र :- थेराण थेरभूमिपत्ताण कप्पइ द डए वा भ डए वा छत्तए वा मत्तए वा लट्ठिया वा भिसे वा चेले वा चेलचिलिमिलिं वा चम्मे वा चम्मकोसे वा चम्मपलिच्छेयणए वा अविरहिए ओवासे ठवेत्ता गाहावकुल पिंडवाय पडियाए पविसित्तए वा णिक्खमित्तए वा। कप्पइ ण सण्णियट्टचारीण दोच्च पि उग्गह अणुण्णवेत्ता परिहरित्तए।**

**सूत्रार्थ-** स्थविरत्व प्राप्त(एकाकी) स्थविरों को दड, भाड, छत्र, मात्रक, लाठी, काष्ठ का आसन, वस्त्र, वस्त्र की चिलमिलिका, चर्म, चर्मकोष और चर्मपरिच्छेदनक इत्यादि कोई भी उपकरण अविरहित स्थान में रखकर अर्थात् किसी को स भलाकर गोचरी के लिये जाना-आना कल्पता है। भिक्षाचर्या करके पुनः लौटने पर जिसकी देखरेख में द डादि रखे गये हक्त, उससे दूसरी बार आज्ञा लेकर अपने ही उन उपकरणों को ग्रहण करना कल्पता है।

**विवेचन-** इस सूत्र में ऐसे एकाकी विचरण करने वाले भिक्षु का वर्णन

है जो आचा.श्रु.१, अ.६ उ.२, सूय.श्रु.१ अ.१०, उत्तरा. अ.३२ गा. ५ तथा दशवै.चू.२ गा.१० में निर्दिष्ट सपरिस्थितिक एकलविहारी है। साथ ही शरीर की अपेक्षा वृद्ध या अतिवृद्ध है, **स्थविरकल्पी** सामान्य भिक्षु है और कर्मस योग से वृद्धावस्था तक भी वह अकेला रहकर यथाशक्ति स यम पालन कर रहा है।

शारीरिक कारणों से उसे अनेक औपग्रहिक उपकरण रखने पड रहे हैं। उन सभी उपकरणों को साथ लेकर गोचरी आदि के लिये वह नहीं जा सकता है। उसे असुरक्षित स्थान रहने को मिला हो तो वहाँ उन उपकरणों को छोडकर जाने पर बच्चे या कुत्ते उन्हें तोडफोड दें या लेकर चले जाएँ अथवा चोर चुरा ले इत्यादि कारणों से सूत्र में यह विधान किया गया है कि वह वृद्ध भिक्षु अपने उपकरणों की सुरक्षा के लिये किसी को नियुक्त करके जाए या पास ही कोई बैठा हो तो उसे सूचित करके जाए और पुनः आने पर उसे सूचित कर दे कि मैं आ गया हूँ, उसके बाद ही उन उपकरणों को ग्रहण करे। शारीरिक स्थितियों से विवश अकेले वृद्ध भिक्षु के लिए भी इस सूत्र में जो अपवादों का विधान किया गया है, इससे यह स्पष्ट होता है कि सूत्रकार की या जिनशासन की एकलविहारी श्रमणों के प्रति अत्य त उदार एव अनेका त दृष्टि है।

सूत्रोक्त वृद्ध भिक्षु चलते समय सहारे के लिये दड या लाठी रखता है, गर्मी आदि से रक्षा के लिये छत्र रखता है, मल-मूत्र-कफ आदि विकारों के कारण अनेक मात्रक रखता है, मिट्टी के घडे आदि भाड भी रखता, अतिरिक्त वस्त्र-पात्र रखता है, मच्छर आदि के कारण मच्छरदानी भी रखता है, बैठने में सहारे के लिये भृसिका-काष्ठ आसन रखता है, चर्मख ड, चर्मकोष(उपानह-जूता आदि)या चर्मछेदनक भी रखता है अर्थात् इनमें से अपने आवश्यक उपयोगी कोई भी उपकरण रखता है। उनमें से जिन उपकरणों की गोचरी जाने के समय आवश्यकता न हो उनके लिये सूत्र में यह विधान किया गया है। विशिष्ट साधना वाले पडिमाधारी या जिनकल्पी भिक्षु औपग्रहिक उपकरण रखने आदि के अपवादों का सेवन नहीं करते हक्त और गच्छगत भिक्षु की ऐसी सूत्रोक्त





परिस्थिति होना स भव भी नहीं है, क्यों कि गच्छ में अनेक वैयावृत्य करने वाले साधु होते हक्तअत: परिस्थितिवश स्थविरकल्प वाले सामान्य बहुश्रुत भिक्षु भी जीवनपर्यंत एकाकी रहकर यथाशक्ति स यममर्यादा का पालन करते हुए विचरण कर सकता है, यह इस सूत्र के मूल पाठ से स्पष्ट होता है। खासियत तो यह है कि ऐसे अपवाद सेवन रूप उपकरणों को रखने वाले अकेले साधु के लिये भी शास्त्रकारों ने विधान रूप में सूत्र में स्थान दिया है। तो भी हमारे विद्वान गिने जाने वाले निष्ठुर बनकर उत्सूत्र प्ररूपणा कर के स तोष मानते है।

(७) व्यवहारसूत्र, उद्देशक-६, सूत्र-६, ७ में अकेले भिक्षु को कैसे उपाश्रय में नहीं रहना और कैसे उपाश्रय में रहना हो तो किस विधि से रहना इस बात का खुलाशा किया गया है। यह विधान भी सपरिस्थितिक अकेले साधु की अपेक्षा है। इसमें अल्प श्रुतज्ञानी और बहुश्रुत दोनों के लिये विधि और निषेध के सूचन है। अत: ये दोनों सूत्र भी जिनकल्पी पडिमाधारी की अपेक्षा नहीं है और इन सूत्रों में अकेले साधु का उल्लेख स्पष्ट है। देखने के लिये आगम समिति ब्यावर से(मधुकर मुनि का) छपा व्यवहारसूत्र पृष्ट-३८०, ३८१ पूरा देखा जा सकता है ।

इस प्रकार के अनेक आगम प्रमाणों की उपेक्षा करके आज के विद्वान कहे जाने वाले श्रमण अधिकतम कथाओं की बातें लेकर और सूत्र की एकपक्षीय बातों से मनचाहा उत्सूत्र प्ररूपण करते हक्त एव उसे आगम के प्रगाढ ज्ञान के अनभिज्ञ स पादक छाप भी देते हैं। यही पूरे समाज के पत्रकारों की दशा है। कम से कम आगम के नाम की बातें छापने में स पादकों को बहुत सतर्क होना चाहिये। लेखक लोग भगवान और आगम के नाम से मात्र पर परावादी उत्सूत्री और एका तवादी लेखन करते हक्त। जब कि शास्त्रकार ने एकलविहार के स ब ध में कितनी उदारता वर्ती है यह उपर बताये गये आगम प्रमाणों से सूज्ञ विद्वान समझना चाहे तो समझ सकते है। तदुपरा त पर परा को लेकर बैठने वाले एव तोतारट त करने वालों को कुछ भी समझ में नहीं आ सकता। क्यों कि कवि के शब्दों में कहा गया है-

**ज्यों कीडी मुख लवण ग्रही ने, शक्कर ढिग पर जावे ।**
**लवण त्याग किया बिन कीडी, शक्कर स्वाद न पावे ॥१॥**

इसी तरह खोटी पकडी पर परा, आगम विपरीत धारणा आदि का त्याग का लक्ष्य जब तक नहीं होगा तब तक आगम के और भी पचासों दृष्टा त दे दिये जाय तो भी दुराग्रह का त्याग किये बिना वे जँच नहीं सकते ।

इस प्रकार स्थविर कल्पी में अनेकों प्रकार के एकलविहारी आगम प्रमाणों से सिद्ध है फिर भी बडे बडे विद्वान कहे जाने वाले उत्सूत्र प्ररूपणा कर एकलविहारी स तों के प्रति अपनी निर्दयता और आक्रोश भरी दृष्टि से समय समय पर बरसते रहते हक्त ।

वास्तव में एकलविहारी स त अपनी परिस्थितिक लाचारी को स्वीकार करते हुए सही श्रद्धा प्ररूपणा, तप-स यम, ज्ञान-ध्यान से ज्ञातासूत्र की साध्वियों के समान कल्याण कर भी सकते हक्त किन्तु उनके नाम से एका तिक और खोटी प्ररूपणा करने वालों को खुद ही सोचने समझने का प्रयत्न करके अपने मानस को तथा अह को सुधारने का प्रयत्न करना चाहिये। चातुर्मास सूची २००९ में १४ एकल विहारी आचार्य शिवमुनि की आज्ञा में छपे है और गुजरात की एक स प्रदाय में १७ मुनिराज के १३ चातुर्मास छपे हक्त जिसमें गच्छाधिपति सहित नौ अकेले स तों के चातुर्मास होते हक्त। वे भी सभी स प्रदाय की आज्ञा में हक्त। अकेले स त और अकेले दुकेली साध्वी अपने कर्मों के किसी भी उदय विचित्रता से जिन शासन में सदा से होते आये हक्त। शास्त्रकारों ने उनके साथ उदारता वर्ती है अर्थात् अकेली साध्वियों को भी आगम अ गसूत्र में स्थान दिया है और एक भव करके मोक्ष जाना भी कह दिया है। आज के एका तवादी पडितों की बुद्धि में तो एकलविहारी के लिये आगम में ऐसा मोक्ष होना, मिलना ईर्ष्या का फलदायी होगा। विचित्र कर्मों से ५०० साधुओं को छोडकर अकेले रहने वाले गर्गाचार्य को भी शास्त्रकार ने तिरस्कृत और नरकगामी नहक्त बताया है। व्यवहारसूत्र आचार्य भद्रबाहुस्वामी १४ पूर्वी का हक्त उसमें अकेले अति वृद्ध स त का कितना अनुग्रह भरा वर्णन है





कि वे सकारण अकेले तो है तथापि शरीर की परिस्थिति से अनेक आश्चर्य उपजावें वैसे उपकरण भी उनके पास हो सकते हक्त- छत्र आदि, तो भी शास्त्रकार ने उनका तिरस्कार युक्त वर्णन या निंदात्मक वर्णन न करके विधानात्मक वर्णन अनुक पा भरा किया है कि अपना सामान किसी के स रक्षण में रखकर गोचरी जावें ।

आज समाज में कितने ही आज्ञा में एकलविहारी है उदार गुरुओं के कारण तथा अनुदार गुरुओं के कारण अनाज्ञा में एकलविहारी है । किंतु है सभी अपनी अशुभ कर्मदशा, अ तरायकर्म, अनादेय नामकर्म या प्रकृति दोष आदि किसी भी अशुभ कर्मता के कारण है । दशवैकालिक सूत्र में दो चूलिका है पहली चूलिका में ऐसे अ तराय आदि कर्म वालों को अकेले रहने की प्रेरणा एव सावधानी कही गई है और दूसरी चूलिका में किसी भी परेशानी में स यम छोडने की स्पष्ट मनाई हिदायत करी है। दोनों चूलिकाओं का मिलकर तात्पर्य यह कि कैसे भी कर्म स योग है, स यम नहीं छोडकर अकेले रहकर कर्मों को निभा लेना बहेतर है। ऐसे अपने अशुभ कर्मों को पाटने वाले, साधुपने में रहने वाले सभी एकाकी श्रमण अनुक पा पात्र है। अतः विद्वान कहे जाने वालों को अनेका तिक विधानों से भरे आगम के नाम से आये दिन एका तवादी अशुद्ध प्ररूपणा करके अपनी विद्वत्ता का दुरुपयोग नहीं करना चाहिये ।

०००००००

## इस पुस्तक में

**प्रूफ सहयोग :** श्री विमलकुमार जी नवलखा, सूरत
**सेटींग सहयोग :** श्री जिज्ञेश जोशी, राजकोट ।